GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# उपजिलाधिकारी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

पाली (एसएनबी)। पाली ब्लॉक के बरईपार में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के तीसरे दिन एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने जांच की।

**बरईपार में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट का मामला**

जांच के दौरान विस्फोट वाली फैक्ट्री का संचालन मानक के खिलाफ मिला है। एसडीएम ने रिपोर्ट में पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है। शनिवार की रात को आफताब की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन मानक के खिलाफ पटाखा फैक्ट्री के संचालन को लेकर सवाल उठने लगे। फैक्ट्री के पास ही ट्रांसफार्मर, बिजली का तार स्थित है। इसके अलावा आबादी से महज दो सौ मी की दूरी पर स्थित है, जबकि यह मानक के खिलाफ है। सोमवार को बरईपार जांच करने पहुंचे एसडीएम सचिन सिंह ने जमीनी हकीकत देखी। इसके साथ ही आबादी भी काफी नजदीक है। एसडीएम ने मकबूल व मुमताज से अपनी फैक्ट्री व दुकान आबादी से दूर करने के आदेश दिए। इसके अलावा राजस्व टीम से जमीन की पैमाइश व आबादी से दूरी नापने के निर्देश दिए।

# पूर्व के अपराधियों कि गतिविधियों पर रखें नजर : एसएसपी

कककरही (एसएनबी)। शनिवार को आयोजित तहसील दिवस पर पंहुचे एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने थाना गोला पर दक्षिणी क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश। एसएसपी द्वारा थाना गोला पर दक्षिणी क्षेत्र के सभी थानों के चौकी प्रभारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से वाहन चोरी, नकबजनी व छिनैती की घटनाओं के संबंध में चर्चा किया। उनके द्वारा विगत 1 वर्ष में हुई सभी घटनाओं की समीक्षा



करते हुए आने वाले दिनों में घटनाओं की रोकथाम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व के अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अपराधियों पर कठोर कार्यवाही की जाए। साथ ही साथ सभी चौकियों के भवन व उनमें उपयोग आने वाले सभी संसाधनों पर भी चर्चा की गई व नई चौकियों के स्थापना के लिए राजस्व अधिकारियों व स्थानीय जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर निर्माण व जीर्णोद्धार करने के भी निर्देश दिए गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी गोरखपुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी व जान से मारने का केस दर्ज

चरगावां (एसएनबी)। चिलुआताल थाना क्षेत्र के फत्तेपुर डिहवा निवासी से एक व्यक्ति विश्वास में लेकर जमीन दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपए हड़प लिया। अब रुपए मांगने पर गाली एवं जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोर्ट के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली गलौज,जान से मारने की धमकी एवं एससीएसटी का केस दर्ज कर ली है। गुलरिहा क्षेत्र के कनकटी उर्फ इटहिया निवासी प्रेम शर्मा पुत्र जोगिंदर जमीन का कारोबार करता है। जिससे चिलुआताल क्षेत्र के फत्तेपुर डिहवा निवासी रामप्रीत धूसिया की जान पहचान है। रामप्रीत का आरोप है कि प्रेम शर्मा जमीन दिलाने के नाम 7 नवंबर 2018 को 30 हजार एडवांस लिया तथा एक वर्ष में जमीन दिलाने का वादा किया।

# एसएसआई को मिला गोल्ड मेडल

सिकरीगंज (एसएनबी)। सिकरीगंज थाने में तैनात एसएसआई संजय कुमार सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए थानाध्यक्ष मनीष कुमार यादव के हाथों गोल्ड मेडल पहनाकर सोमवार को सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए उन्हें देवरिया जिले के बघौचघाट में वर्ष 2021 में एसओ के पद पर कार्यरत रहते हुए एक ब्लाइंड हत्या कांड का खुलासा करने के दौरान वहां के एसपी डा. श्रीपत मिश्र द्वारा नाम भेजा गया था। एसएसआई संजय कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में देवरिया जिले के बघौचघाट थाने में एसओ के पद पर कार्यरत रहते हुए अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारीपूर्वक व साफ-सुथरी छवि के साथ निभाते हुए एक ब्लाइंड हत्या कांड का खुलासा किया था। इस कार्य से प्रभावित होकर देवरिया के एसपी डा. श्रीपत मिश्र ने मेडल के लिए नाम भेजा था जो अब प्राप्त हुआ है। इस दौरान एसआई अजीत यादव, प्रदीप कुमार पांडेय, पवन उपाध्याय, विभा शुक्ला, अखिलेश यादव आदि मौजूद थे।



# तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने अलग-अलग मुकदमों में वांछित चल रहे दो बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए क्रमशः दस व पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। शाहपुर थाना पर दर्ज मुअसं 702/22 धारा 3(1) यू0पी0 गै0एक्ट में फरार चल रहे बदमाश सुमित कुमार निषाद पुत्र शिवकुमार निषाद निवासी जंगल धूषण हसनगंज थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया है। इसी क्रम में मुअसं 702/22 धारा 3(1) यू0पी0 गै0एक्ट में फरार चल रहे अपराधी मिंटु अली पुत्र नूर मोहम्मनद निवासी अहिरौली दुबौली टोला तकिया जनपद गोपालगंज बिहार की गिरफ्तारी हेतु 10-10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया है। इसी प्रकार थाना हरपुर बुदहट पर दर्ज मुअसं 118/22 धारा 363/120 बी भा0द0वि0 में फरार चल रहे बदमाश विनय कुमार उर्फ वीनू साहनी पुत्र स्व. रघुनाथ निवासी ग्राम ठेकईछपार कस्बा संग्रामपुर थाना खजनी जनपद गोरखपुर की गिरफ्तारी हेतु पांच हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया है।

# बेलीपार थाने पर तैनात दारोगा व सिपाही निलंबित

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बेलीपार थाने पर तैनात दारोगा दीपक गुप्ता एवं आरक्षी रितेश यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों पुलिसकर्मियों पर कर्तव्यों के प्रति लापरवाही, शिथिलता, स्वेच्छाचारिता एवं घोर अनुशासनहीनता बरतने के आरोप है।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित अभियुक्त को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजकरन पुत्र महेन्द्र प्रसाद निवासी कठघरही कईटोला थाना रामकोला जनपद कुशीनगर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 363, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में एसआई ओम प्रकाश सिंह व आरक्षी धीरज सोनी शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

बड़हलगंज। बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्की पासवान पुत्र इन्द्रजीत पासवान निवासी अम्बे टाकिज थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 147, 148,149, 336, 324, 352, 307, 506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसएसआई संतोष कुमार सिंह व आरक्षी अरविंद सिंह शामिल रहे।

# लूट की मोबाइल के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

झंगहा (एसएनबी)। लूट की मोबाइल के साथ दो बदमाशों को झंगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट में प्रयुक्त हुई बाइक को भी बरामद कर सीज कर दिया है। दोनों ने साइकिल से घर जा रहे एक बच्चे की मोबाइल लूट लिया था और फरार हो गए थे। पुलिस ने महज 12 घंटे के अंदर दोनों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम आकाश निषाद पुत्र हरिलाल निषाद निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया व मंजेश निषाद पुत्र रामाज्ञा निषाद निवासी सरहसवन जग्गू टोला थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया बताया। पुलिस आरोपितों को आईपीसी की धारा 392 व 411 के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में एसआई शुभम श्रीवास्तव, आरक्षी अरविंद यादव व आरक्षी व्यास यादव थाना झंगहा शामिल रहे।

# विशेष अभियान में 367 वांछित गिरफ्तार

गोरखपुर(एसएनबी)। गोरखपुर परिक्षेत्र के चारों जनपदों में आईजी रेंज गोरखपुर जे रविन्द्र गौड के निर्देश पर अभियान चलाया गया जिसमें पुलिस ने 367 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिसमें 298 वारंटी व 69 वांछित अपराधी शामिल है। आईजी जे रविन्द्र गौड़ ने गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर व देवरिया के पुलिस प्रमुखों को निर्देश दिया कि विशेष अभियान के तहत परिक्षेत्र के चारों जनपद में शनिवार की शाम से रविवार की रात्रि तक एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें गोरखपुर पुलिस ने 84 वारंटी व 12 वांछित अपराधी, देवरिया पुलिस ने 53 वारंटी एवं 26 वांछित अपराधी कुशीनगर पुलिस ने 108 वारंटी एवं 25 वांछित अपराधी तथा महाराजगंज पुलिस ने 53 वारंटी एवं छह वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आईजी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए यह अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। उनकी गिरफ्तारी से न्यायालय के कार्यों में गतिशीलता आएगी जिससे वादों का निस्तारण समय से होगा।

# वाइन नहीं खरीदी तो ली जान, पुलिस के सामने हंसता रहा हत्यारा

गगहा में शनिवार को सड़क पर मिला था खून से लथपथ शव



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 Aug):** गगहा में एक व्यक्ति ने शराब नहीं पिलाई तो उसके साथी ने उसका गला रेतकर हत्या कर दी. यही नहीं आरोपी की एक व्यक्ति से दुश्मनी थी, इसलिए उसे फंसाने की नियत से मृतक के परिजनों को झूठी सूचना भी दे दी कि उसका संदीप नाम के युवक से विवाद हो गया है. ताकि, उसपर शक न जाए और संदीप फंस जाए, हालांकि, पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसके पास से हत्या में प्रयोग किया गया चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है. आरोपी की पहचान गगहा गजपुर भाटपार के रहने वाले राजू पुत्र बृजेश के रूप में हुई. ये बातें घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह और सीओ बांसगांव प्रशाली गंगवार ने बताई.

### सड़क किनारे मिला शव

बीते शनिवार को गगहा के एसआरपीजी कॉलेज के सामने बांसपार रोड पर सड़क के सटे एक खेत में एक व्यक्ति की लाश पड़ी थी. सुबह को खेत की तरफ टहलने गए ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी. गले के दाहिने हिस्से पर धारदार हथियार से गला रेता गया था. शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान भी मिले थे.

### गांव का ही था मृतक

उसकी पहचान गगहा इलाके अंतर्गत गजपुर के चौबे टोला निवासी शंकर निषाद (58) के रूप में हुई. वह गजपुर सीयर चौराहे पर एक कबाड़ की दुकान में काम करता था. घटना के बाद पुलिस इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुटी हुई थी. पुलिस की पूछताछ में आरोपी राजू ने बताया, मृतक शंकर साहनी ने उससे एक हजार रुपया उधार लिया था. जिसे वह बार-बार मांग रहा था. लेकिन, मृतक उसका पैसा नहीं दे रहा था. 18 अगस्त शनिवार को आरोपी राजू के पास शराब पीने के लिए पैसे नहीं थे. उसने शंकर साहनी से कहा कि मेरा पैसा मुझे दे दो. लेकिन, मृतक ने उसे पैसा नहीं दिया गया. इस बात को लेकर राजू शंकर से नाराज था. फिर उसी दिन शाम को राजू ने शंकर साहनी से शराब पिलाने को कहा. लेकिन, शंकर ने शराब लाकर खुद तो पी ली और राजू को नहीं पिलाई. यह देख राजू गुस्से से और लाल हो गया. आरोपी ने बताया, रात करीब 9 से 9.30 बजे के बीच जब शंकर साहनी शौच के लिए डिग्री कॉलेज के सामने सिवान में गया तो राजू भी उनके पीछे-पीछे चाकू लेकर पहुंच गया.

### इंकार किया, आया गुस्सा

यहां राजू ने शंकर को पीछे से दबोच लिया और कहा कि आपने मेरा पैसा भी वापस नहीं किया और न ही मुझे शराब पिलाई. इसपर शंकर ने मेरा पैसा न देने की बात कही. यह सुन मुझे और भी गुस्सा आ गया. शंकर काफी शराब पीए हुए था और ज्यादा नशे में था. ऐसे में मैंने उसे पीछे से पकड़कर चाकू से गला काट दिया.

# पटाखा फैक्टरी का लाइसेंस रद करने की सिफारिश

पाली (एसएनबी)। पॉली ब्लाक के वरईपार में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के तीसरे दिन

एसडीएम की जांच में मानक के अनुरूप नहीं मिला पटाखा फैक्टरी का संचालन

शनिवार को रात तेज धमाको के साथ फैक्टरी में लगी थी आग



एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जांच की। जांच के दौरान विस्फोट वाली फैक्टरी का संचालन मानक के विरूद्ध मिला है। एसडीएम ने अपनी रिपोर्ट में पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है।

शनिवार की रात को आफताव की पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन मानक के खिलाफ पटाखा फैक्टरी के संचालन को लेकर सवाल उठने लगे। फैक्टरी के पास ही ट्रांसफार्मर, विजली का तार स्थित है। इसके अलावा आवादी से महज दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित है, जवकि यह मानक के खिलाफ है। सोमवार को वरईपार जांच करने पहुंचे एसडीएम कुंवर सचिन सिंह ने जमीनी हकीकत देखी। जांच में एसडीएम ने पाया कि पटाखा फैक्टरी आवादी भी काफी नजदीक है। एसडीएम ने मकवूल और मुमताज से अपनी फैक्टरी और दुकान आवादी से दूर करने के आदेश दिए। इसके अलावा राजस्व टीम से जमीन की पैमाईश और आवादी से दूरी नापने के निर्देश दिए।

# पांच वदमाशों की खुली हिस्ट्रीशीट

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर थाना रामगढ़ताल की पुलिस ने एक, थाना उरूवा वाजार की पुलिस ने दो, थाना खजनी की पुलिस ने एक तथा थाना पिपराइच की पुलिस ने एक वदमाश की कटेगरी ए के तहत हिस्ट्रीशीट खोली है। इस हिस्ट्रीशीट के खुल जाने से पुलिस को इनकी निगरानी करने में आसानी होगी।

थाना रामगढ़ताल पुलिस ने अव्दुल पुत्र सहामत अली उर्फ गुड्डू निवासी रानीवाग पथरा थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, उरूवा वाजार पुलिस ने विजय यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी ग्राम राईपुर थाना उरूवा वाजार जनपद गोरखपुर व मेहताव पुत्र नेवूलाल निवासी यशवंतपुर थाना उरूवा वाजार जनपद गोरखपुर की हिस्ट्रीशीट खोली है। इसी क्रम में खजनी पुलिस ने दयाशंकर यादव पुत्र सत्यनारायण यादव निवासी ग्रा० चकनकजह (कतनी) थाना खजनी जनपद गोरखपुर व पिपराईच थाना पुलिस ने कृष्ण मोहन यादव पुत्र रामजीत यादव निवासी ग्रा० वार्ड नं० 10 कस्वा पिपराईच थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर की हिस्ट्रीशीट खोली है। वदमाशों के विरूद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमे गंभीर धाराओं में दर्ज हैं।

# नकली सोने का बिस्कुट देकर जालसाज ले उड़ा 12 लाख रुपए

उनवल (एसएनबी)। संतोष कुमार वर्मा वशारतपुर थाना शाहपुर से उनवल वाईपास स्थित भिउरी के पास रविवार 11 वजे 12 लाख रुपये लेकर नकली सोने का विस्कुट देकर एक जालसाज फरार हो गया। जब वर्मा उसे लाकर कसौटी पर जांच किए तो वह नकली निकला। चौकी प्रभारी राजेश कुमार यादव ने वताया कि घटना की तहरीर उनवल चौकी पर वादी संतोष कुमार वर्मा ने दिया तो पुलिस को जानकारी हुई। इसके वाद इसकी सूचना पुलिस उच्चाधिकारियों को दी गयी। खजनी और क्राइम ब्रांच की टीम जालसाज को तलाशने में जुटी है।

# एक हजार रुपए के लिए शंकर निषाद की हुई थी हत्या

गोरखपुर (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर बाँसपार निवासी 58 वर्षीय शंकर निषाद की हत्या महज एक हजार रुपए उधार न चुकाने को लेकर उसके साथी ने चाकू से गला रेतकर की थी। किसी को उस पर शक न हो इसलिए शंकर के घर जाकर यह बता दिया कि शंकर का संदीप से झगड़ा हुआ है। रात में शंकर घर नहीं पहुंचा। दूसरे दिन शनिवार की सुबह उसकी खून से लथपथ लाश एसआर डिग्री कालेज के समीप सड़क से सटे कुछ दूर पर खेत में मिली। जिसके बाद पुलिस ने शव का पीएम कराया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह एवं सीओ बांसगांव प्रशाली गंगवार की मौजूदगी में गुडवर्क की जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य, सूचना देने वाले राजू के कपड़े पर दिखे खून के धब्बे और आरोपित किए गए संदीप की गतिविधियों की गहराई से पड़ताल के बाद हत्या का शक राजू पर गहरा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर राजू पुत्र बृजेश निवासी ग्राम भाटपार गजपुर थाना गगहा, गोरखपुर ने हत्या किए जाने का जुर्म स्वीकार किया। उसने बताया कि शंकर निषाद (साहनी) उससे एक हजार रुपए उधार लिया था। वह बार-बार अपने पैसे की मांग कर रहा था। लेकिन शंकर पैसा न देकर टालमटोल कर रहा था।



गगहा में शंकर निषाद हत्या के खुलासे की जानकारी देते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

**शराब पीने को नहीं था पैसा :** अभियुक्त राजू ने पुलिस को बताया कि 18 अगस्त की रात उसके पास शराब पीने के लिए पैसा नहीं था। उसने शंकर से कहा कि उसका पैसा वह दे दे पर उसने पैसा न होने की बात कहकर इनकार कर दिया। तब उसने शंकर से कहा कि शराब ही पिला दे। उसने शराब भी नहीं पिलाया। खुद गया और शराब लेकर आया और अकेले ही पी गया। इससे उसे अत्यधिक क्रोध आ गया। रात 9.30 बजे के आसपास शंकर जब शौच के लिए एसआर डिग्री कालेज के सामने सिवान में गया तो वह भी पीछे से चाकू लेकर पहुंच गया। शंकर शराब के नशे में था लिहाजा उसने उसका पीछे से गला पकड़कर चाकू से रेत दिया जिससे उसकी मौत हो गयी और वह शव को वहीं छोड़कर उसके घर पहुंच गया। घर जाकर कहा कि शंकर साहनी का किसी से झगड़ा हो गया है। मुझे लगा कि उनके घर के लोग उन्हे ढूंढ़ने के लिए जायेंगे और उसमें मेरा नाम नहीं आयेगा क्योंकि मैं तो उनके घर बताने ही गया हूं। अभियुक्त राजू द्वारा बताया गया कि गांव के एक व्यक्ति संदीप से मेरी दुश्मनी है जिसे मैं फंसाना चाहता था इसी वजह से मैंने झगड़े की झूठी कहानी बनाई थी। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू, खून से लथपथ राजू के कपड़ों को बरामद किया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 302 एवं 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**गुडवर्क टीम में रहे शामिल**

गुडवर्क टीम में गगहा थाना पर तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र पाण्डेय, चौकी प्रभारी गजपुर एसआई रुद्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी सोहगौरा एसआई सुधीर कुमार, हेका. धर्मेंद्र तिवारी, कां. सोनू यादव, मो. शोएब, कां. आकाश सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक मधुपनाथ मिश्रा, स्वॉट प्रभारी एसआई सूरज सिंह शामिल रहे।

# 5 बदमाशों की खुली हिस्ट्रीशीट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर पुलिस ने सोमवार को जिले के पांच बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली वहीं फरार चल रहे तीन बदमाशों पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने इनाम घोषित किया है।

रामगढ़ताल पुलिस ने पथरा, रानीबाग निवासी अब्दुल, उरुवा बाजार थाना पुलिस ने राईपुर निवासी विजय यादव, यशवंतपुर निवासी मेहताब, खजनी के चकनकजह निवासी दयाशंकर यादव, पिपराइच पुलिस ने वार्ड नंबर दस निवासी कृष्ण मोहन की हिस्ट्रीशीट सोमवार को खोल दी। वहीं शाहपुर थाने में गैंगस्टर केस में फरार चल रहे पिपराइच के जंगल धूसड़ हसनगंज निवासी सुमित कुमार निषाद पर दस हजार, गैंगस्टर आरोपी गोपालगंज के अहिरौली दुबौली निवासी मिंटू अली और हरपुर बुदहट थाने में दर्ज अपहरण और आपराधिक साजिश केस में फरार संग्रामपुर के विनय कुमार पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

# जेल में हुआ महिला बंदी के बच्चे का नामकरण संस्कार

पादरी बाजार। जिला जेल में निरुद्ध महिला बंदी प्रिया गुप्ता के बच्चे का सोमवार को पारंपरिक तरीके से नामकरण संस्कार किया गया। गगहा के जगदीशपुर भलुआन निवासी राजेश गुप्ता की पत्नी प्रिया 2 दिसंबर 2022 से जेल में सजा काट रही हैं। 23 जुलाई को उसने बच्चे को जन्म दिया। सोमवार को नामकरण संस्कार हुआ और बच्चे का नाम प्रियांशु रखा गया। इस अवसर पर महिला बंदियों ने मंगल गीत गाए। जेल प्रशासन की ओर से मां-बेटे को नए वस्त्र दिए गए।

# महिला पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला

डोहरिया बाज़ार (एसएनबी)। चिलुआताल थाना अर्न्तगत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा भिटनी में बच्चे के साथ सो रही महिला पर गाँव के ही युवक ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर मचाने पर परिजन पहुंचे और घायल को इलाज के लिये प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र कौड़िया ले गये जहाँ से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

भिटनी निवासी फातिमा ( 30 ) पत्नी उजैर आलम रविवार की रात अपने छत पर बच्चे के साथ सोई थी। देर रात गाँव का ही एक युवक नसीम उर्फ भूअर पुत्र मुमताज उसकी छत पर चढ़ कर हंसिए से गले पर वार कर दिया। शोर मचाने पर अगल बगल के तमाम लोग इकट्ठे हो गये गाँव के लोगों को आता देख युवक फरार हो गया।

महिला का पति मुम्बई रहता है। घायल महिला के पिता मुस्तफा पुत्र इसहाक निवासी नगवा थाना गीडा ने सूचना चिलुआताल पुलिस को दे दी है। महिला का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है।

# एक साल में हिस्ट्रीशीट की 'डबल सेंचुरी'

**पुलिस ने एक जुलाई 2022 से 21 अगस्त 2023 तक 200 अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 Aug):** गोरखपुर पुलिस ने एक साल में 200 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोलकर साल में 'दोहरा शतक' जमाया है. एक जुलाई 2022 से 21 अगस्त 2023 तक गोरखपुर के विभिन्न थानों में एक्टिव 2 सौ अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है. इसमे पिछले साल 65 और इस वर्ष 135 हिस्ट्रीशीट खोली गई. जिसमें सबसे अधिक हिस्ट्रीशीट पिपराइच में 16, गुलरिहा में 15 और राजघाट में 14 अपराधियों को दुराचारी घोषित करते हुए उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है.

## बंद हैं 130 हिस्ट्रीशीटर

जिले में कुल 1520 हिस्ट्रीशीटर हैं. इनमें से 135 निष्क्रिय हैं. पुलिस के मुताबिक 1370 दुराचारी अब भी एक्टिव हैं, इनमें से 130 को पुलिस जेल भेज चुकी है.

## क्यों घोषित किए दुराचारी

दुराचारी को हिस्ट्रीशीटर बोला जाता है. दुराचारी बनाए गए बदमाशों के इतिहास की हिस्ट्रीशीट होती है. एक्टिव बदमाशों की निगरानी के लिए उन्हें दुराचारी घोषित किया जाता है.हर दुराचारी की निगरानी के लिए एक-एक बीट सिपाही की ड्यूटी लगती है. नियमों के मुताबिक दुराचारी को सप्ताह में एक बार थाने या चौकी पर आकर हाजिरी भी देनी होती है.

## ये रूल पुलिस को करना होगा फॉलो

- 18 साल से कम उम्र की हिस्ट्रीशीट नहीं खोली जाएगी.
- शौकिया अपराध करने वालों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए.
- जो बदमाश एक्टिव हैं उन्हीं की हिस्ट्रीशीट खोली जाए.
- रंजिश में दर्ज अभियोगों के आधार पर हिस्ट्रीशीट न खोलें.
- यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कारवाई को हिस्ट्रीशीट खोलने का आधार न बनाएं.
- एसएसपी संतुष्ट होने पर हिस्ट्री शीट खोलने की अनुमति दें.
- 18 से 21 साल के अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले सीबीसीआइडी से 15 दिनों में रिपोर्ट ली जाए.
- हिस्ट्रीशीटरों की सूचना आनलाइन भी अवेलबल कराई जाए.

## ए कैटेगरी के दुराचारी

- चोरी, लूट, डकैती से संबंधित क्राइम से जुड़े अपराधी होते हैं.

## बी कैटेगरी के दुराचारी

यह पेशेवर अपराधी होते हैं.



**" अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए बदमाशों को दुराचारी घोषित करते हुए उनकी हिस्ट्रशीट खोली जा रही है. एक साल में विभिन्न थानों में 200 अपराधियों की ए टाइप हिस्ट्रीशीट खोली गई है.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

## एक जुलाई 2022 से 21 अगस्त 2023 तक का आंकड़ा

| थाना | हिस्ट्रीशीटर |
|---|---|
| बड़हलगंज | 08 |
| बांसगांव | 03 |
| बेलीपार | 08 |
| बेलघाट | 08 |
| कैंपियरगंज | 07 |
| कैंट | 07 |
| चौरीचौरा | 10 |
| चिलुआताल | 09 |
| गगहा | 12 |
| गोला | 03 |
| गोरखनाथ | 03 |
| गुलरिहा | 15 |
| हरपुर बुदहट | 02 |
| झंगहा | 07 |
| खजनी | 02 |
| खोराबार | 10 |
| कोतवाली | 05 |
| पिपराइच | 16 |
| पीपीगंज | 04 |
| राजघाट | 14 |
| सहजनवा | 05 |
| शाहपुर | 09 |
| सिकरीगंज | 04 |
| तिवारीपुर | 04 |
| उरुवा बाजार | 09 |
| रामगढ़ताल | 10 |
| गीडा | 05 |
| एम्स | 01 |

# कोर्ट के आदेश पर जान से मारने की धमकी का केस

गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के फत्तेपुर डिहवा निवासी से एक व्यक्ति विश्वास में लेकर जमीन दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपए हड़प लिया। अब रुपए मांगने पर गाली एवं जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोर्ट के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी एवं एससीएसटी का केस दर्ज कर लिया है।

गुलरिहा क्षेत्र के बनकटी उर्फ इटहिया निवासी प्रेम शर्मा पुत्र जोगिंदर जमीन का कारोबार करता है। जिससे चिलुआताल क्षेत्र के फत्तेपुर डिहवा निवासी रामप्रीत धूसिया की जान पहचान है। रामप्रीत का आरोप है कि प्रेम शर्मा जमीन दिलाने के नाम 7 नवंबर 2018 को 30 हजार एडवांस लिया तथा एक वर्ष में जमीन दिलाने का वादा किया। काफी समय बीत जाने पर भी जमीन नहीं मिला तो एडवांस रुपए मांगने पर हीला हवाली करने लगा।

# कोर्ट के आधार पर जालसाजी का केस दर्ज

मेडिकल कॉलेज। जमीन की धोखाधड़ी मामले में कोर्ट के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने प्रेम शर्मा के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। चिलुआताल थाना क्षेत्र के फतेहपुर डिहवा निवासी रामप्रित धुसिया ने विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट गोरखपुर के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गुलरिहा थाना क्षेत्र के बनकटी उर्फ इटाहिया निवासी प्रेम शर्मा ने जमीन दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपया 2018 में लिया लेकिन आज तक जमीन नहीं दिलाया।

# दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर 49 लोगों से ठगी, केस दर्ज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर नायब शहर काजी के माध्यम से जालसाजों ने 49 बेरोजगारों को अपना शिकार बनाया है। जालसाजों ने 24 लाख रुपये वसूल कर 12 बेरोजगारों को दुबई भेज दिया तब पता लगा कि उनकी नौकरी नहीं लगी है।

पीड़ितों ने नायब शहर काजी को फोन कर इसकी जानकारी दी तो उन्होंने अपने पास से 6.15 लाख रुपए खर्च कर सभी के वहां ठहरने और भोजन की व्यवस्था कराई फिर फ्लाइट का टिकट देकर वापस बुलाया। रुपये मांगने पर अब उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। राजघाट पुलिस ने 4 जालसाजों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। शहर के राजघाट इलाके के तुर्कमानपुर निवासी मोहम्मद अजहर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है, वे शहर गोरखपुर के नायब काजी हैं। उनके कुछ जानने वालों ने आग्रह किया कि वे किसी से कहकर उनकी दुबई में नौकरी लगवा दें। इस पर उन्होंने बस्ती जिले के रहने वाले अपने परिचित फुकरान अली से कहा। फुकरान वर्तमान में भिवंडी, महाराष्ट्र में रहता है और मानव संसाधन आपूर्ति का काम करता है।

## फर्जी एग्रीमेंट भेज 12 लोगों को दुबई बुला लिया

रुपए मिलने के बाद फुकरान ने 12 लोगों का दुबई बुला लिया। बेरोजगारों के दुबई पहुंचने पर पता चला कि एग्रीमेंट फर्जी है। इसके बाद नायब शहर काजी 6.15 लाख रुपए खर्च कर सभी को वापस बुलाया। उनकी तहरीर पर पुलिस ने फुकरान अली, उसकी पत्नी इमराना खातून, फारुख अली और एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## जालसाज ने 49 लोगों से लिए 24.30 लाख रुपये

नौकरी के एवज में फुकरान ने नायब काजी से हर व्यक्ति के वीजा से पहले 30 हजार और वीजा मिलने के बाद 40 हजार यानी कुल 70 हजार की डिमांड की। फुकरान ने उन्हें डिलाइट चॉकलेट कंपनी का एग्रीमेंट भी भेजा। इसके बाद 49 लोगों ने 24.30 लाख उसके और उसकी पत्नी के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

**युवक व उसके दोस्त से हुई थी 1.55 लाख की ठगी:** शाहपुर क्षेत्र के जंगल मातादीन ज्ञानपुरम निवासी फरिदूद्दीन से उनके बेटे साकिब और उसके दोस्त से पर भी फुरकान ने 1.55 लाख रुपये की ठगी की।

# शराब नहीं पिलाने पर की थी मजदूर की गला रेत कर हत्या

**खुलासा**

- गगहा में मजदूर की हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा
- हत्या के बाद अपने दुश्मन को फंसाना चाहता था आरोपित राजू
- पुलिस ने राजू को किया गिरफ्तार, कत्ल में इस्तेमाल चाकू बररामद

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शराब न पिलाने के साथ ही उधार का पैसा वापस न करने से नाराज युवक ने मजदूर शंकर की गला रेत कर हत्या की थी। हत्या के बाद उसने गांव के अपने दुश्मन को फंसाने की साजिश रची थी। उसने शंकर के घर जाकर मारपीट की सूचना दी। ताकि उसके घरवाले शंकर की तलाश करें और उसके दुश्मन पर ही हत्या का शक जताएं। पुलिस ने सीसी टीवी की मदद से आरोपित राजू को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर गांव के रहने वाले राजू ने शंकर साहनी को एक हजार रुपया उधार दिया था। वह शंकर से बार-बार पैसा मांग रहा था। शंकर उसका पैसा नहीं लौटा रहा था। 18 अगस्त को राजू के पास शराब पीने के लिए पैसे नहीं थे, उसने शंकर साहनी से कहा कि मेरा पैसा मुझे दे दो या फिर आज शराब पिलाओ। शंकर शराब लेकर आया लेकिन पिलाने की जगह स्वयं पी लिया। इसको लेकर राजू का गुस्सा शंकर पर और ज्यादा बढ़ गया। 18 अगस्त की रात करीब 9.30 बजे शंकर साहनी शौच के लिए एसआरपीजी कालेज के सामने सिवान में गया। राजू भी हाथ में चाकू लिए उसके पीछे-पीछे पहुंच गया। वहां भी उसकी शंकर से कहासुनी हुई। उसने कहा कि तुमने पैसा भी नहीं दिया और शराब भी नहीं पिलाई। राजू का कहना है कि शंकर ने कहा कि वह उसका पैसा नहीं देगा इसके बाद गुस्से में आकर पीछे से पकड़कर चाकू से शंकर का गला रेत दिया। राजू ने पुलिस को बताया कि जब शंकर छटपटाने लगा तो उसे भी घबड़ाहट होने लगी। इसके बाद उसने शंकर के घर जाकर बताया कि शंकर का किसी से झगड़ा हो गया है। उसे लगा कि शंकर के घर के लोग ढूंढने के लिए जायेंगे और उसमें मेरा नाम नहीं आएगा। दरअसल राजू ने गांव के एक व्यक्ति जिससे उसकी दुश्मनी चल रही है उसे फंसाना चाहता था इसीलिए उसने झगड़े की झूठी कहानी बनाई थी।

# स्कूल गई युवती लापता, केस दर्ज

मेडिकल कॉलेज। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती 19 अगस्त को घर से स्कूल गई और वह वापस नहीं लौटी। परिजन काफी खोजबीन की लेकिन युवती का कही पता नहीं चला। थक हार के युवती के पिता ने सोमवार को गुलरिहा पुलिस को तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। गुलरिहा पुलिस ने 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

# टास्क पूरा करने का लालच दिखा 71 हजार ठगे

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के बशारतपुर स्थित हरिहरपुर निवासी अभिषेक यादव को जालसाजों ने टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने की लालच दिखाकर 71 हजार 5 सौ रुपये ठग लिए। पीड़ित ने अपना रुपया मांगा तो जालसाज ने टास्क पूरा नहीं होने की बात कर और रुपये की मांग की। तब उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ। सोमवार को शाहपुर पुलिस जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी की केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गीडा के फैक्ट्री मालिक से छह लाख की ठगी

सहजनवा। बिकी हुई जमीन को अपना बताकर जालसाजों ने दुर्गाबाड़ी के रहने वाले अरमान अली से छह लाख रुपये हड़प लिए। गीडा पुलिस ने भिलौरा खुर्द (गीडा) और रायबरेली जनपद के रहने वाले दो जालसाजों अमित यादव और रंजीत पाल पर रविवार को मुकदमा दर्ज किया है। यह केस कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है। स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने पर अरमान कोर्ट की शरण लिए थे। बताया कि आरोपितों पर पहले से भी कई केस दर्ज हैं।

# भू माफिया कमलेश पर दो और मुकदमे

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने जेल में बन्द भू माफिया व प्रापर्टी डीलर बहरामपुर निवासी कमलेश यादव पर जालसाजी का दो और केस दर्ज किया है। आरोप है कि 8.5 लाख लेकर भी कमलेश ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की है। चौबीस घंटे में कमलेश पर यह चौथा केस है।

पुलिस को दी तहरीर में पिपराइच के पोखरभिंडा निवासी शर्मिला गौतम ने बताया कि 1034 वर्ग फिट जमीन के लिए 850 रुपये प्रति वर्ग मीटर के रेट से कमलेश ने उनसे 8.5 लाख रुपये लेकर 2 जुलाई 2023 को इकरार नामा बनवाया। कब्जा भी दिया लेकिन अभी तक अजय शर्मा से रजिस्ट्री नहीं कराई। उल्टे जातिसूचक गाली दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमलेश यादव, अजय यादव व धर्मेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# एंबुलेंस माफिया पर कार्रवाई, एक सीज

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कालेज उत्तरी गेट पर 9 जुलाई मध्य रात चेकिंग के दौरान एंबुलेंस चालक चौकी इंचार्ज से भिड़ गए थे। इसमे गुलरिहा पुलिस नौ हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर चार को जेल भेजवा दिया था।

सोमवार की दोपहर मेडिकल चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ बीआरडी कैंपस में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान कैंपस में संदिग्ध परिस्थिति में इंसेफ्लाइटिस वार्ड नम्बर 100 के पास एक निजी एम्बुलेंस गाड़ी संख्या यूपी 53 एफटी 1520 पकड़ी गई।

जांच में पाया गया कि बोलेरो को एम्बुलेंस बनाकर अवैध तरीके से चलाया जा रहा था, बोलेरो के खिलाफ सीज की कार्यवाही करते हुए एम्बुलेंस चालक रामबचन को बीस हजार के निजी मुचलके पर छोड़ा गया।

# माफिया बाप के बाद बेटे ने भी शुरू की लकड़ी की तस्करी

**जासं, गोरखपुर :** वन विभाग के लिए कभी सिरदर्द रहे वन माफिया रमाशंकर उर्फ शंकर का बेटा कृष्ण मोहन भी उसी राह पर चल चुका है। दो दिन पहले पेड़ काटकर ले जाते समय उसकी वन विभाग की टीम से मुठभेड़ हुई। साथियों के साथ उसने टीम पर पथराव किया। टीम द्वारा हवाई फायरिंग करने पर वह फरार हो गया। वन विभाग ने कृष्ण मोहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

देवरिया के रुद्रपुर के शिवपुर पड़री के शंकर को आसपास के जंगलों का वीरप्पन कहा जाता था। इस पर सागौन, साखू समेत अन्य पेड़ों की कटान कर उसकी तस्करी करने के आरोप में 50 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और कई बार जेल भी जा चुका है। तिनकोनिया रेंज के कुसम्ही जंगल, बाकी रेंज के जंगल भेलमपुर उर्फ टिकरिया, कैंपियरगंज, आनन्द नगर सहित आसपास के अन्य जंगलों से वह अपने साथियों के साथ पेड़ की कटान कर तस्करी करता था। विभाग के लिए सिरदर्द बनने के बाद वन विभाग ने इसे गैंगस्टर में निरुद्ध किया था। बीते छह वर्ष से इसने तस्करी का धंधा बंद कर दिया था। अब तस्करी के

> शंकर के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद उसने तस्करी छोड़ दी थी। छह वर्षों से उसका नाम नहीं आया। कुछ नए तस्करों का नाम सामने आया है। इसमें शंकर का बेटा भी शामिल है। कुछ जेल भी भेजे जा चुके हैं। जंगल की लकड़ी काटकर उसकी तस्करी करने वालों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **हरेन्द्र सिंह, उप वनाधिकारी गोरखपुर प्रभाग**

धंधे को उसके बेटे कृष्ण मोहन ने शुरू कर दी है। दो दिन पहले 18 अगस्त को खोराबार क्षेत्र के जंगल रामलखना बीट के जंगल से सागौन का पेड़ कटवाकर साथियों के साथ ले जाते समय कृष्ण मोहन की वन दारोगा महेन्द्र प्रताप सिंह की टीम से मुठभेड़ हो गई। महेन्द्र ने बताया कि वह गश्त पर थे। इसी दौरान जंगल से गाड़ी जाने की आवाज पर वह उधर गए, जहां कृष्ण मोहन बोटा लदवा रहा था। पुलिस को देखते ही उसने पत्थरबाजी शुरू कर दी। हवाई फायरिंग करने पर सभी लकड़ी छोड़कर फरार हो गए। मौके से टीम ने तीन लाख की कीमत की आठ बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की।

# गोरखपुर की पुलिस आइजी के अभियान में दूसरे स्थान पर

- गोरखपुर जिले की पुलिस ने 24 घंटे में पकड़े 298 वारंटी और 69 वांछित अपराधी
- कुशीनगर की पुलिस रही पहले स्थान पर, देवरिया तीसरे और महराजगंज को मिला चौथा स्थान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गोरखपुर परिक्षेत्र में आइजी रेंज जे रविन्द्र गौंड ने वारंटी व वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलवाया। इसमें कुशीनगर की पुलिस ने सबसे अधिक 133 अपराधियों को पकड़कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं गोरखपुर पुलिस ने 96 को पकड़कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। देवरिया ने 79 और महराजगंज ने 59 को गिरफ्तार कर तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया। इस तरह से चारों जिलों की पुलिस ने एक महीने में कुल 367 अपराधियों को गिरफ्तार किया।



आइजी ने शनिवार की शाम चार बजे से रविवार की रात तक विशेष अभियान के तहत रेंज की पुलिस को एक टास्क दिया। इसके तहत पुलिस को अपने-अपने जिले के फरार चल रहे वारंटी और वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करना था। इस अभियान के तहत कुशीनगर की पुलिस ने 108 वारंटियों और 25 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। गोरखपुर की पुलिस ने 84 वारंटियों और 12 वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया। वहीं देवरिया की पुलिस ने 53 वारंटियों व 26 वांछितों और महराजगंज की पुलिस ने 53 वारंटियों व छह वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की। आइजी ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से न्यायालय के कार्यों में गतिशीलता आएगी, जिससे वादों का निस्तारण समय से होगा। शेष अपराधियों को भी पकड़ने का निर्देश दिया गया है।

# बलवा और हत्या के प्रयास का एक आरोपित गिरफ्तार

**बड़हलगंज :** कोतवाली पुलिस ने बलवा, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे के आरोपित विक्की पासवान को सोमवार को कस्बे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि नगर पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा के बागी प्रत्याशी सुनीता पटेल के कार्यकर्ताओं व भाजपा नेता पवन गुप्ता के बीच विवाद हुआ था। इसमें पवन गुप्ता ने मुकदमा दर्ज कराया था। (जासं)

# मोबाइल फोन लूट के दो आरोपित गिरफ्तार

**झंगहा, गोरखपुर :** मोबाइल फोन लूट के दो आरोपितों आकाश निषाद व मंजेश निषाद को पुलिस ने सोमवार को झिरझिरवा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# शराब पिलाने से मना करने व रुपये न लौटाने पर हुई शंकर की हत्या

**जासं, गोरखपुर:** शराब न पिलाने और उधार लिए गए 1000 रुपये लौटाने से मना करने पर शंकर साहनी की हत्या हुई थी। गांव के रहने वाले आरोपित राजू को गगहा थाना पुलिस ने रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में राजू ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने सोमवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। बताया कि 19 अगस्त 2023 की सुबह गजपुर गांव के 58 वर्षीय शंकर साहनी का शव खेत में मिला था। धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई थी। जांच में सामने आया कि रात को गांव के रहने वाले राजू के साथ वह दिखे थे। पुलिस ने राजू को हिरासत में लिया तो गुमराह करने के लिए उसने एक युवक का नाम बता दिया, जिससे उसकी रंजिश चलती है। पुलिस ने युवक को थाने बुलाकर छानबीन की तो घटना में उसकी कोई भूमिका नहीं मिली। राजू को दोबारा हिरासत में लेकर कपड़े पर लगे खून के निशान के बारे में पूछा गया तो आनाकानी करने लगा। पुलिस को बताया कि शंकर ने छह माह पहले उससे 1000 रुपये उधार लिए था। 18 अगस्त की शाम को मिला तो अपने रुपये वापस मांगा तो उसने मना कर दिया। कुछ देर बाद शंकर गांव के बाहर शराब पी रहा था वह भी पहुंच गया। शराब पिलाने के लिए कहने पर उसने मना कर दिया, जिससे नाराज था। रात में नौ बजे शंकर शौच को निकला तो खेत में अकेला पाकर चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी।


पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते एसएसपी डा. गौरवग्रोवर ( बीच में ) साथ में एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ● जागरण

**संदेह न हो इसलिए जाकर दी विवाद होने की सूचना:** हत्या करने के बाद राजू रात में 10 बजे शंकर के घर पहुंचा। परिवार के लोगों से बताया कि सिवान में किसी से शंकर का विवाद हो रहा है जाकर देख लें। उसे लगा कि वह खुद जाकर सूचना देगा तो किसी को संदेह नहीं होगा।

राजू की जान पहचान गांव की एक महिला से थी। महिला की नजदीकी एक अन्य युवक से थी, जिसके साथ वह रहती थी। युवक को महिला से दूर करने के लिए राजू ने हत्या में फंसाने की योजना बनाई।

# झांसा दे 49 युवकों से ठगे 30.45 लाख

शहर काजी से युवकों को दुबई की निजी कंपनी में नौकरी दिलाने का दिया था भरोसा

## गाड़ी बेचने के नाम पर भाइयों ने हड़पे 8.20 लाख

## रंजिश में मनबढ़ों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

## भू माफिया कमलेश पर जालसाजी के दो और मुकदमे दर्ज हुए

## साथियों संग जल भरने आया युवक सरयू नदी में डूबा, तलाश जारी



## तीन बदमाशों पर इनाम पांच की हिस्ट्रीशीट खुली

## फिर बदलेगा कैंट व एम्स थाने का भूगोल





# आबादी के पास चल रही पटाखा फैक्टरी लगेगा ताला

पाली (गोरखपुर)। सहजनवां इलाके के बरईपार गांव में आबादी के करीब चल रही पटाखा फैक्टरी बंद हो सकती है। आग लगने के तीसरे दिन सोमवार को एसडीएम ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने फैक्टरी को मानक के विपरीत बताते हुए रिपोर्ट तैयार कर डीएम को भेज दी है। जल्द कार्रवाई हो सकती है। संवाद

## पति के बगल में सोई महिला की साड़ी खींचा विरोध पर ईंट से हमला

**गीडा (गोरखपुर)।** इलाके के एक गांव में शनिवार की रात पति के साथ सोई महिला की साड़ी खींचने और विरोध करने पर ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है। रात में महिला ने डॉयल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार की रात में महिला पति के साथ घर के बाहर बरामदे में तख्त पर सोई थी। रात में करीब 9.40 बजे गांव का ही एक शख्स आया और अश्लील हरकत करने लगा। आरोप है कि उसने महिला की साड़ी खींच दी। हरकत होने पर महिला की नींद खुल गई और वह शोर मचाने लगी। संवाद

## उर्वरक की दुकान पर चस्पा करें रेट लिस्ट

गोरखपुर। किसानों को आवश्यकता तथा जोतबही के हिसाब से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो इसके लिए कृषि विभाग ने अभियान शुरू कर दिया है। शासन की तरफ से स्पष्ट कहा गया है कि हर उर्वरक विक्रेता के पास पीओएस मशीन होनी चाहिए। दुकान के बोर्ड पर रेट लिस्ट चस्पा होना चाहिए। यदि किसी ने अधिक मूल्य लिया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने जारी बयान में कहा कि सभी उर्वरक विक्रेताओं को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपनी दुकान पर उर्वरकों का अंकन पेंट से कराएं। संवाद

# मऊ के युवक ने नशे में लगाई थी आग...खुदकुशी के साक्ष्य मिले

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** बेलीपार इलाके के कनइल-कसिहार बंधे पर चार अगस्त को मऊ के जुड़नपुर के उमेश (37) की हत्या नहीं की गई, बल्कि खुदकुशी किए जाने की आशंका है। पुलिस की अब तक की जांच-पड़ताल में खुदकुशी के ही साक्ष्य मिले हैं। अब पुलिस सीन रि-क्रिएशन कराकर पर्दाफाश करने की तैयारी में है।

पुलिस की जांच के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी साफ हो गया है कि उसके शरीर के जिस हिस्से या फिर शर्ट में जो आग लगी थी, उसमें किसी केमिकल, पेट्रोल या किसी भी तेल का इस्तेमाल नहीं किया गया था। अब आशंका है कि नशे की हालत में उसने खुद अपनी शर्ट में आग लगाई होगी और फिर जलने के दौरान वह बचने के लिए भागा और गिरा, जिससे उसकी मौत हुई होगी। पुलिस अब इसी ओर जांच को आगे बढ़ा रही है।

पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि मौत से पहले उसने सात लोगों को फोन भी किया है, लेकिन इनमें से कोई भी उसे नहीं जानता। सबको उसने फोन करके यही बोला-मैं मर जाऊंगा, तुम मुझे याद मत करना। लेकिन, जितने लोगों के पास कॉल गया, वे सब अंजान थे।

### अब पुलिस सीन रि-क्रिएशन कराकर पर्दाफाश करने की तैयारी में जुटी

इस वजह से गलत कॉल समझकर न तो किसी ने रिस्पांस दिया, न ही किसी से संपर्क किया। सीडीआर के बाद जब पुलिस उन तक पहुंची, तब उन्हें पता चला जिसने फोन किया था, उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने सबसे अलग-अलग पूछताछ की है, जिसमें यही बात सामने आई है। इसके बाद पुलिस ने घरवालों और लोकेशन की जांच की तो पता चला कि वह घुमक्कड़ प्रवृत्ति का था, घरवालों ने भी इसकी पुष्टि की है। अब पुलिस एक बार फॉरेंसिक एक्सपर्ट से सीन री-क्रिएशन कराकर अपनी जांच को पुख्ता करना चाहती है।

**काम आई एसएसपी की डॉक्टर वाली समझ :** शव मिलने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने भी मौका-मुआयना किया था। इस दौरान एक-एक चीजों को उन्होंने बारीकी से देखा और शर्ट से दुर्गंध न आने की बात को उसी समय समझ भी लिया था। लेकिन, बाद में जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसकी पुष्टि हो गई तो उन्होंने पुलिस को कई बिंदु भी बताए। एक-एक बिंदु पर काम करने पर पुलिस अब खुलासे के करीब पहुंचने वाली है।

## भटककर दूसरे विद्यालय पहुंची छात्रा

**भटहट।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को पढ़ने गई छात्रा दो घंटे बाद भटककर पांच किलोमीटर दूर दूसरे विद्यालय पर पहुंच गई। उसके भटकने की खबर फोटो सहित सोशल मीडिया पर वायरल होते ही परिवार वालों को इसकी जानकारी हुई। परिजन छात्रा का घर ले आए। जानकारी के मुताबिक, आठवीं कक्षा की छात्रा गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। सोमवार को नागपंचमी की छुट्टी होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे थे। प्रधानाध्यापक गांव में आए और बच्चों को स्कूल आने के लिए कहने लगे। इसी बीच छात्रा स्कूल चली गई। परिजनों का कहना है कि शिक्षक द्वारा छात्रा को बगल के गांव से अन्य बच्चों को बुलाने के लिए कहा गया। वह स्कूल में बैग रखकर चली गई। कुछ दूर जाने के बाद रास्ता भटक गई और समस्तपुर मुड़ीला के पास चली गई। राहगीरों ने छात्रा से पूछताछ की और उसकी फोटो सोशल मीडिया वायरल कर दिया गया। संवाद

## जीडीए बोर्ड की बैठक स्थगित

**गोरखपुर।** जीडीए बोर्ड की बैठक मंगलवार को नहीं होगी। विभागीय कारणों से अधिकारियों ने बैठक स्थगित कर दी है। जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से मंगलवार को बैठक नहीं होगी। जल्द ही बैठक की अगली तारीख तय करके सूचना दी जाएगी। संवाद

## टेलीग्राम पर टास्क का लालच देकर 71 हजार ठगे

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के एक युवक से जालसाज ने टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने का लालच देकर 71 हजार पांच सौ रुपये की ठगी कर ली। सोमवार को शाहपुर पुलिस केस दर्ज कर लिया है। इसके पहले इसी तरह के मामले में एक महिला भी जालसाजों की शिकार हुई थी। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के बशारतपुर स्थित हरिहरपुर निवासी अभिषेक ने तहरीर देकर बताया कि अप्रैल माह में टेलीग्राम पर चस्का नाम से मैसेज आया। जालसाज ने टास्क बढ़ाते हुए 71500 रुपये कई बैंक खातों में जमा करा लिए। ब्यूरो

# दुबई में नौकरी के नाम पर 24 लाख हड़पे

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर नायब शहर काजी के माध्यम से जालसाजों ने 49 बेरोजगारों से 24 लाख रुपये हड़प लिए। 12 को दुबई भी भेज दिया, लेकिन वहां जाने पर जालसाजी का पता चला।

पीड़ितों ने शहर काजी को फोन कर इसकी जानकारी दी। शहर काजी को अपने पास से 6.15 लाख रुपये खर्च कर सभी को पहले होटल में रहने और खाने की व्यवस्था करानी पड़ी। फिर फ्लाइट का टिकट देकर वापस बुलाया। आरोप है कि अब रुपये मांगने पर उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। राजघाट पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### 49 बेरोजगारों से की जालसाजी, पुलिस ने चार आरोपियों पर दर्ज किया केस

जानकारी के मुताबिक, राजघाट थाना क्षेत्र के तुर्कमानपुर निवासी मोहम्मद अजहर ने दी तहरीर में लिखा है कि वे इस्लामिक मुफ्ती और शहर गोरखपुर के नायब काजी के पद पर हैं। वे काफी समय से शहर में रहने वाले बेसहारा और गरीब लोगों की मदद करते हैं। उनके कुछ जानने वाले लोगों ने उनसे आग्रह किया कि वे किसी से कहकर उनकी दुबई में नौकरी लगवा दें।

लोगों के कहने पर उन्होंने अपने परिचित फुकरान अली जो कि बस्ती जिले का मूल निवासी है और वर्तमान में भिवंडी महाराष्ट्र में मैनपावर का काम करता है, से बात की। फुकरान ने शहर काजी से कहा कि उसके पास दुबई में 70 लोगों के लिए वैकेंसी आई है। वहां चॉकलेट और परफ्यूम कंपनी में विभिन्न पदों के लिए काम है।

नौकरी के एवज में फुकरान ने नायब काजी से प्रत्येक व्यक्ति के वीजा से पहले 30 हजार और वीजा मिलने के बाद 40 हजार यानी कि कुल 70 हजार रुपये की डिमांड करते हुए 49 लोगों ने 24.30 लाख रुपये उसके और उसकी पत्नी के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। फिर उसने ने 12 लोगों का वीजा भी भेजा और उन्हें दुबई बुला लिया। बेरोजगारों के दुबई पहुंचने पर पता चला कि उनकी नौकरी नहीं लगी है।

# एक हजार रुपये, शराब की खातिर दोस्त ने की थी शंकर की हत्या

## हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद, आरोपी ने दूसरे को फंसाने की कोशिश भी की

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गगहा इलाके के गजपुर में मजदूर शंकर साहनी की हत्या दोस्त ने उधार लिए गए महज एक हजार रुपये और शराब न पिलाने की वजह से की थी। आरोपी राजू को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।



आरोपी राजू।

आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह करके अपने एक दुश्मन संदीप को भी फंसाने की कोशिश की, लेकिन जांच में राजू ही दोषी पाया गया। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

वहीं, आरोपी राजू को हत्या करने के बाद भी पछतावा नहीं है। मीडिया के सामने वह मुस्कुराकर पूरे घटनाक्रम को बता रहा था। हंसते हुए बोल रहा था कि मेरे रुपये नहीं दे रहा था। शराब भी नहीं पिला रहा था, इस वजह से मार दिया।

आरोपी राजू गगहा के भाटपार गजपुर का रहने वाला हैं। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी राजू ने बताया कि शंकर साहनी ने कुछ महीने पहले उससे एक हजार रूपये उधार लिया था। राजू के पास शराब पीने के लिए पैसे नहीं थे। इस वजह से वह उधार दिए रुपये शंकर से वापस मांग रहा था।

18 अगस्त को कई बार कहने के बाद भी शंकर ने न तो रुपये दिए, न ही शराब पिलाई। इसके बाद 18 अगस्त की रात में शंकर खुद शराब पीने गया था। उसे शराब पीता देख राजू को गुस्सा आ गया और उसने एक बार फिर अपने रुपयों की मांग की। लेकिन, शंकर ने गाली देते हुए भगा दिया था। इसके बाद राजू उसके पीछे चाकू लेकर लग गया। शराब के ठेके से निकलने के बाद रास्ते में दोनों के बीच मारपीट हुई। मारपीट के दौरान शंकर खेत में गिर गया। इसके बाद राजू ने उसके गले पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

**गगहा में हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश किया, आरोपी को जेल भेजा गया**

**आरोपी को पछतावा नहीं, हंसकर बोला, हां मैंने ही मार दिया**

### शर्ट पर लगे खून को जानवर का बताकर कर रहा था गुमराह

जांच के दौरान पुलिस ने राजू के शर्ट पर खून देख लिया, लेकिन पूछने पर उसने बताया कि रास्ते में उसे जानवर मिला था, जिसे चोट लगी थी, उसका घाव धोने के दौरान ही उसके शर्ट पर खून लग गया। लेकिन, पुलिस को उसी दिन शक हो गया। इसके बाद राजू ने मोबाइल फोन का सिम बदल कर डॉयल 112 पर संदीप के घटना में शामिल होने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस का शक गहरा गया। आरोपी को पकड़कर पूछताछ की तो घटना खुलकर सामने आ गई।



मजदूर की गला रेतकर हत्या खेत में फेंकी गई लाश मिली

20 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### हत्या के बाद रात में ही शंकर के घर जाकर सुनाई झूठी कहानी

आरोपी राजू ने पूछताछ में बताया कि रात में हत्या करने के बाद वह शंकर के घर गया और उसके परिवार वालों को बताया कि शंकर का झगड़ा हो रहा है। बताया कि उसे लगा कि अगर उसी समय घरवाले शव तक पहुंच जाएंगे तो तो बता दूंगा कि संदीप से झगड़ा हो रहा था और घरवाले नामजद केस दर्ज करा देंगे, लेकिन रात में घरवालों ने राजू की बात पर ध्यान ही नहीं दिया। अगली सुबह फिर जाकर बताया, लेकिन फिर भी उन्होंने नामजद केस दर्ज नहीं कराया।

## हत्या की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार

**बड़हलगंज।** पुलिस ने बड़हलगंज कस्बा निवासी वांछित आरोपी विक्की पासवान को सोमवार की दोपहर पटना चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने बताया कि नगर पंचायत चुनाव के दौरान 29 अप्रैल को मारपीट हुई थी। संवाद

## मोबाइल फोन लूट के दो आरोपी दबोचे

**झंगहा।** मोबाइल लूट के आरोप में देवरिया जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी आकाश निषाद व इसी थाना क्षेत्र के सरहसबन जग्गू टोला निवासी मंजेश निषाद को सोमवार को पुलिस ने झिरझिरवा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

## पुरानी रंजिश में मनबढ़ों ने युवक को पीटा

**पिपरौली।** गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कैली के मोहल्ला छोटकी कैली में रविवार की शाम खेत में काम कर लौट रहे मनोज निषाद को पुरानी रंजिश में मोहल्ले के दो युवकों पीट दिया। पीड़ित घर की तरफ भागा तो आरोपी उसके घर तक पहुंच गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। ब्यूरो

## अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पिपराइच इलाके में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कुशीनगर के रामकोला के कठघरही कईटोला निवासी राजकरन के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल

# बीआरडी : मरीज की खरीद-फरोख्त करने आई प्राइवेट एंबुलेंस फिर सीज

## झुंगियां के एक अस्पताल के लिए मेडिकल कॉलेज में मरीज लेने आया था चालक

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज से मरीज को चोरी से प्राइवेट नर्सिंग होम में भेजने की कोशिश का मामला सोमवार को फिर सामने आया। कर्मचारी ने एक तीमारदार को बरगलाकर मरीज को प्राइवेट नर्सिंग होम में ले जाने के लिए तैयार कर लिया था, लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गई। इमरजेंसी के सामने प्राइवेट एंबुलेंस को चालक सहित पकड़ लिया गया। चालक से पूछताछ में मरीज की जानकारी मिलने के बाद एंबुलेंस को सीज कर दिया गया है।

कुछ दिन पहले भी इसी तरह के मामले पकड़े जा चुके हैं। इस बार भी एंबुलेंस पर अस्पताल का नाम नहीं लिखा था। पुलिस ने जांच तेज कर दी है। हालांकि, चालक की कोई भूमिका सामने नहीं आने पर 20 हजार के निजी मुचलके पर उसे छोड़ दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, मरीज-एंबुलेंस माफिया पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कुछ दिन पहले तीन एंबुलेंस सहित पांच वाहनों को पुलिस ने सीज किया था।

सोमवार को दोपहर में मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी विवेक मिश्रा को सूचना मिली कि एक प्राइवेट एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज में है और मरीज की सौदेबाजी चल रही है।

**मरीज-एंबुलेंस माफिया**

### चालक को 20 हजार के निजी मुचलके पर छोड़ा गया



प्राइवेट एंबुलेंस का चालक। संवाद



अवैध अस्पताल होंगे सार्वजनिक, एंबुलेंस पर होगा नाम

20 जुलाई को प्रकाशित खबर।

बिहार के इस मरीज को बेहतर इलाज का झांसा देकर प्राइवेट नर्सिंग होम में शिफ्ट किया जाना है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। चौकी इंचार्ज दूर से ही एंबुलेंस की निगरानी कर रहे थे। चालक के आते ही उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामबचन बताया।

उसने पुलिस को बताया कि जहां पर नर्सिंग होम से भेजा जाता है, वहां पर जाकर मरीज को सिर्फ अस्पताल पहुंचाना ही उसका काम है। बताया कि मरीज को उसे झुंगिया के एक अस्पताल में पहुंचाना था। पुलिस ने एंबुलेंस को सीज कर दिया।




बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सीज की गई प्राइवेट एंबुलेंस। संवाद

### *9 जुलाई को हुई थी मारपीट*

*बीआरडी मेडिकल कॉलेज के उत्तरी गेट पर बीते नौ जुलाई की रात में चेकिंग के दौरान एंबुलेंस चालक चौकी इंचार्ज से भिड़ गए थे। जिसमें गुलरिहा पुलिस ने नौ हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर चार को जेल भिजवाया था। इसके बाद से ही पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है।*

# सीलिंग की जमीनों से बना कॉलेज-होटल का मालिक

## सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद कमलेश यादव ने 2013 में साथी दीनानाथ के साथ शुरू किया था प्रॉपर्टी का काम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। भू-माफिया कमलेश यादव की बेनामी संपत्ति पर अब पुलिस की नजर गड़ गई है। पुलिस को जानकारी मिली है कि लोगों से ठगी कर कमलेश ने जो धन अर्जित किया, उससे एक आईटीआई और एक डिग्री कॉलेज का मालिक बन बैठा। इतना ही नहीं वर्तमान में वह बाराबंकी में आलीशान होटल का निर्माण भी करवा रहा है। अब एक सैनिक की पत्नी की शिकायत के बाद कमलेश जेल में कैद हो गया है तो उसकी अवैध कमाई से अर्जित की गई संपत्ति का ब्योरा पुलिस ने जुटाना शुरू कर दिया है।

पुलिस की जांच में उसके अलावा उसके साथी दीनानाथ की संपत्ति भी सामने आ गई है। पता चला है कि पहले उसके पास साधारण जूते-चप्पल की दुकान थी, अब वह गेस्ट हाउस और एक ऑटो एजेंसी का संचालक हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, कमलेश यादव सेना में नौकरी करता था। 2012 में सेवानिवृत्त होने के बाद वह गांव चला आया। फिर उसने सूद का काम शुरू किया। इससे रुपये आने के बाद उसने रसूख के दम पर 2013 में सरकारी सीलिंग की जमीन को बेचने का काम शुरू कर दिया था।

इसी धंधे के आरोपी दीनानाथ के साथ मिलकर वह लोगों को जमीन बेच देता था। क्योंकि उस समय गांव चकबंदी में था, इस वजह से दाखिल-खारिज का कागज हाथ से बनता था। बस इसी का उसने फायदा उठाया और फर्जी मुहर, हस्ताक्षर करके वह लोगों को कागज भी थमा दिया। शुरुआत में ऐसा करने से लोगों का भरोसा उस पर हो गया और इस तरह से वह रुद्रपुर और बहरामपुर में लंबी चौड़ी सरकारी जमीन को बेचकर करोड़पति बन गया। उसके बाद कमलेश ने बिहार और आसपास के तमाम लोगों को फर्जी कागजों के जरिए सरकारी जमीनें चिह्नित कर उन्हें शुरू किया और देखते ही देखते करोड़ों की संपत्ति बना ली।

पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि उसके दोनों कॉलेज भी सीलिंग की जमीन पर ही बने हैं। एक डिग्री कॉलेज को उसने पत्नी के नाम पर बनाया है। वहीं गांव में एक आईटीआई कॉलेज भी है।

### बाराबंकी में बनवा रहा है होटल सैनिक की पत्नी के सामने आने के बाद खुले कई मामले

**कमलेश का मायाजाल**


जालसाजी करने वाली महिला और भू-माफिया गिरफ्तार

1 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### *जूता-चप्पल की दुकान से शोरूम का मालिक बन गया दीनानाथ*

*इस पूरे धंधे में कमलेश यादव का साथी दीनानाथ भी अथाह संपत्ति का मालिक है। बताया जा रहा है कि उसकी एक जूता-चप्पल की दुकान थी। बाद में उसने इस अवैध धंधे से कमाई कर एक गेस्ट हाउस बनवा लिया। फिर सीएनजी ऑटो का एजेंसी भी ले लिया। कमलेश और दीनानाथ के पास कोई विरोध को आता और पुलिस में जाता था तो सेटिंग कर उसकी आवाज को भी दबा दिया जाता था। लेकिन अब जब मामला सीधे एसएसपी के पास पहुंचा तो पूरा खेल खुलकर सामने आ गया। एसपी सिटी ने मानीटरिंग शुरू कर दी और एलाउंस कराकर लोगों को बुलाया गया, ताकि आरोपी पर कार्रवाई हो सके।*

# जेल में बंद भू-माफिया कमलेश पर जालसाजी के दो और केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जेल में बंद भू-माफिया व बहरामपुर निवासी कमलेश यादव पर एम्स थाने में सोमवार को जालसाजी के दो और केस दर्ज किए गए। आरोप है कि 8.5 लाख लेकर भी कमलेश ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। एक अन्य मामले में दूसरे की जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा करा देने का मामला सामने आया है। पिछले दो दिन में एम्स थाने में कमलेश पर दर्ज यह चौथा केस है।

इसी तरह के मामले में एम्स पुलिस ने कमलेश व अन्नू नामक महिला को 31 जुलाई 2023 को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। उसके बाद पुलिस लगातार इलाके में लाउडस्पीकर से लोगों को जागरूक कर रही है कि कमलेश फ्रॉड है। जिनके साथ भी उसने जालसाजी की है, वे केस दर्ज कराएं। इसके बाद दो और लोग सामने आए हैं।

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच के पोखरभिंडा निवासी शर्मिला गौतम ने तहरीर में लिखा है कि 1034 वर्ग फुट जमीन के लिए 850 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से कमलेश ने उनसे 8.5 लाख रुपये लिए। 2 जुलाई 2023 को इकरारनामा बनवाया। कब्जा भी दिया, लेकिन अभी तक अजय शर्मा से रजिस्ट्री नहीं कराई। उल्टे जातिसूचक गाली दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमलेश यादव, अजय यादव व धर्मेंद्र पर जालसाजी, रुपये हड़पने, एससी-एसटी एक्ट, मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया है।

दूसरा केस भटवलिया तमकुहीराज जनपद कुशीनगर हाल मुकाम रुद्रापुर कुसम्ही निवासी मेनका देवी पत्नी सुभाष कुमार सिंह ने दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि जमीन दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपये हड़प लिए गए। मेनका देवी का कहना है कि वह कमलेश की दिखाई जमीन पर मकान बनवाकर रह रही हैं, लेकिन असल भूस्वामी अरुण कुमार शर्मा पुत्र बृजभूषण से जमीन रजिस्ट्री नहीं होने से आशंका बनी रहती है। क्योंकि, कमलेश ने साथी मनोज संग मिलकर जिस जमीन की रजिस्ट्री की है, वह दूसरे के नाम है।

इससे पहले कुशीनगर के अमवा बुजुर्ग निवासी सीमा गुप्ता पत्नी जसवंत ने 8.50 लाख लेकर दूसरे की जमीन बैनामा करने का आरोप लगाया था। तो वहीं गोपालगंज बिहार के फुलवरिया निवासी संजय कुमार ने भी 18 लाख लेकर दूसरे की जमीन बैनामा करने का आरोप लगाया था। इन मामलों में रविवार को कमलेश के खिलाफ दो केस दर्ज हुए थे।

### पिपराइच की शर्मिला गौतम ने 8.5 लाख लेने के बावजूद जमीन बैनामा नहीं कराने का लगाया आरोप

### पिछले दो दिन में एम्स थाने में कमलेश पर दर्ज हुए चार केस पुलिस बोली-सबको मिलेगा न्याय


फर्जी बैनामा कराने वाले कमलेश पर दो और केस

21 अगस्त को प्रकाशित खबर।



भू-माफिया कमलेश ने कई लोगों से ठगी की है। जो भी पीड़ित, पुलिस के पास आ रहा है, उसका केस दर्ज किया जा रहा है। पुलिस लगातार उसके खिलाफ क्षेत्र में एलाउंस भी करा रही है, ताकि पीड़ित सामने आएं और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जा सके। आरोपी पर जल्द गैंगस्टर की कार्रवाई कर उसकी संपत्ति जब्त की जाएगी।

**- कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी**

### *जमीन के नाम पर जालसाजी करने वालों पर केस दर्ज*

*गीडा। कोतवाली थाना क्षेत्र के दुर्गाबाड़ी निवासी अरमान से गीडा थाना क्षेत्र के भिलौरा निवासी अमित यादव व रंजीत ने जमीन के नाम पर छह लाख रुपये की ठगी की। कोर्ट के आदेश पर गीडा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित का कहना है कि भिलौरा में जमीन के नाम पर रुपये लिए गए। अगस्त 2023 में एक लाख रुपये देकर बैनामा करने के लिए कहने पर दोनों आनाकानी करने लगे। शक होने पर रजिस्ट्री कार्यालय से पता करने पर ज्ञात हुआ कि वह जमीन पहले ही किसी शीला नाम की महिला को बेच दी गई है। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखा दिया गया। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो*

# दरिंदा चितई तो गांव वालों को अब कतई बर्दाश्त नहीं

## बुजुर्ग की हैवानियत से ग्रामीणों में आक्रोश, कहा-सजा ऐसी मिले जो बने नजीर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। साहब! हर घर में बहन-बेटियां हैं। उन्हें एक उम्र के लोगों से तो दूरी बनाने की शिक्षा दी जाती है, लेकिन अब ढलती उम्र में कोई दरिंदगी करेगा, यह सोचकर भी हैरानी होती है। अब दरिंदा चितई तो गांव वालों को एकदम बर्दाश्त नहीं है। ऐसे लोगों को फांसी की सजा देनी चाहिए, ताकि नजीर बने सके।

यह कहना है कि पीपीगंज इलाके के उस गांव के लोगों का, जहां एक किशोरी को बंधक बनाकर 66 साल के चितई निषाद ने न केवल दरिंदगी की, बल्कि सामाजिक रिश्तों का भी कत्ल किया है। गांव के लोगों में गुस्सा है। चितई की नापाक हरकतों ने लोगों को डरा भी दिया है। उनका कहना है कि आरोपी की हरकत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। कई लोगों ने पुलिस से संपर्क कर आरोपी को सख्त सजा दिलाने की भी मांग की है।

### पीपीगंज इलाके में 66 साल के बुजुर्ग ने बंधक बनाकर किया था किशोरी से दुष्कर्म


आरोपी चितई निषाद।


66 साल के बुजुर्ग ने किशोरी को बंधक बना किया दुष्कर्म

19 अगस्त को प्रकाशित खबर।

**बोले गांव के लोग**

**आरोपी को कड़ी सजा मिले**

बुजुर्ग की हरकत से गुस्सा तो आ रहा है, लेकिन सही मानिए तो इस घटना ने डरा भी दिया है। अब किस-किस उम्र के लोगों से बच्चों को बचाया जाए। यह घटना सोचने पर मजबूर कर रही है। अब तो बुजुर्ग आदमी को भी देखकर डर लगने लगा है। आरोपी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। - **कुलदीप सिंह**

**बच्ची का देना चाहिए साथ**

आरोपी को कानून से सजा मिले, इसके लिए पुलिस को साक्ष्य के साथ चार्जशीट देना चाहिए। दूसरे, आरोपी के परिवार वालों को पैरवी ही नहीं करना चाहिए। उन्हें पीड़ित बच्ची के परिवार वालों का साथ देना चाहिए। हम लोग भी बच्ची के परिवार की कानूनी मदद में सहयोग करेंगे। - **गणेश मद्धेशिया**

**भरोसे का कत्ल किया**

यह घटना पूरी तरह से भरोसे का कत्ल है। बच्ची को यह विश्वास ही नहीं होगा कि एक बुजुर्ग ऐसी दरिंदगी कर देगा। उसकी मानसिक कमजोरी का फायदा बुजुर्ग ने उठा लिया। पहली बार तो सुनकर हैरानी हुई, लेकिन बाद में बच्ची के मुंह से उसकी हरकत सुनकर बहुत गुस्सा आ रहा है। - **संदीप अग्रहरी**

**घरवाले भी सुरक्षित नहीं**

ऐसी घटनाएं समाज के लिए ठीक नहीं हैं। बच्ची के साथ हैवानियत कर उसकी जिंदगी तो तबाह कर ही दिया, समाज को भी डराने का काम किया है। ऐसे लोगों से उनके घरवाले भी सुरक्षित नहीं है। आरोपी को कड़ी सजा मिले। - **शुभम मिश्रा**

# सोने का सिक्का देकर झांसे में लिया फिर ठग लिए 12 लाख

अमर उजाला ब्यूरो

## शाहपुर से लालच में उनवल चले गए थे व्यापारी, ठगों ने पहले दिया था असली फिर थमा दिया नकली सोना

**42** सोने के नकली सिक्कों की ठगी, बैंक कर्मचारी समेत दो लोगों ने किया था बिचौलिए का काम, जांच शुरु

उनवल (गोरखपुर)। स्वर्ण व्यापारी को खजनी इलाके में बुलाकर चार ठगों ने 42 सोने के नकली सिक्के देकर 12 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने लुभाने के लिए कुछ दिन पहले एक असली सिक्का दिया था, जिसे व्यापारी ने बेचकर मुनाफा कमाया और जालसाजों के जाल में फंसकर अब 12 लाख रुपये गंवा दिए।

घटना की सूचना के बाद खजनी थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम सक्रिय हो गई। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों के बेहद करीब भी पहुंच चुकी है। उधर, ठगी के शिकार व्यापारी ने खजनी थाने में तहरीर दी है। एक आरोपी का नाम व्यापारी ने दीपक बताया है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के बशारतपुर गंगा टोला निवासी संतोष कुमार वर्मा की सोने-चांदी की दुकान है। कुछ दिनों पहले एक जालसाज ने उनके परिचित बैंक कर्मचारी व एक अन्य की मदद से संपर्क किया। खोदाई के दौरान सोने के सिक्के को पाने की बात कहते हुए सस्ते में बेचने को कहा। कई बार बातचीत होने के बाद व्यापारी ठगों के झांसे में आ गया। फिर व्यापारी ने सैंपल के तौर पर एक सोने की सिक्के की मांग की।

बताया जा रहा है कि 40 हजार में व्यापारी ने एक सिक्का खरीदा, जिसे 53 हजार रुपये में बेचा। मुनाफा देखकर व्यापारी भी लालच में आ गए और फिर ठगों से बातचीत करने लगे।

ठगों ने व्यापारी को उनवल के पास बुलाया। वहां पर पहले से ही नकली सिक्के लेकर ठग मौजूद थे। व्यापारी के आने पर ठगों ने पहले रुपयों से भरा बैग मांगा और फिर सिक्के देने की बात कही। क्योंकि बिचौलिए उनके परिचित थे और पहले भी वह एक सिक्का असली पा चुके थे, इस वजह से ठगों के जाल में फंस गए।



17 मार्च को प्रकाशित खबर।

12 लाख रुपये पाने के बाद ठगों ने नकली सिक्के का बैग थमा दिया और फरार हो गए। बाद में जब व्यापारी ने बैग खोलकर सिक्कों की जांच की तो सभी सिक्के नकली निकले। इसके बाद व्यापारी के होश उड़ गए। खुद के साथ हुई ठगी की जानकारी उन्होंने पुलिस को दी।

व्यापारी से ठगी की जानकारी होने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम को भी लगा दिया है। पुलिस सीसी टीवी कैमरों की मदद से जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही ठगों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## पहले भी लालच में पड़कर फंसे हैं कई स्वर्ण व्यापारी

**15 फरवरी 2023**

*__गोरखनाथ__ क्षेत्र के विजयनगर सिन्धी कॉलोनी के जगदीश चंद्र की शाहपुर थाना क्षेत्र के असुरन चौराहा स्थित नगर निगम कांप्लेक्स में आभूषण की दुकान है। दो महिला व दो पुरुष उनकी दुकान पर दस लाख के जेवर बेचने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने पत्थर पर घिसकर जेवर की गुणवत्ता जांची। सही मिलने पर खरीदने के लिए तैयार हो गया। तत्काल पांच लाख रुपये दे दिया। बाकी का पांच लाख देने के लिए दोनों महिला व पुरुष का मोबाइल नंबर लेकर शाम को बुलाया था। बाद में व्यापारी घंटाघर जेवरों को बेचने गए थे, जांच में नकली निकला था।*

**16 मार्च 2023**

**गोरखनाथ** पुलिस ने एक आरोपी को 70 लाख रुपये सोना चोरी में जेल भेजा था। आरोपी ने बेटी को कनाडा बेचने के लिए साजिश रची थी। उसने गाजियाबाद के एक व्यापारी को बुलाया था। फिर उसे सोना बेचने के बहाने बुलाकर रुपये ले लिया और फिर घूमने के बहाने सोना उड़ा दिया था। व्यापारी भी सस्ते दाम पर सोना लेने के लालच में ही गोरखपुर आया था।

**29 मई 2022**

**छत्तीसगढ़** के व्यापारी प्रसन्ना जैन से कैंपियरगंज इलाके में आठ लाख रुपये की जालसाजी हुई थी। ठगों ने नेपाल से तस्करी का सोना सस्ते में दिलाने का लालच देकर बुलाया था और फिर ठगी कर ली थी। बाद में पुलिस ने केस दर्ज कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकली सोने के सिक्कों को बरामद किया था। हालांकि, पहले व्यापारी ने खुद के साथ लूट की सूचना दी थी। बाद में आरोपियों के पकड़े जाने पर सच्चाई सामने आई थी।

# टास्क पूरा करने का लालच देकर जालसाज ने 71 हजार हड़पे

**जासं, पादरी बाजार :** शाहपुर के बशारतपुर हरिहरपुर के अभिषेक यादव को जालसाज ने टेलीग्राम ग्रुप पर टास्क पूरा करने का लालच देकर 71 हजार रुपये हड़प लिए। सोमवार को उनकी तहरीर पर शाहपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

अभिषेक ने बताया कि अप्रैल में टेलीग्राम पर चस्का नाम से मैसेज आया। इसमें बताया गया कि यू-ट्यूब पर प्रति वीडियो लाइक करने पर 100 से 150 रुपये मिलेंगे। लालच में आकर वीडियो को लाइक किया तो 400 से 500 रुपये उसके बैंक खाते में आ गया। इसके बाद टास्क पूरा करने पर घर बैठे दोगुना रुपये कमाने का मैसेज आया। इसके लिए उसने पांच हजार रुपये आनलाइन मांगे। भेजने के बाद उसने दोबारा टास्क पूरा करने के लिए 25 हजार रुपये मांगे। लालच में आकर इसी तरह से जालसाज को आन लाइन 71 हजार रुपये भेज दिया। दोगुना नहीं होने पर जब रुपये वापस मांगा तो जालसाज ने टास्क पूरा नहीं होने की बात कर और रुपये मांगने लगा।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# न्याय की गुहार लगा रहे दिव्यांग ने शुरू किया अनशन



**सलेमपुर, देवरिया ।** अपने ऊपर हुए हमले के मामले में मुकदमा दर्ज न होने से परेशान दोनों पैर से दिव्यांग व्यक्ति ने आज से नगर के गांधी चौक पर गांधी जी के प्रतिमा के नीचे न्याय न मिलने तक लगातार आमरण अनशन शुरू कर दिया है। सलेमपुर नगर के स्टेशन रोड निवासी दिव्यांग राजेश रौनियार पर कुछ माह पूर्व बगल के ही एक व्यक्ति ने कुदाल से हमला कर दिया, बीच बचाव में आये परिजनों को भी उसने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में जब राजेश ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो प्राथमिकी दर्ज नहीं हुआ, बल्कि उल्टे विरोधी पक्ष से राजेश व उसके परिजनों पर बिना जांच के ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया। जिसमें दोनों पैर से पूर्णतः दिव्यांग राजेश को मारपीट का मुख्य आरोपी बना दिया गया।इससे परेशान होकर उसने अपना मुकदमा दर्ज कराने के लिए मुख्यमंत्री, डीजीपी ,आईजी,डीआई जी,जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से भी गुहार लगाई लेकिन अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। अंत में परेशान होकर उसने 21 अगस्त से आमरण अनशन शुरू कर दिया है।इस दौरान उसने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता संघर्ष करता रहूंगा। **आमरण अनशन के समर्थन में आया राष्ट्रीय दिव्यांग एकता मंच :** गांधी चौक पर दिव्यांग राजेश के समर्थन में राष्ट्रीय दिव्यांग एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने पहुंचकर 22 अगस्त से आमरण अनशन के समर्थन करने का एलान किया, और कहा कि धरना स्थल पर दिव्यांग साथियों के साथ इसमें शामिल होंगे व न्याय मिलने तक लड़ाई लड़ेंगे।

# 42 दिनों तक थानेदार रहे राहुल सिंह

**लार।** स्थानीय थाना लार के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह का कार्यकाल बहुत अल्प रहा। मात्र 42 दिन के कार्यकाल के दौरान उन्होंने दलालों का थाने में प्रवेश बंद करा दिया था। जनता से सीधा संवाद और त्वरित कार्रवाई उनकी कार्य पद्धति का हिस्सा था। केस लिखवाने के लिए फरियादियों को चक्कर नहीं लगाने पड़ते थे। इनके कार्यकाल में क्षेत्र में कोई बड़ी घटना भी नहीं हुई, फिर भी पुलिस अधीक्षक ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। जिससे क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है कि आखिर उन्हें इतने कम समय में ही क्यों हटा दिया गया।

# सेक्स स्कैण्डल की जांच में लापरवाही से छिन गयी थानाध्यक्षी

**बरहज (एसएनबी)।** जनपद में सुर्खियां बटोर रहे सेक्स स्कैण्डल के चलते एक सप्ताह में ही बरहज के थानाध्यक्ष को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ गयी। प्रकरण में निष्पक्ष जांच कार्यवाही न करते हुए संलिप्त लोगों से पूछताछ के नाम पर धनउगाही की भी चर्चाएं होने लगी। थानाध्यक्ष की लापरवाही उच्चाधिकारियों पर भारी पड़ी और रविवार की रात में ही इन्हें थाने से हटाकर एसपी का पीआरओ बना दिया गया। थानाध्यक्ष के हटते ही संलिप्त लोगों में एक बार फिर भय व्याप्त हो गया है कि नवागत थानाध्यक्ष द्वारा निष्पक्ष जांच कार्यवाही की गयी तो सेक्स स्कैण्डल से जहां पर्दा उठेगा वहीं कई चेहरे बेनकाब होंगे।

जानकारी के अनुसार देवरिया जनपद के एक कालोनी में थाना क्षेत्र से जुड़े कुछ लोगों ने कम समय में धनवान बनने की लालसा और रसिक स्वभाव के कुछ नवधनाढ्यों, व्यापारियों और सफेदपोशों की कमजोरी का लाभ उठाकर उन्हें अपने सेक्स स्कैण्डल के जाल में फंसाया और फिर अश्लील वीडियों बनाकर कुछ दिनों बाद दिखाकर ब्लैकमेल करते हुए उनसे मोटी रकम ऐंठते रहे। लगभग छः माह से चल रहे सेक्स स्कैण्डल के खेल का भण्डा तब फूटा जब स्कैण्डल की महत्वपूर्ण किरदार महिला के सम्बन्धों में इस रैकेट में जुड़े प्रमुख लोगों से लेनदेन में खटास आ गयी और मतभेद हो गया। इस बात की जानकारी होते ही सेक्स स्कैण्डल की गिरफ्त में आये कुछ लोगों ने महिला से सम्पर्क साधा। चर्चा तो यह भी है कि महिला से शायद बयान हल्फी बनवाकर चिप व पेनड्राइव देकर पहले तो अपने को सुरक्षित किया और फिर घटना में संलिप्त साजिशकर्त्ता बैजनाथ यादव, सुवाष चौहान व उसके बेटे को सबक सिखाने के लिए पुलिस अधीक्षक सहित बरहज पुलिस को सौंपकर कार्यवाही की मांग किया। मामले को रफा दफा करने के लिए बरहज सहित देवरिया में महिला के रूम पर कई बार पंचायत भी हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो चुका है। एक सप्ताह पूर्व थानाध्यक्ष का पदभार संभाले नवागत थानाध्यक्ष अनिल यादव के आते ही बड़ा स्कैण्डल सामने आया लेकिन थानाध्यक्ष की कार्यप्रणाली निष्पक्ष न होकर मैनेज करने में लग गये। सूत्रों की मानें तो थाने में तैनात एक कांस्टेबल की भूमिका भी संदिग्ध है। इस पूरे प्रकरण में थानाध्यक्ष की कार्यप्रणाली आम जनमानस के साथ ही उच्चाधिकारियों के आँख में भी खटकने लगी और इसका नतीजा रहा कि 10 दिनों में ही उन्हें थानाध्यक्षी से हटाकर एसंपी का पीआरओ बना दिया गया। रात में ही नये प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी की कमान जितेन्द्र सिंह को सौंप दी गयी। नवागत थाना प्रभारी के लिए इस बड़े सेक्स स्कैण्डल की रहस्योद्घाटन तथा दोषियों को बेनकाब करने की चुनौती होगी। अब तो यह आने वाला समय ही बतायेगा कि इस प्रकरण में वे कहां तक सफल होते है। लोगों की उत्सुकता भी इस बात को लेकर है कि पुलिस इस पुरे प्रकरण से जुड़े सभी पात्रों की भूमिका का सघन जांच कर दोषियों को न केवल बेनकाब करें बल्कि उनके चेहरे से भी पर्दा उठ जाय ताकि जो भोले भाले चेहरे के पीछे धन लोलुपता और कामुक भेड़ियों के रूप में सभ्य समाज के लिए कलंक बन गये है। क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे प्रकरण की सघन जांच कार्यवाही जारी है।

# युवक को चाकू मारने वाले बदमाशों को ग्रामीणों ने दूसरे दिन पकड़ा

बनकटा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के इंगुरी गांव में बीती रात कथित प्रेम प्रसंग में एकांत में बात करने निकले युवक को बदमाशो ने चाकू मार कर घायल कर दिया था दूसरे दिन युवक की शिनाख्त पर ग्रामीणों ने तीन बदमाशों को इंगुरी बाजार के पास एक नलकुओ पर नहाते समय पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि एक बदमाश भागने में सफल रहा।बदमाशो के पास से चोरी की एक मोबाइल भी मिली है बीती रात ही पकड़ी नरहिया निवासी एक व्यक्ति के घर मे घुस कर चोरी की गई थी।इस मामले में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर भी दी थी हल्का दरोगा रिज्वांन अली ने बरामद मोबाइल को उसके अनर को देदी लेकिन पकड़े गए बदमाशो के विरुद्ध कारवयी करने आनाकानी कर रही थी जिसको लेकर लोगों में पुलिसिया कार्य प्रणाली के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

# महिला समेत 11 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

**जासं, देवरिया:** गौरीबाजार थाना के लेहड़ा में चार दिन पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला समेत दोनों पक्षों के 11 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

गांव के धर्मेंद्र कुमार ने कहना है कि पुरानी रंजिश में 17 अगस्त को शाम सात बजे मेरे दरवाजे पर कुछ लोग आए और लाठी-डंडे से हमला बोल कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने भाई प्रेम सागर, पत्नी रंभा देवी आई तो उनकी भी आरोपितों ने पिटाई की। पुलिस ने गांव के रामसेवक, रामदयाल, बादामी देवी, नेबूलाल, ओमप्रकाश, शिवम, संगम के विरुद्ध हत्या के प्रयास, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

उधर दूसरे पक्ष से बादामी देवी की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र, प्रेम सागर, जयराम, रंभा देवी के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेजहत्या की महिला आरोपी गिरफ्तार

तरकुलवा(एसएनबी)। स्थानीय थानाक्षेत्र के पगरा गांव में करीब एक माह पूर्व विवाहिता की मौत के मामले में दहेज हत्या में वांछित एक महिला अभियुक्त को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। इस मामले में मृतका के पति को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तरकुलवा थानाक्षेत्र के पगरा गांव निवासी छोटेलाल प्रजापति की पत्नी कुमकुम प्रजाति का शव 23 जुलाई की शाम को छत की कुंडी से लटकता हुआ मिला था। मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज के लिए बेटी की हत्या कर शव को कुंडी से लटकाने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति, सास समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। जिसमें सोमवार को पुलिस ने आरोपी सास मोतीरानी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पांच वारंटी गिरफ्तार

बनकटा (एसएनबी)। बनकटा पुलिस ने सोमवार को वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के सुन्दरपार भटवलिया पांडेय निवासी जितेंद पुत्र हरिशंकर संदीप पुत्र चंदेश्वर मुनेश्वर पुत्र श्यामसुंदर गुड्डू पुत्र गंगा विशुन तथा सोहनपुर गांव निवासी कन्हैया मद्देशिया पुत्र आभ्या मद्देशिया को गिफ्तार कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया।

# युवती को भगाया, मुकदमा दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के उप नगर स्थित एक वाड की युवती को अबेडकर नगर के बसखारी के रहने वाला शाबीर पुत्र अली ने भगा ले गया है। इस मामले में युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराई है। तहरीर में बताया गया है की उसके घर युवक का काफी दिनों से आना जाना था। इसी बीच वह उसके बेटी को भगा ले गया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया की इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं दोनों की तलाश पुलिस कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दम्पति की मौत

मईल/लाररोड। सलेमपुर तहसील क्षेत्र के धरमेर महलिया गांव में वृद्ध दम्पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई ।धरमेर महलिया गांव निवासी श्रीराम कुशवाहा 70 वर्ष व उनकी पत्नी कलावती 65 वर्ष गांव के बाहर घोठे पर रहते थे ।सोमवार की शाम उनकी बहू गांव के मकान से जब घोठे पर पहुँची तो दोनों लोग मृत पड़े थे ।यह देख वह चीखने चिल्लाने लगी ।शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इक्कठी हो गई ।किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया सूचना पर पहुँची मईल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है वही मृतक का पुत्र एकलौता पुत्र अखिलेश मुंबई के किसी प्राइवेट कंपनी में कार्य करता है । उसकी पत्नी गायत्री अपने दस वर्षीय पुत्र सूरज के साथ पुश्तैनी गांव के मकान मे रहती है । इस बाबत नवागत मईल थाना प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारण पता चलेगा ।



मौके पर मौजूद पुलिस बल।

# चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

लार । लार थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से एक महिला को निकालने, बर्तन, सिलेंडर बाहर फेंकने व हैंडपंप तोड़ने के मामले में महिला की शिकायत पर लार पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के कोहरा गांव निवासी संध्या यादव पत्नी सरवन यादव ने लार पुलिस को लिखित तहरीर देकर अबगत कराया था कि गत 21 अगस्त की सुबह हमारे चचेरा ससुर पुरानी रंजिश को लेकर अपने बेटे व अन्य लोगों के साथ घर से सिलेंडर, बर्तन, बाल्टी बाहर निकाल कर फेंक दिया। घर में लगा हैंडपंप को तोड़ दिया। मना करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने लगे। कोहरा गांव निवासी संध्या यादव की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही छोटे लाल यादव, अजीत यादव व अंशुल यादव उर्फ टेंगरी और छोटेलाल की पत्नी के विरुद्ध धारा 323, 452, 504 व 427 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। नोनापार-भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के बीच थाना क्षेत्र के फूलमान टोला के समीप सोमवार को जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। रेलेवे ट्रैक की ओर गए ग्रामीणों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुची पुलिस मृतक के पाकेट से मिले पहचान पत्र के आधार पर उस की पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह अमृतसर से दरभंगा जाने वाली डाउन जन सेवा एक्सप्रेस ट्रेन से एक व्यक्ति गिर पड़ा। ट्रेन से गिरने के कारण वह बुरी तरह से घायल हो गया जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। लोगों ने इसकी सूचना भाटपाररानी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके जेब से मिले पहचान पत्र से उसकी पहचान विशाल (40) पुत्र राम अशीष माझी निवासी हरेंद्र राय का टोला जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि शव को पहचान के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा उसके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

# कोर्ट के आदेश पर सात के खिलाफ छेड़खानी का केस

## कार्रवाई

पथरदेवा/तरकुलवा, हिटी। न्यायालय के निर्देश पर तरकुलवा पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज किया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि बीते 09 मई 2023 को गांव के कुछ लोग उसके परिजनों के साथ घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने महिला के कपड़े भी फाड़ दिए। इससे महिला अर्द्धनग्न हो गई। पीड़िता थाने पहुंची लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला ने पुलिस अधीक्षक से भी गुहार लगाई लेकिन वहां से भी न्याय नहीं मिला।

थक-हारकर महिला ने 19 जून को न्यायालय का शरण लिया। न्यायालय अपर सिविल जज ने तरकुलवा पुलिस को 156(3) के तहत संतोष पासवान, शत्रुधन पासवान, विपिन, संजय, विकास, आकाश व अमन के खिलाफ छेड़खानी व गोलबंद होकर घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने सात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## किशोरी को भगाने पर युवक पर मुकदमा

मदनपुर। स्थानीय पुलिस ने बरहज के एक युवक पर किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का केस दर्ज किया है। पुलिस किशोरी व युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। मदनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 19 अगस्त को घर से गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लग सका। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाया। पुलिस ने युवक पर केस दर्ज किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बरहज के राइन टोला बड़ी मस्जिद निवासी अफजल हुसैन पुत्र अब्दुल कलाम पर केस दर्ज किया गया है।

**भगाने का केस :** सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के नगर वार्ड की एक युवती को अबेडकर नगर के बसखारी के रहने वाला शाबीर पुत्र अली ने भगा ले गया है। इस मामले में युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराई है। भगाई गई युवती की मां ने तहरीर में कहा है कि उसके घर एक युवक का काफी दिनों से आना जाना था। इसी बीच वह मेरी बेटी को भगा ले गया है। इस मामले में कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर ली गई हैं। तलाश जारी है।

युवती को बहला फुसलाकर

# हनी ट्रैप : महिला के माध्यम से पुलिस करेगी बड़ा पर्दाफाश

**जासं, बरहज:** जिले के हनी ट्रैप का मामले की जांच अब तेज हो गई है। इस गिरोह में अहम किरेदार की भूमिका निभाने वाली महिला के माध्यम से पुलिस बड़ा पर्दाफाश करेगी। पुलिस इसका खाका तैयार कर रही है। उधर इस गिरोह के संपर्क में रहने वाले लोग इन दिनों भूमिगत हो गए हैं और उनका मोबाइल बंद हो गया है।

बरहज पुलिस पूर्व नपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गिरोह में शामिल बैजनाथ यादव रवि चौहान को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। मास्टर माइंड सुभाष चौहान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि महिला के घर पर व नदी पार उसके एक रिश्तेदार के यहां रविवार की रात सीओ अंशुमन श्रीवास्तव के

## बरहज में हनी ट्रैप का मामला

नेतृत्व में बरहज पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को अहम सुराग हाथ लग गए हैं। इस गिरोह में कई अन्य लोगों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस महिला के माध्यम से ही बड़ा पर्दाफाश करने की तैयारी में है। दो से तीन दिनों के अंदर पुलिस इसका राजफाश करेगी। उधर पंचायत में एक दारोगा के शामिल होने की बात सामने आने के बाद एसपी सख्त हो गए हैं और दारोग के बारे में इंस्पेक्टर व सीओ से जानकारी मांगी है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि टीमें लगी हैं। महिला को जल्द ही गिरफ्तार कर पूरे प्रकरण का पर्दाफाश किया जाएगा। काल डिटेल के साथ ही बैंक एकाउंट के भी डिटेल खंगाले जा रहे हैं। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# चार लोगों के विरुद्ध लूट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, देवरिया: गौरीबाजार थाना के वकीलगंज चौराहे पर एक पखवारा पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध लूट, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है।

गौरीबाजार थाना के कतौरा गांव के रहने वाले चंदन गोंड बखरा के रहने वाले सुमित प्रताप राव की गाड़ी चलाते हैं। चार अगस्त को अपने मालिक के साथ गाड़ी लेकर देवकली जा रहे थे, अभी वह वकीलगंज चौराहे पर पहुंचे थे कि कुछ लोगों से उनके मालिक से रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपितों ने मारपीट की और गले में सोने की चेन लूट लिया। साथ ही जातिसूचक शब्द का प्रयोग भी किया। इस मामले में पुलिस ने गगन कुमार, राजेंद्र त्रिपाठी निवासीगण सवना परशुराम थाना गौरीबाजार, नीरज त्रिपाठी, कमलेश त्रिपाठी निवासीगण सुरचक थाना गौरीबाजार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# जमीन देने के नाम पर ले लिया 2.70 लाख, मुकदमा

जागरण संवाददाता, बनकटा : भूमि देने के नाम पर एक महिला से 2.70 लाख रुपये एक युवक ने डकार लिया। अब रुपया मांगने पर आरोपित देने से इन्कार कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। खामपार थाना के बखरी की रहने वाली रंजू देवी का कहना है कि लार के रोपन छपरा गांव का रहने वाला निजमान मिया ने भूमि देने के नाम उनसे 2.70 लाख रुपये लिया। अब न तो भूमि का बैनामा कर रहा है और न ही रुपये ही वापस कर रहा है।



# दहेज हत्या के मामले में महिला गिरफ्तार, भेजी गई जेल

जासं, तरकुलवा : दहेज हत्या के मामले में फरार चल रही महिला को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। तरकुलवा थाना के पगरा गांव में 23 जुलाई को कुमकुम प्रजापति पत्नी छोटेलाल प्रजापति की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई थी। इस मामले में कुमकुम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत आठ लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज की है। सोमवार की तड़के पुलिस ने सास मतुरानी देवी पत्नी रामदीन को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## ग्राहक सेवा केंद्रों की हुई जांच

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के सभी ग्राहक सेवा केंद्रों की चेकिंग प्रभारी निरीक्षक मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में की गई। इस दौरान सभी ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि ग्राहक सेवा केंद्र के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे जहां नहीं लगे हैं वहां हर हाल में लगवाएं। संवाद

# मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

लार : क्षेत्र के मझवलिया नंबर तीन की रहने वाली शिवांगी सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गांव के मुकेश सिंह, रूपेश सिंह, पिंकी सिंह व भारत सिंह के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं रुपेश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने जितेंद्र सिंह, शिवानी सिंह, निर्मला सिंह के विरुद्ध मारपीट व चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# धार्मिक स्थल के पास गंदा पानी बहाने का लगाया आरोप

सलेमपुर। लार के हाटा गांव में एक धार्मिक स्थल पर गंदा पानी बहाने का आरोप लगाया है। इस गांव के दक्षिण-पूरब तरफ एक धार्मिक स्थल है, जहां गांव के कुछ परिवारों के घरों का कचरा व गंदा पानी इकट्ठा हो रहा है।

हालांकि ग्राम प्रधान इजहार अहमद ने नाली बनवाई है। उसके बाद भी कुछ घरों से नाली में पानी न बहा धार्मिक स्थल पर बहाया जा रहा है। ग्राम प्रधान इजहार अहमद ने बताया कि कुछ परिवार सती स्थान के नजदीक बसे हैं जो स्थान के बगल में गड्ढा कर दिए थे। पिछले वर्ष मैंने मिट्टी डलवाई और सती स्थान पर साफ सफाई की गई थी और चेतावनी भी दी गई। संवाद

# बुजुर्ग दंपती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## मुंबई में रहता है पुत्र, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। मईल थाना क्षेत्र के धरमेर महलिया गांव में बुजुर्ग दंपति की सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दंपती का पुत्र मुंबई में रहता है। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई।

धरमेर महलिया गांव निवासी श्रीराम कुशवाहा (80) व उनकी पत्नी कलावती (75) गांव के बाहर घोठे पर रहते थे। सोमवार की शाम उनकी बहु गांव के मकान से जब घोठे पर पहुंची तो दोनों लोग मृत पड़े थे। यह देख वह चीखने-चिल्लाने लगीं। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

### पति-पत्नी की मौत के कारण का नहीं चल सका पता

मृतक का पुत्र मुंबई के किसी प्राइवेट कंपनी में कार्य करता है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा।



मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस। संवाद

# वीडियो वायरल प्रकरण में एसओ पर गिरी गाज

बरहज। चार दिन पहले तैनात हुए थानाध्यक्ष अनिल यादव का रविवार को एसपी डॉ. संकल्प शर्मा ने स्थानांतरण कर दिया गया। लोग इसे महिला के साथ संभ्रांत लोगों का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किए जाने मामले में जोड़कर देख रहे हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं एक अन्य आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है। संवाद

# दहेज हत्या की आरोपी महिला गिरफ्तार

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के पगरा गांव में करीब एक माह पूर्व विवाहिता की मौत के मामले में दहेज हत्या में वांछित आरोपी सास मोतीरानी देवी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। इस मामले में मृतका के पति को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पगरा गांव निवासी छोटेलाल प्रजापति की पत्नी कुमकुम प्रजाति का शव 23 जुलाई की शाम को छत की कुंडी से लटकता हुआ मिला था। मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज के लिए बेटी की हत्या कर शव को कुंडी से लटकाने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति, सास समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। जिसमें सोमवार को पुलिस ने आरोपी सास मोतीरानी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

# सात लोगों पर बलवा और घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज

**देवरिया।** तरकुलवा थानाक्षेत्र के फरेंदहा गांव में कुछ लोगों पर एक युवक को घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने सात लोगों पर केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश के बाद की गई है। फरेंदहा गांव की नाज़िया निशा ने कोर्ट में गुहार लगाकर बताया था कि उनका बेटा सोनू उर्फ नदीम नौ मई को गांव के अभिषेक पासवान की चारपहिया गाड़ी लेकर बगल की सोना खातून का इलाज़ कराने के लिए ले जाने उनके दरवाजे पर गया। इसी बीच अचानक गांव के कुछ लोग गोलबंद होकर लाठी-डंडा लेकर गाली देते हुए मारने-पीटने लगे। आरोप है कि जब उनका बेटा जान बचाकर भाग कर घर में घुसा तो वे लोग घर में घुस गए और उसे मारपीट कर घायल कर दिए। संवाद

## मारपीट कर किया घायल

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के कुछ लोगों ने राजू पांडेय तथा उनके घर कार्य कर रही एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। राजू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## पांच वारंटी गिरफ्तार

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के सुंदरपार गांव के पांच वारंटियों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। इसमें जितेंद्र, संदीप, भुवनेश्वर, गुड्डू कुमार, व सोहनपुर के रहने वाले कन्हैया जो एक मामले में वांछित चल रहे थे। संवाद

## मारपीट व छेड़खानी का केस दर्ज

**देवरिया।** भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी दो बेटियां 18 अगस्त को खेत की तरफ गई थी। इसी बीच शिवपाल, विक्कू, सत्यदेव, सत्येंद्र, कांता ने मारपीट कर छेड़खानी की। किसी तरह दोनों बेटियां भागकर घर आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## जानलेवा हमले का केस दर्ज

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के लेहड़ा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला और मारपीट का केस दर्ज किया है। आरोप है कि भूमि के विवाद में 17 अगस्त को गांव के ही रामसेवक, रामदयाल, बदामी देवी, नेबूलाल, ओमप्रकाश, शिवम, संगम ने जानलेवा हमला बोल दिया। इसी मामले में दूसरे पक्ष की बदामी देवी की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र, प्रेमसागर, जयराम, रंभा देवी के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज हुआ है। संवाद

## लूट का केस दर्ज

**देवरिया।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के कतौरा निवासी चंदन गोंड की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ लूट, मारपीट और एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि 20 अगस्त को वह अपने वाहन मालिक सुमित राव के साथ गाड़ी लेकर वकीलगंज चौराहे पर पहुंचा था कि गगन कुमार, राजेंद्र त्रिपाठी निवासी सवना परशुराम, धीरज त्रिपाठी, बाल्मीकी निवासी गोठा रसूलपुर महुआरी ने उसे रोक लिया। संवाद

# दुष्कर्म के प्रयास का केस दर्ज

देवरिया। सदर कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी महिला का आरोप है कि उसकी बेटी के साथ एक युवक ने गलत व्यवहार किया। जिसको वह लोक-लाज वश बताती नहीं थी। लड़की की शादी तय की है। बेटी एक दिन घर पर अकेले थी तो युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया था और अश्लील फोटो बना लिया।

16 अगस्त को आरोपी युवक जबरदस्ती घर में घुस गया और गालियां देने लगा। जिस जगह पर शादी तय है उस जगह अश्लील फोटो भेज दिया है। कोतवाल दिनेश मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। संवाद

# नाबालिग लड़की को भगाने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**मईल।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगाने के आरोपी युवक को पुलिस ने रुद्रपुर थाना क्षेत्र के रामलक्षन से गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। जहां से जेल भेज दिया गया। मईल थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप मे लड़की के पिता की तहरीर पर लगभग 50 दिन पहले मदनपुर थाना क्षेत्र के महेन गांव निवासी सचिन पासवान पर बहला-फुसलाकर भगाने का केस दर्ज कर खोज बीन कर रही थी। रविवार शाम को पुलिस टीम ने रामलक्षन के पास बनियनी गांव से दोनों को हिरासत में ले लिया। संवाद

# प्रधानाध्यापक पर केस दर्ज, विभाग ने किया निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। तरकुलवा क्षेत्र के मुरार छापर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पीपल की डालियां कटवानी भारी पड़ गईं हैं। वन विभाग ने बिना अनुमति के हरे पेड़ की डालियां कटवाने व बगुलों के बच्चों की मौत के मामले में हेडमास्टर को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन का दोषी पाया है। उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। जबकि बीईओ की रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने उन्हें निलंबित कर दिया है और जांच कमेटी भी गठित कर दी है।

पथरदेवा विकास खंड के मुरार छापर गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर स्थित पीपल के हरे पेड़ की डालियों को रविवार को प्रधानाध्यापक खैरूल बशर ने मजदूरों से कटवा दिया था, जिससे उस पर स्थित बगुला पक्षियों का घोंसला उजड़ गया और बड़ी संख्या में बगुले के बच्चे जमीन पर गिरकर मर गए थे।

इस दौरान बगुलों के करीब एक दर्जन बच्चे चोटिल भी हो गए थे। जिसकी सूचना मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर घटना की जांच-पड़ताल की। वन विभाग की टीम ने घायल बगुलों का इलाज करवाया।

## भारी पड़ा स्कूल परिसर में पीपल की डालियां कटवाना

### पीपल की डालियां काटने से बगुलों के तीस बच्चों की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। तरकुलवा क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण स्थित पीपल के पेड़ की डालियों को हेडमास्टर की ओर से कटवाने से उस पर से बगुलों के करीब तीस बच्चों की जमीन पर गिरने से मौत हो गई।

जबकि कुछ घायल हो गए।

**मौके पर जुट गए ग्रामीणों ने अधिकारियों से की शिकायत**

*मामले की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। उनका जो निर्देश होगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।*

– गोपाल मिश्रा, बीईओ

**अमर उजाला में प्रकाशित खबर।**

जबकि मृत बगुलों के शवों को सील कराकर सुरक्षित रख लिया।

डीएफओ जगदीश रामाश्रय ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने बिना अनुमति के मनमाने ढंग से पीपल की डालियां कटवाई थीं, जिससे लगभग तीस बगुलों के बच्चों के मरने और घायल होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है।

उधर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानाध्यापक को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है।

उन्होंने बिना विभागीय अनुमति के विद्यालय कैंपस में हरे पीपल के पेड़ डालियों को कटवा दिया, जिससे उस पर से गिरकर बगुलों के बच्चों की मौत हो गई। इसलिए हेडमास्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करके मामले की जांच कराई जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# 1920 बोतल शराब के साथ दो दबोचे

खड्डा। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी खड्डा संदीप वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत खड्डा पुलिस ने यूपी-बिहार बार्डर पर एक लग्जरी वाहन को पकड़ा। इसमें 1920 बोतल हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद हुई। कार से पुलिस ने हरियाणा निवासी दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

खड्डा इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह रविवार की देर शाम एसआई प्रमोद गौतम सिपाही, शशिकेश गोस्वामी, चन्दन यादव, यशवंत यादव, रामनिवास यादव के साथ यूपी-बिहार बार्डर पर गश्त पर निकले थे। इस दौरान फर्जी बिहार का नम्बर प्लेट लगी लग्जरी कार को रोककर उसकी तलाशी ली। कार से बोरे में रखी 1920 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। पकड़े गये तस्करों की पहचान आईटीई चौक सोनीपत हरियाणा निवासी अजय व अमित कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस कार सहित शराब जब्त कर ली है। तस्करों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# फरियादियों से नरमी से पेश आएं पुलिसकर्मी: एसपी

## अहिरौली थाना

- थाना परिसर में बने रहे भवन की गुणवत्ता जानी
- अभिलेखों को दुरुस्त रखने का दिया आदेश

पडरौना, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने सोमवार को अहिरौली बाजार थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को दुरूस्त रखने व फरियादियों के साथ नरमी से पेश आने के निर्देश दिये।

एसपी ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योंहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या व बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों की जांच की। जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत अंकन करने तथा समस्या का निस्तारण करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में फरियादियों से निरन्तर फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में दर्ज करने निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। आईजीआरएस के मध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। बीट पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान करने का निर्देश दिया। मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से सम्बन्धित उपकरणों की साफ सफाई करा कर रखने का निर्देश दिया। थाना परिसर में निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की। इस दौरान एसओ श्रीप्रकाश राय, रविभूषण, प्रेमचंद्र, पुरूषोत्तम, चंद्रमौली, विनोद, सोनदेव, धर्मेंद्र, जितेंद्र, सुजीत आदि उपस्थित रहे।

# गैंगरेप का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**दाहूगंज।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को अगवा कर गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर भेजा जेल। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि मामले में दो नामजद आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके थे। सोमवार को आरोपी राजन यादव निवासी गड़हिया पाठक को गोपालपुर मुक्तिधाम नहर के पुल के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# अब महिला सिपाहियों की भी स्वतंत्र फील्ड ड्यूटी

**महिला सशक्तिकरण**

■ संदीप त्रिपाठी

- थानों के कार्यालयों से निकल क्षेत्र भ्रमण कर शुरू की निगरानी
- प्रत्येक थाने में पांच से दस महिला सिपाहियों को मिला हल्का यानि बीट
- अपराधों को रोकने के साथ बड़े से बड़े मामलों को निपटायेंगी महिलाएं

**पडरौना।** जनपद के सभी थानों के कार्यालयों व महिला हेल्प डेस्क पर काम करने वाली महिला सिपाही अब हल्का बीट में स्वतंत्र रूप से फील्ड ड्यूटी कर क्राइम कंट्रोल करने में जुटी हैं। इसे पुलिस विभाग में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पहले सिर्फ पुरूष सिपाही फील्ड में बीट का स्वतंत्र प्रभार देखते थे, लेकिन अब जिले के 147 महिला सिपाहियों को बीपीओ नियुक्त कर बीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें एएसपी ने कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किया है। अपराधियों की नकेल कसने व अपराध पर अंकुश लगाने में महिला सिपाही जुट कर पुरूष सिपाहियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कदम को आगे बढा रही हैं।

कुशीनगर के 22 थानों में कुल 977 बीट हैं। जिले में कुल 1792 कांस्टेबल व 475 हेड कांस्टेबल तैनात हैं। इनमें 317 महिला सिपाहियों की नियुक्ति है। इन थानों में महिला सिपाहियों को सिर्फ कार्यालयों के साथ महिला हेल्पडेस्क तथा महिला थाने व महिला चौकी पर तैनात किया गया था। थानों के बीट पर सिर्फ पुरूष सिपाहियों को नियुक्ति होती थी। पहली बार आईजी गोरखपुर जे रविंद्र गौंड के निर्देश पर महिला सिपाहियों को बीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीट की जिम्मेदारी मिलने से महिला सिपाहियों के सम्मान व कार्य क्षमता में बढोत्तरी हुई है। जिले के 977 बीट में 147 बीट पर महिला सिपाहियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक थाने में कुल संख्या का 10 से 20 प्रतिशत के अनुपात में महिला सिपाहियों को बीट की कमान मिली है। रविंद्रनगर थाने के एसओ राजेश मिश्रा के मुताबिक थाने में तैनात कुल 16 सिपाही में दो बीट पर चार बीपीओ यानि महिला सिपाही को तैनात किया गया है। वहीं पडरौना कोतवाली में दस बीट पर दस महिला सिपाह तैनात हैं। यह महिला सिपाही बीट पर पहुंच क्राइम कंट्रोल कर रही है।



पडरौना कोतवाली के साहबगंज बीट पर महिला की समस्या को सुनकर निस्तारण करने की प्रयास करती महिला बीपीओ प्रीति गोंड।

## पडरौना व रविंद्रनगर में इनकी हुई तैनाती

**पडरौना।** कोतवाल पडरौना राज प्रकाश सिंह के मुताबिक साहबगंज उत्तरी बीट में ममता, साहबगंज दक्षिणी में प्रिती गोंड, रामधाम पोखरा में शांति पाल, मेन बाजार में पूर्णिमा मिश्रा, गरुणनगर में रीना कुमारी, ओंकार बाटिका में रंजना वर्मा, खिरिया टोला में उमा मौर्य, बलुचहा में प्रियंका पटेल, मुन्ना कालोनी में नीतू गुप्ता व नौका टोला बीट में संगीता यादव को क्राइम कंट्रोल की जिम्मेदारी दी गई है। रविंद्रनगर थाने में चार महिला सिपाहियों को बीट पर कमान मिली है। बीट संख्या एक में प्रिती सिंह व प्रियंका यादव तथा बीट संख्या दो में काजल गोंड व क्षमा सिंह तैनात हैं।

" जिले के 147 बीट पर महिला बीपीओ को नियुक्त किया गया है। महिला बीपीओ को पुलिस लाइन में कार्यशाला में कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया है। महिला बीपीओ अपने-अपने बीट पर बेहतर तरीके से काम कर रही हैं।

**धवल जायसवाल,** एसपी कुशीनगर

# 48 घंटे में 133 अभियुक्त दबोचे

**पडरौना।** गोरखपुर परिक्षेत्र में वांछित एवं वारण्टियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये गये विशेष अभियान में कुशीनगर जनपद नवम्बर वन बनी है। 48 घंटे के इस विशेष अभियान में कुल 133 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कुशीनगर पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। सबसे कम महराजगंज में सिर्फ 59 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है।

गोरखपुर परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में शनिवार को सायं 4 बजे से रविवार की रात्रि तक एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 298 वारण्टियों एवं 69 वांछित अपराधियों सहित कुल 367 वारण्टियों एवं वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को विशेष अभियान के तहत वारण्टी, गैगेस्टर, वांछित, जिला बदर अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने का अभियान चलाकर कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिये गये थे। इसके तहत पिछले 48 घण्टे में जनपद पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त 25 एवं वारंटी अभियुक्त 108 सहित कुल 133 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इससे न्यायालय के कार्यों में गतिशीलता व सुगमता आयेगी, जिससे वादों का त्वरित निस्तारण सम्भव होगा।

# कुशीनगर में हिरासत से भागा लूट का आरोपी

- पुलिस कह रही नशे में होने के कारण उसे छोड़ा
- एसपी ने पूरे मामले की जांच सीओ को सौंपी

खड्डा (कुशीनगर), हिसं। बिहार के पश्चिमी चंपारण से एसएसबी जवान की बाइक लूटकर भागे बदमाश के रविवार रात कुशीनगर की हनुमानगंज पुलिस की हिरासत से फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि, पुलिस नशे की हालत में होने से उसे छोड़ने की बात कह रही है। इस बीच बिहार पुलिस से उसके लुटेरा होने की खबर पर हनुमानगंज पुलिस अब सरगर्मी से तलाश में जुटी है। एसपी ने पूरे मामले की जांच सीओ को सौंपी है।

रविवार की रात हनुमानगंज एसओ अजय पटेल हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इसी दौरान नशे की हालत में बाइक लेकर आ रहा एक युवक हत्थे चढ़ गया। पुलिस उसे पकड़कर थाने लाई और पूछताछ की। पुलिस टीम उसके पास से कुछ देर के लिए हटी तभी वह मौका देखकर थाने से फरार हो गया।

› लिफ्ट मांग लूटी बाइक P04

# बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

दुदही। बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद बुजुर्ग को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालांकि, इस घटना के दौरान बाइक सवार को भी चोट आई है। विशुनपुरा थाना गेट के ठीक सामने दुदही की तरफ से गौरी श्रीराम जा रहे बाइक सवार ने थाना गेट के सामने ही अपने लड़के के दुकान के बाहर खड़े रमाकांत राय को टक्कर मार दी। इससे रमाकांत गंभीर रूप से घायल हो गए।

# फरियादियों से नरमी से पेश आएं पुलिसकर्मी: एसपी

## अहिरौली थाना

- थाना परिसर में बने रहे भवन की गुणवत्ता जानी
- अभिलेखों को दुरुस्त रखने का दिया आदेश

पडरौना, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने सोमवार को अहिरौली बाजार थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को दुरूस्त रखने व फरियादियों के साथ नरमी से पेश आने के निर्देश दिये।

एसपी ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योंहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या व बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों की जांच की। जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत अंकन करने तथा समस्या का निस्तारण करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में फरियादियों से निरन्तर फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में दर्ज करने निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। आईजीआरएस के मध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। बीट पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान करने का निर्देश दिया। मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से सम्बन्धित उपकरणों की साफ सफाई करा कर रखने का निर्देश दिया। थाना परिसर में निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की। इस दौरान एसओ श्रीप्रकाश राय, रविभूषण, प्रेमचंद्र, पुरूषोत्तम, चंद्रमौली, विनोद, सोनदेव, धर्मेंद्र, जितेंद्र, सुजीत आदि उपस्थित रहे।

## दोनों सांसदों की मौजूदगी में हुई दिशा की बैठक, जर्जर तार-पोल व कम क्षमता के ट्रांसफार्मर के सर्वे का निर्देश

# बैठक में निशाने पर रहा बिजली विभाग

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों के निशाने पर बिजली विभाग के एक्सईएन रहे। कुशीनगर व देवरिया दोनों सांसदों के साथ ही सभी विधायकों ने भी बेतहाशा बिजली कटौती, जर्जर तार पोल तथा जले ट्रांसफार्मर बदलने में बेतहाशा देरी को लेकर बिजली विभाग पर सवाल खड़े किए। कुशीनगर नपा चेयरमैन के प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने तो यहां तक कहा कि बिजली फाल्ट होने पर रुपये लेकर लाइनमैन तत्काल ठीक कर देता है, वरना कई दिन तक फाल्ट ठीक नहीं होता।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे व सह अध्यक्षता सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी ने की। विधायक खड्डा ने एक्सईएन विद्युत से शासन द्वारा संचालित योजनाओं के तहत विद्युत की समस्या पर ध्यान केंद्रित करते हुए समय सीमा के अंदर जर्जर तारों के बदलने की मांग की। एजेंसी के लोगों द्वारा समय से कार्य न होने शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष की। पडरौना सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि शासनादेश चौबीस घंटे में जला ट्रांसफार्मर बदलने का है मगर यहां कई दिन बाद भी नहीं बदला जाता। जिलाधिकारी ने सर्वे कराकर नालियों के निर्माण और बिजनेस प्लान में आये फंड के अंतर्गत काम कराए जाने के निर्देश दिए तथा जर्जर पुल तार रिवैंप्ड योजना के तहत एलटी एवं एसटी लाइन के कार्यों की प्रगति अविलंब हो, इसके लिए भी निर्देश दिए। विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार को स्थानांतरित किये जाने के संबंध में पूछताछ के दौरान सांसद कुशीनगर ने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया की अब तक प्राप्त बजट के सापेक्ष व्यय हुए धन का पूर्ण विवरण जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए। सांसद विजय दुबे ने बिजली की समस्या के संबंध में शाम 6 बजे के बाद बिजली न काटने हेतु तथा जहां ट्रांसफार्मर खराब हैं या लोड नहीं उठा पा रहे है, उनके सर्वे कराने को कहा। जिसपर जिलाधिकारी ने ट्रांसफार्मर की क्षमता वाले ओवर लोड स्थलों को सर्वे कराकर चिह्नित करने हेतु निर्देशित किया।

दोनों सांसदों ने ब्लॉक वार एवं विधानसभा वार स्वयं सहायता समूह की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को कहा, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण द्वारा जनपद में सड़कों के निर्माण के संदर्भ में प्रस्तुति दी गई। सांसद कुशीनगर ने सड़कों पर व्याप्त गन्दगी का जिक्र करते हुए उसे साफ कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 110 किलोमीटर निर्माणधीन सड़क के संबंध में सांसद कुशीनगर ने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी। सांसद कुशीनगर ने एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि जनपद में हर घर नल जल योजना के तहत प्रत्येक ग्राम सभा में ग्रामीणों तक इसका लाभ पहुंचे, यह आप सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, सदर विधायक मनीष जायसवाल, नपा पडरौना के चेयरमैन विनय जायसवाल, कुशीनगर नपा चेयरमैन के प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, यूपी एग्रो के चेयरमैन जगदीश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख गण, नगर निकायों के अध्यक्षगण, सांसद देवरिया प्रतिनिधि राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।



दिशा की बैठक में उपस्थित कुशीनगर सांसद विजय दुबे, देवरिया सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी व अन्य।

- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की हुई बैठक
- संचालित योजनाओं को प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचना ही लक्ष्यः सांसद

### पीएम आवास में गड़बड़ियों पर दर्ज कराएं केसः डीएम

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ तथा पोर्टल पर उनके भुगतान की स्थिति के पेंडिंग के होने के बारे में डीएम ने शीघ्र पोर्टल से पेमेंट करने हेतु निर्देशित किया एवं वृद्धा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन के लंबित प्रकरणों को शीघ्र रिपोर्ट लगाकर सैंक्शन करने हेतु निर्देशित किया। विधायक एवं ब्लाक प्रमुख ने पीएम शहरी आवास योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त का भुगतान लाभार्थियों को नहीं मिलने की शिकायत और भौतिक सत्यापन में हुई गड़बड़ियों की शिकायत की। जिस पर डीएम ने सत्यापन कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने तथा आवास सर्वे कराकर डीपीआर महीने में भेजने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

### सीएमओ के जवाब पर बिफरे जनप्रतिनिधि

नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि शेषनाथ यादव ने शिकायत की कि सीएचसी पर चार डॉक्टरों की तैनाती है। मगर चौबीस घंटे कोई नहीं रहता है। आपसी सेटिंग से केवल ही डॉक्टर सीएचसी पर मिलते हैं। तीन गायब रहते हैं। सीएमओ से कहने के बाद भी यहां रात में डॉक्टर के रहने के इंतजाम नहीं किए गए। इस पर सीएमओ ने प्रमुख प्रतिनिधि पर ही आरोप लगा दिया कि परिसर में आपका मेडिकल स्टोर चलता है। इस पर तमाम जनप्रतिनिधि बिफर पड़े।

# एसओ विशुनपुरा लाइनहाजिर

**पडरौना।** एसपी कुशीनगर धवल जायसवाल ने एसओ विशुनपुरा को सोमवार को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी ने बताया कि वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान में एक भी अभियुक्त की गिरफ्तारी न करने तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही व शिथिलिता बरतने पर प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा गिरिजेश उपाध्याय को पुलिस लाइन से संबद्ध किया है।

# गांजा व मोबाइल के साथ तीन गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह के नेतृत्व में 2.2 किलो गांजा व दो मोबाइल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों की पहचान देवेन्द्र राम निवासी बड़गांव नौका टोला थाना बगहां जनपद बेतिया बिहार व रज्जाक निवासी नाहर टोला सिसवानिया थाना रामनगर जनपद बेतिया बिहार के रुप में हुई है। उधर नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने भी गांजे के साथ गोलू यादव निवासी नरकहवा थाना हनुमानगंज को गिरफ्तारी किया है।

# मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ केस

**विशुनपुरा।** जटहा बाजार पुलिस ने कस्बा निवासी लालजी की तहरीर पर मारपीट के मामले में 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है।

जटहा बाजार निवासी लालजी कुशवाहा ने तहरीर सौंप आरोप लगाया था कि पुत्र भरत एक दुकान में चाय पी रहा था। उसके बगल में नाली के पुराने विवाद को लेकर जैनुद्दीन सहित अन्य लोग घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही भरत चाय की दुकान से बाहर निकला, उसे पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। धारदार हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया। काफी चोट आने के कारण पुलिस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जिला अस्पताल से उसकी हालत नाजुक देख गोरखपुर के लिए रेफर किया गया। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# स्टांप वेंडरों की हड़ताल 25 को

**खड्डा।** उत्तर प्रदेश के 25 हजार स्टांप वेंडर के हितों की अनदेखी और स्टाक होल्डिग की नीति को लेकर आल यूपी स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन आगामी 25 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक दिवसीय हड़ताल करेगा। यह जानकारी खड्डा तहसील के स्टाम्प वेंडर सतीश दुबे ने दी है।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, छह लोगों पर केस

- कसया थाना क्षेत्र के सोहसा मटिया गांव का मामला
- जिला अस्पताल में मायके वालों के पहुंचने पर ससुराल वाले फरार

सोहसा मठिया, हिन्दुस्तान संवाद। कसया थाना क्षेत्र के सोहसा मठिया में रविवार की देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मृतका के पिता की तहरीर पर कसया पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत छह लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज जांच में जुटी हुई है।

कसया थाना क्षेत्र के परेवाटार टोला फरीदपुर निवासी दीनानाथ यादव ने कसया पुलिस को तहरीर सौंप बताया है कि बेटी प्रतिमा की शादी 24 मई 2021 को सोहसा मठिया निवासी राजबहादुर के साथ की थी। पिता का आरोप है कि बेटी जब से विदा होकर ससुराल गई, उसे लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल के लोग दो लाख रुपये नकद, फ्रीज व एसी की मांग कर रहे थे। उसके पति के साथ ससुर हरिश्चंद्र, सास ऊषा, देवर पुष्कर, शिवम व ननद अनुराधा बेटी के साथ अक्सर मारपीट करते थे। प्रतिमा ने यह बात मायके वालों को मोबाइल पर बतायी थी। इस मामले में कसया पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति, सास और ससुर समेत आधा दर्जन लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, जेल

तरयासुजान : सोमवार को पुलिस ने तरयासुजान–सिसवा नाहर मार्ग पर गोपालपुर मुक्तिधाम नहर पुल के पास से दुष्कर्म के वांछित राजन यादव निवासी गड़हिया पाठक को दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। (जासं)

# 1920 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

खड्डा: थाने के नारायणी नदी उस पार सालिकपुर चौकी के समीप पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान बिहार की नंबर प्लेट लगी कार से 1920 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद की। कार में सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार तस्करों की पहचान अजय व अमित निवासी आइटीआइ चौक सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई है। (जासं)

# मारपीट के मामले में आठ के विरुद्ध मुकदमा, पांच गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, भैरोगंज**: जटहां बाजार के लालजी की तहरीर पर रविवार को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। पीड़ित लालजी ने थाने में तहरीर सौंपकर बताया था कि मेरा पुत्र भरत एक दुकान में चाय पी रहा था। नाली के विवाद को लेकर जैनुद्दीन के साथ कई लोग घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही वह दुकान से बाहर आया आरोपित उसे पकड़ कर पीटने लगे। धारदार हथियार से वार कर उन्होंने मेरे पुत्र को घायल कर दिया। मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार के बाद उसे घर लाया गया है, लेकिन हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। तहरीर के आधार पर जैनुदीन, तालीम, सशसाद, आशिक, मुसाफिर, नासिर, अरमान व सूकट के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि जैनुदीन, तालीम, सशसाद, मुसाफिर व नासिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**लापरवाही के आरोप में विशुनपुरा के थानेदार लाइन हाजिर: पडरौना**: वारंटियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान में लापरवाही बरतने व रुचि न लेने के आरोप में एसपी धवल जायसवाल ने विशुनपुरा के थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय को सोमवार को लाइन हाजिर कर दिया।

# अलग-अलग स्थानों पर गांजा के साथ तीन धराए

**जासं,पडरौना**: जिले के दो थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने सोमवार को गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी राजप्रकाश सिंह ने बताया सूचना के आधार पर छापमारी में परसौनी कला के समीप दो पैकेटों में 2.200 किग्रा अवैध गांजा के साथ देवेंद्र राम साकिन बड़गांव नौका टोला थाना बगहां व रजाक साकिन नहर टोला सिसवानी थाना रामनगर जनपद बेतिया बिहार को पकड़ा गया। इस दौरान उपनिरीक्षक शनि कुमार जावला आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने गोलू यादव साकिन नरकहवां थाना हनुमानगंज को 600 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# गोद लिए गांव में कागजी अंत्येष्टि स्थल

**जागरण संवाददाता, कुशीनगर:** विकास की योजनाएं किस प्रकार जमीन पर उतरती हैं, इसका सच सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में देखने को मिला। कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दूबे ने आरोप लगाया कि मेरे गोद लिए रामकोला के गांव कुसम्हा में अंत्येष्टि स्थल नहीं बना है। इसके बावजूद एक पखवारे पूर्व डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी ने रिपोर्ट लगा दी है कि बन गया है। इस पर जांच की बात कही गई तो पता चला कि गांव के नाम का अंकन ही गलत हो गया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से शुरू इस बैठक में माहौल तब और गरम हो गया जब नेबुआ नौरंगिया के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव ने सीएचसी कोटवा बाजार में एक्स रे मशीन के चालू न होने व चिकित्सकों की कमी के साथ शौचालय की बदहाली व चहारदीवारी का मुद्दा उठाया। इस पर सीएमओ डा. सुरेश पटारिया ने आरोप लगाया कि अस्पताल परिसर में आप स्वयं दवा बेचवाते हैं। गेट पर आपकी ही दुकान है। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मोर्चा संभाला और एक पखवारे में कार्रवाई की बात कही तो मामला शांत हुआ। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड मृत्युंजय झा ने सड़कों के निर्माण की बात रखी तो सांसद कुशीनगर ने सड़कों पर व्याप्त गंदगी का मुद्दा उठाया और सफाई कराने की बात कही। वर्षा को लेकर ड्रेन सफाई की समस्या की बात भी जनप्रतिनिधियों ने उठाई। जिलाधिकारी ने एक्सईएन और संबंधित अधिकारी को सफाई कराने का निर्देश दिया। विधायक खड्डा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 110 किलोमीटर निर्माणाधीन सड़क कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने जनवरी 2024 तक संपूर्ण कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत तीसरी किस्त का भुगतान लाभार्थियों को नहीं मिलने और भौतिक सत्यापन में गड़बड़ियों की शिकायत की। इस पर भौतिक सत्यापन कर, दोषियों के ऊपर एफआइआर करने तथा बजट स्वीकृत होने पर किस्त भुगतान की बात कही गई। सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी शिकायत की जांच को अधिकारी गंभीरता से लें, इसमें खानापूरी न करें। जल निगम के कर्मचारियों द्वारा सड़को पर गड्ढा, पाइप फटने की समस्या पर जिलाधिकारी ने आगे से सड़कों को तोड़ने से पहले अनुमति लेने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, एडीएम वैभव मिश्र, एएसपी रितेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा की बैठक में मौजूद बाएं से दूसरे देवरिया के सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी, सांसद विजय कुमार दूबे, डीएम रमेश रंजन, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एडीएम वैभव मिश्र, एएसपी रितेश कुमार सिंह ● जागरण

## दिशा की बैठक, सीएमओ ने कहा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अस्पताल में चलाते हैं दुकान, गरम रहा माहौल



रामेश्वरम में स्वजन से मिलते सैनिक अविनाश राय दाएं पहले ● सौ. स्वजन

# रामेश्वरम में मिला कुशीनगर से गायब सेना का जवान

**जागरण संवाददाता, राजापाकड़ :** ग्यारह दिन से लापता कुशीनगर के पटहेरवा के पड़री विशुनदयाल के रहने वाले सेना के जवान अविनाश रविवार को तमिलनाडु के रामनाथपुरम जनपद के रामेश्वरम में मिले। सोमवार को स्वजन पहुंचे और उनको साथ लेकर तैनाती स्थल के लिए रवाना हो गए।

रामकिशोर राय के पुत्र अविनाश राय तीन वर्ष पूर्व भारतीय थल सेना में भर्ती हुए थे। उनकी तैनाती 533 बटालियन एएससी (आर्मी सर्विस कोर) में हरियाणा के हिसार स्थित मिलिट्री बेस पर है। बीते तीन अगस्त को वह 15 दिन के अवकाश पर घर आए। 16 अगस्त को वापस जाने के लिए ट्रेन का रिजर्वेशन था व 17 अगस्त को बेस पर रिपोर्ट करनी थी। वह 10 अगस्त की सायं स्वजन से टहलने की बात कहकर घर से निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। मोबाइल फोन भी घर पर छोड़ दिए थे। पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। किसी के मोबाइल से 17 अगस्त मित्रों को फोन करने पर लोकेशन महाराष्ट्र के जलगांव व दूसरी बार कर्नाटक के बेलगांव में मिला। 19 अगस्त को रामेश्वरम से एक मजदूर के फोन से सैनिक ने अपने पिता से बात की। पिता ने मजदूर को रोकने का अनुरोध किया तो मदुरै निवासी रमेश कुमार उनको अपने घर साथ ले गए। गांव से पिता व छोटा भाई मुकुलदेव राय हवाई मार्ग से रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। सोमवार को तीनों बंगलौर हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। भाई मुकुल ने बताया कि स्मृति लोप होने से भटक गए थे।

**ऐसे पहुंचे रामेश्वरम:** घटना के दिन 2500 रुपये लेकर निकले सैनिक अविनाश घर के नजदीक बगही चौराहा से बस पकड़कर गोरखपुर पहुंचे। वहां से ट्रेन से महाराष्ट्र गए। वहां से फिर कर्नाटक गए। पैसा खत्म हुआ तो देवरिया के रहने वाले मित्र सैनिक राजेश से सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से पैसा मंगवाए। वहां से फिर ट्रेन से रामेश्वरम पहुंचे।

# भाग गए खनन माफिया, नदी में बालू फेंकवाकर लौटे नायब तहसीलदार

**जागरण संवाददाता, टेकुआटार :** कसया के पुरैनी में छोटी गंडक घाट पर बालू का अवैध खनन करने वालों को सोमवार को पकड़ने गई राजस्व टीम के हाथ केवल का बालू का ढेर लगा। टीम पहुंचते ही खनन माफिया मजदूरों के साथ खांची, कुदाल, बेलचा लेकर भाग गए। मौके पर लगभग 12 ट्राली नदी से निकाल कर इकट्ठा किया गया बालू का ढेर मिला। नायब तहसीलदार शैलेश सिंह के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस टीम ने जेसीबी के माध्यम से उसे नदी में फेंकवा दिया। पुरैनी में प्राचीन राम जानकी मठ मंदिर काफी प्रसिद्ध है। इसके किनारे के पेड़ भी माफिया ने काट लिया।

# गायब जवान रामेश्वरम में विक्षिप्त अवस्था में मिला

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के निवासी व सेना का जवान छुट्टी पर घर आया था। पिछले दस अगस्त को यकायक घर से गायब हो गया। परेशान परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जवान को ढूंढने में लगी थी। सोमवार को जवान रामेश्वरम में विक्षिप्त अवस्था में मिला। परिजन उसे साथ लेकर घर लौटने की तैयारी में है। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पड़री विशुनदयाल निवासी सेना का जवान अविनाश कुमार छुट्टी पर घर आया था।

# विवाहिता की मृत्यु, छह पर दहेज हत्या का मुकदमा

जागरण संवाददाता, टेकुआटार: कसया के सोहसा मठिया में रविवार की देर रात विवाहिता की संदिग्ध मृत्यु हो गई। ससुराली उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। वहां से मायके वालों को सूचना दी और उनके पहुंचते ही शव छोड़कर फरार हो गए। मृतका के पिता ने पति, ससुर, सास, दो देवरों व एक ननद सहित कुल छह पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है।



प्रतिभा यादव
फाइल फोटो

कसया के परेवाटार टोला फरीदपुर के दीनानाथ यादव की पुत्री प्रतिमा की शादी 24 मई 2021 को सोहसा मठिया के राजबहादुर से हुई थी। पिता का आरोप है कि पुत्री जब से विदा होकर ससुराल गई उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल के लोग दो लाख रुपया नकद एवं फ्रीज, एसी की मांग करने के लिए दबाव देते थे। पति के साथ ससुर हरिश्चंद्र, सास ऊषा, देवर पुष्कर व शिवम एवं ननद अनुराधा द्वारा मारपीट किया जाता था। प्रतिमा ने यह बात मोबाइल से बताई थी। रविवार की रात में पुत्री की हत्या कर दी गई। दामाद ने सूचना दी कि चोट लगी है। हम लोग जिला अस्पताल ले जा रहे हैं। वहां पहुंचने पर शव छोड़कर सभी फरार थे। गले पर निशान पाया गया। प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर के अनुसार आरोपितों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# चार पर मारपीट का मुकदमा

भैरोगंज : जटहां बजार थाने के सोनवल गांव के एक दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। दुकानदार समसुद्दीन ने सोमवार को थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार को तहरीर सौंपकर बताया कि मैं असहाय हूं, दुकान के भरोसे परिवार का भरण-पोषण करता हूं। मेरे गांव के समसुद्दीन, अशरूम, आफताब व हसनैन शनिवार की सुबह आठ बजे आए और मारपीट कर मुझे दुकान से बाहर निकाल अपना ताला लगा दिए। इसकी शिकायत करने पर मंसाछापर पुलिस चौकी के प्रभारी ने रविवार को ताला खोलवा दिया था। पुलिस के जाने के बाद आरोपितों ने दोबारा मेरी दुकान में ताला लगा दिया। थानाध्यक्ष ने चारों लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराने के बाद ताला खोलवा दिया। (जासं)

# नाबालिग को भगाने के आरोपी को सीजेएम ने भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्ष की बालिका को शादी का झांसा देकर भगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने सोमवार को सीजेएम के न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार, तमकुहीराज थाना क्षेत्र के वादी ने थाने में तहरीर दी थी कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री इस साल छह मार्च को दोपहर में अचानक लापता हो गई। उन्होंने खोजबीन की मांग की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। विवेचना के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया।

**तमकुहीराज थाना क्षेत्र का है मामला**

बाद में लड़की बरामद हुई तो उसके बयान के आधार पर आरोपी राजकुमार पासवान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह नवानगर निजामत थाना साहेबगंज जिला मुजफ्फरपुर, बिहार का निवासी है।

पुलिस ने आरोपी को सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार के न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# सात वारंटी गिरफ्तार

रामकोला। न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में पुलिस ने सोमवार को विभिन्न गांव के सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस ने उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

रामकोला एसओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय में हाजिर न होने के कारण जारी वारंट में टुनटुन उर्फ अमित निवासी पड़री थाना पडरौना, सुरेश निवासी बाबू छपरा, पप्पू निवासी बाबू छपरा, भृगुराशन उर्फ भृगुनाथ निवासी बाबू छपरा, विरेंद्र व अभिषेक चौधरी निवासी उर्दहा और हीरा कुशवाहा निवासी पगार थाना रामकोला को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी को न्यायालय भेजा गया है। संवाद

# चार गोवंश बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

पटहेरवा। हाईवे स्थित लवनिया चौराहे के पास पुलिस ने एक आरोपी के साथ पिकअप पर लदे एक मृत समेत चार गोवंश बरामद किया है। पुलिस ने वाहन समेत गोवंशों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

हाईवे स्थित लवनिया चौराहे से कुछ दूर कपरधिक्का गांव के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रविवार की देर शाम संदिग्ध वाहन की तलाश में जुटी थी।

इसी दौरान कसया की तरफ से आ रही एक पिकअप को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक पिकअप सहित भागने लगा। कुछ दूर आगे जाकर पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक कार में भिड़ गया। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

## भाग रहा अनियंत्रित पिकअप कार से टकराया कार भी क्षतिग्रस्त

मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाले पिकअप की जांच की तो उसमें चार राशि गोवंश लादे गए थे। इसमें एक गोवंश की मौत हो गई थी। पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सबरे आलम निवासी नरहवा थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज के रूप में हुई है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया की एक पशु तस्कर गिरफ्तार हुआ है। पिकअप को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# लग्जरी कार से बिहार ले जाई जा रही 1920 बोतल शराब बरामद

## पुलिस की जांच में कार का नंबर प्लेट भी फर्जी मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** पुलिस ने रविवार की देर रात एक लग्जरी कार से तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की खेप बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जांच में कार का नंबर प्लेट भी फर्जी मिला है। पुलिस बरामद शराब को कब्जे में लेकर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है।

खड्डा प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि उनकी अगुवाई में रविवार की रात एसआई प्रमोद कुमार यादव, आरक्षी शशिकेश गोस्वामी, आरक्षी यशवंत यादव, आरक्षी रामनिवास यादव, आरक्षी चंदन यादव, के साथ यूपी-बिहार सीमा क्षेत्र में पनियहवा पुल के पास जांच की जा रही थी।

**मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई**

**हरियाणा निर्मित 1920 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद**

उसी दौरान एक कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार रोककर छानबीन की, तो उसमें हरियाणा निर्मित 1920 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस की जांच में कार का नम्बर प्लेट भी फर्जी मिला।

पुलिस ने कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उनकी पहचान अजय और अमित कुमार निवासी आईटीई चौक सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामद शराब को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# घर से लापता सेना का जवान मिला

## पिता को रामेश्वरम में होने की जानकारी मिली, परिजन गए लाने

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा।** बीते 10 अगस्त को घर से टहलने के दौरान गायब हुए सेना के जवान के रामेश्वर में होने की सूचना मिली है। इसकी जानकारी होते ही परिजन उन्हें लेने के लिए रामेश्वरम पहुंचे हैं। परिजन उन्हें घर लाने की बात बता रहे हैं।

थाना क्षेत्र के पड़री विशुन दयाल गाव निवासी अविनाश कुमार भारतीय सेना में जवान हैं। वह छुट्टी पर घर आए थे। बीते दस अगस्त की रात भोजन कर वे टहलने निकले थे।

उसी दौरान वे गायब हो गए। काफी खोजबीन के बाद जब वह



रामेश्वरम में मिले जवान के साथ परिजन। संवाद

नहीं मिले तो परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी।

उनके पिता रामकिशोर राय को बीते शनिवार को रामेश्वर के मदुरई रोड के पास एक चर्च में होने की जानकारी मिली। यह सूचना मिलते ही वे रामेश्वरम के लिए निकल पड़े। वहां पहुंचे तो बेटे का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

पूछताछ में अविनाश तरह-तरह की बात बता रहे हैं। पिता ने बताया कि अविनाश को घर ला रहे हैं।

# जिल की पुलिस ने गिरफ्तार किए सर्वाधिक वारंटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** गोरखपुर परिक्षेत्र में वारंटियों और वांछितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान में कुशीनगर की पुलिस ने मंडल में सबसे अधिक गिरफ्तारी की। 24 घंटे के भीतर सर्वाधिक वारंटी और वांछित कुशीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। यहां की पुलिस ने 133 को गिरफ्तार किया।

एसपी धवल जायसवाल ने सोमवार की देर शाम बताया कि गोरखपुर परिक्षेत्र में 19 अगस्त को शाम चार बजे से 20 अगस्त को रात तक चले इस अभियान में कुल 298 वारंटी एवं 69 वांछित गिरफ्तार किए गए थे।

इस तरह गोरखपुर मंडल के सभी जनपदों को मिलाकर कुल 367 वारंटी और वांछित गिरफ्तार किए गए। एसपी ने बताया कि गोरखपुर में 84 वारंटी और 12 वांछित सहित 96 की गिरफ्तारी हुई। देवरिया में 53 वारंटी व 26 वांछित सहित 79 गिरफ्तार हुए।

महराजगंज जिले में 53 वारंटी व छह वांछित समेत 59 गिरफ्तार हुए, जबकि कुशीनगर पुलिस ने 108 वारंटी व 25 वांछित सहित 133 को गिरफ्तार किया।

## 14 वारंटी गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित कुल 14 वारंटी गिरफ्तार किया है। पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर सभी वारंटियों को न्यायालय भेज दिया। तरयासुजान एसओ अमित शर्मा ने बताया कि पुलिस भ्रमण के दौरान शैलेंद्र निवासी जवही नरेंद, देवनरायन निवासी मैरवा, संजय शर्मा निवासी घघवा जगदीश अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। उनके अलावा भोज उर्फ प्रहलाद, हरेराम, महंथ, राजा उर्फ रोज महुम्मद, निवासीगण चखनीखास, नूरजहां, रिजवान हक, फरीद, मजीववाह गिरफ्तार किए गए। संवाद

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान पुलिस टीम ने गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। तरयासुजान एसओ अमित शर्मा ने बताया कि राजन यादव निवासी गड़हिया पाठकको गोपालपुर मुक्ति धाम के पास से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेजा है। संवाद

# विवाहिता की मौत, ससुरालवालों पर दहेज हत्या का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** थाना क्षेत्र के सोहसा मठिया गांव में रविवार की रात एक विवाहिता की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत हैंगिंग बताई गई है। करीब दो साल पहले उसकी शादी हुई थी।



प्रतिमा (फाइल फोटो)

मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज का केस दर्ज किया है। ससुरालवाले घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

कसया थाना क्षेत्र के परेवाटार गांव के फरीदपुर टोला निवासी दीनानाथ यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी प्रतिमा की शादी इसी थाना क्षेत्र के सोहसा मठिया गांव के निवासी राजबहादुर के साथ करीब दो साल पहले की थी।

पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही प्रतिमा के ससुरालवाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उससे दहेज में दो लाख रुपये नकद, फ्रिज और एसी की मांग कर रहे थे।

## पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग बताई गई मौत की वजह, मृतका के पिता ने दर्ज कराया केस

आरोप है कि दहेज के लिए पति, ससुर हरिश्चंद्र, सास उषा, देवर पुष्कर व शिवम और ननद अनुराधा मारते-पीटते थे। प्रतिमा ने इस घटना की जानकारी पिता को दी थी।

आरोप है कि रविवार की रात ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए प्रतिमा की हत्या कर दी। उनके दामाद ने बताया कि आपकी लड़की को चोट लगी है। वह जिला अस्पताल लाई गई है। जब वह जिला अस्पताल पहुंचे तो उनकी बेटी मृत पड़ी थी। उसके गले पर निशान था।

जब दामाद से पूछा कि निशान कैसा है तो वह शव छोड़कर भाग गया। तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रतिमा की मौत की वजह हैंगिंग बताई गई है।

कसया थाने के प्रभारी निरीक्षक डॉ. अशुतोष तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर ससुराल पक्ष के छह आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

# जांच में अवैध मिले बालू को नदी में गिरवाया




छोटी गंडक नदी के पुरैनी घाट पर बालू को जेसीबी से नदी में गिरवाते नायब तहसीलदार शैलेश सिंह। संवाद

कसया। क्षेत्र के छोटी गंडक नदी स्थित पुरैनी घाट पर सोमवार को नायब तहसीलदार ने छापा मारा। उन्होंने अवैध रूप से खनन किए गए 12 ट्रॉली बालू बरामद किया। उन्होंने बरामद बालू को नदी में गिरवा दिया।

कसया नायब तहसीलदार शैलेश सिंह ने बताया कि किसी ने उन्हें फोन पर अवैध बालू खनन की सूचना दी। इसको गंभीरता से लेते हुए पुरैनी घाट पर छापा मारा।

वहां 12 ट्रॉली बालू पकड़ा। उनके आने की भनक मिलते ही खनन में लिप्त लोग भाग गए थे। बरामद बालू को नदी में गिरवा दिया गया है। संवाद

# नहर की पटरी पर मिला एक व्यक्ति का शव

रामकोला। थाना क्षेत्र के सेखुई मिश्र गांव के पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के दाहिने पटरी पर सोमवार की शाम करीब 55 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। पुलिस शव के शिनाख्त में जुटी है।

एसआई कस्तुरी सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पर शव होने की सूचना मिली थी। इसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर थाने लाई है। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# चोरी कर भाग रहे शख्स को दबोचा

श्यामदेउरवा। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के हरपुर चौराहे पर एक बेकरी की दुकान में गल्ले से पैसा निकाल कर भाग रहे शख्स को दुकान मालिक ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया।

पूछताछ में आरोपी की पहचान बबलू शाह निवासी अहवर मझरिया बैजनाथपुर पश्चिम चंपारण बिहार के रूप में हुई है। दुकान मालिक कन्हैया लाल निवासी लक्ष्मीपुर जरलहिया ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आरोपी सुबह साढे आठ बजे दुकान पर पहुंचा तथा बेकरी का सामान मांगा। जैसे ही सामान लेने दुकान के पीछे गया आरोपी गल्ले से पैसा निकालकर भागने लगा। गल्ला खुला देख चोरी का पता चला, जिसके बाद दौड़ाकर लोगो के सहयोग से पकड़ा। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

# धर्म परिवर्तन के आरोप में दो पर मुकदमा दर्ज

निचलौल। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुरा में रविवार को धर्म परिवर्तन के लिए दबाव देने और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोमवार को जेल भेज दिया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में शेषमणि गौड़ निवासी घोड़हवा मोहल्ला नगर पंचायत निचलौल ने बताया है कि रविवार को वह मदनपुरा पंप के पास एक व्यक्ति की चाय की दुकान पर गया था। इस बीच कुछ लोगों ने इन्हें ईसाई बनने को कहा। इस बात पर विवाद हो गया और इन लोगों ने इनके साथ मारपीट करते हुए इन्हे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने संतोष कुमार निवासी मदनपुरा और अंगद कुमार निवासी मिठौरा के खिलाफ मारपीट

दिए जाने की धाराओं के साथ विधि

# युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**परतावल।** परतावल बाजार में सोमवार दोपहर एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक श्यामदेउरवा धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

# छापेमारी में आठ पेटी नेपाली शराब पकड़ी गई

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के नेपाल सीमा सटे गांव कनमिसवा के टोला औरहवा में सोमवार को पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापामारी की गई। छापेमारी से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा। आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव ने बताया कि छापामारी के दौरान टीम ने आठ पेटी नेपाली शराब बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी लकड़ी पकड़ी

निचलौल। निचलौल रेंज के गंडक बीट के गंडक नदी के बंधे पर सोमवार की सुबह वन कर्मियों ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी खैर और गुटेल की लकड़ी पकड़ी है। पकड़ी गई लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर वन कर्मी कार्रवाई में जुटे हैं।

रेंजर सुनील राव अपने साथ डिप्टी रेंजर अभिषेक सिंह, वन दारोगा रविंद्र प्रताप और बीट प्रभारी तुलसी को लेकर जंगल गश्त कर रहे थे। इस बीच गण्डक नदी के बंधे पर एक ट्रैक्टर ट्राली पर खैर और गुटेल मिश्रित प्रजाति की लकड़ी लादकर कुछ लोग ले जाने के प्रयास में थे। वनकर्मियों की टीम को देखकर ट्रैक्टर-ट्राली का चालक भाग निकला। उन्होंने बताया कि लकड़ी को बिहार की तरफ से कुछ लोग नाव से लाए थे और ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुशीनगर जिले के खड्डा ले जाने की योजना में थे।

# गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

जासं, आनंदनगर : पुरंदरपुर पुलिस ने सोमवार को रानीपुर चौराहे से एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह पुलिसकर्मियों के साथ वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान गौरव दुबे निवासी सोहरवलिया थाना पुरंदरपुर पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से झोले में गांजा बरामद हुआ। आरोपित जेल भेज दिया गया।

# मतांतरण के आरोपितों को भेजा गया जेल

जासं, निचलौलः थाना क्षेत्र में पैसे का लालच देकर मतांतरण कराने व मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

उपनगर घोड़हवा निवासी शेषमणि गौड़ ने मदनपुरा निवासी संतोष कुमार व उसके रिश्तेदार अंगद कुमार पर पैसे का लालच देकर मतांतरण का आरोप लगाया था।

रविवार को संतोष कुमार की चाय की दुकान पर धर्म पर टिप्पणी करने व मतांतरण को लेकर दोनों में मारपीट हो गई थी। पुलिस ने शेषमणि की तहरीर पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध मारपीट व मतांतरण का मुकदमा पंजीकृत किया था। संतोष कुमार ने भी शेषमणि गौड़ पर घर में घुसकर मारने पीटने व सामान उठा ले जाने का आरोप लगाया था। सोमवार को थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने आरोपितों संतोष कुमार निवासी मदनपुरा व उसके रिश्तेदार अंगद कुमार निषाद निवासी मिठौरा को गिरफ्तार कर कर लिया।

# प्रधान के पति समेत पांच के खिलाफ बलवा का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम से शिकायत कर लगाई थी न्याय की गुहार**

**महराजगंज।** निचलौल क्षेत्र के कुंवारीसती गांव में खेत से निराई कर घर लौट रही एक महिला पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडे से हमला बोलकर घायल कर दिया था। इस मामले में पीड़ित महिला ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

लेकिन पुलिस मामले को नजरंदाज कर दी। उसके बाद महिला शनिवार को निचलौल तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंच डीएम से न्याय की गुहार लगाई। उसके बाद जिम्मेदार पुलिस कर्मियों की नींद टूटी। पुलिस ने आरोपी ग्राम प्रधान पति समेत पांच लोगों के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

कुंवारीसती गांव के रहने वाली पीड़ित महिला प्रभावती ने समाधान दिवस में पहुंच बताया है कि 17 अगस्त को खेत में निराई करने गई थी। जहां से करीब 3 बजे निराई कर घर लौट रही थी।

इसी बीच ग्राम प्रधान पति के उकसाने पर कुछ लोग गोलबंद होकर अचानक लाठी डंडों के साथ हमला बोल मारने पीटने लगे। बचाने की शोर शराब सुन मौके पर पहुंच दिव्यांग बेटी मेनका और बबिता उन्हें बचाने की कोशिश करने लगी। इस दौरान उन लोगों ने दोनों बेटियों को भी बेरहमी से पिटाई की। इससे भी उन लोगों का मन नहीं भरा तो जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

निचलौल थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि मामले में पीड़ित प्रभावती की तहरीर के आधार पर आरोपी ग्राम प्रधान पति विश्वनाथ, जगदंबा मनोज सिंह, अनूप और भगवती सिंह निवासी कुंवारीसती के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पुलिस ने शांतिभंग में 37 लोगों का किया चालान

महराजगंज। जिले में अलग-अलग स्थानों पर शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने 37 लोगों को चालान कर दिया। सीआरपीसी में 46 व्यक्ति जमानत मुचलके से पाबंद कराया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में चोरी के वाहन काटकर कबाड़ में बेचे जा रहे

## प्रतिदिन ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो रही ढुलाई, इस तरकीब से जल्दी कोई पकड़ में नहीं आता

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में कबाड़ की आड़ में चोरी गाड़ियां कट रहीं हैं। इस गोरखधंधे में आसानी से कोई पकड़ में नहीं आता है। कबाड़ की दुकान को देखकर कोई अंदाजा नहीं लगा पाएगा कि असल में इनका धंधा क्या है। कम समय से ज्यादा तरक्की करने की चाह में चोरी की गाड़ियों को खपा दिया जा रहा है। प्रतिदिन पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली से कबाड़ की ढुलाई हो रही है।

सूत्र बता रहे हैं कि नेपाल के रास्ते बड़े पैमाने पर लोहे का स्क्रैप (कबाड़) की भारतीय सीमा क्षेत्र में तस्करी की जा रही है। इस अवैध कारोबार में अंतर्जनपदीय स्तर के तस्करों का भी नेटवर्क जुड़ा हुआ है, जो कबाड़ की आड़ में चोरी के वाहनों को भी काटकर कानपुर और महाराष्ट्र तक ले जा रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में इनका बड़ा नेटवर्क है।

कबाड़ नेपाल से लाने के लिए तस्करों ने अवैध रास्ते तक बना लिए हैं और उन रास्तों से रात के अंधेरे में नेपाल ट्रैक्टर-ट्रॉली भारतीय सीमा क्षेत्र में लाकर लाइसेंस प्राप्त गोदामों में रखते हैं और रात को ही भारतीय ट्रक पर लोड कराकर गंतव्य तक भेज दे रहे हैं। वाहन चोरी होने के बाद इसलिए नहीं मिलती है कि जब तक पुलिस सक्रिय होती है, तब तक लिफ्टर उनसे दो कदम आगे बढ़कर उसे नेपाल पहुंचा देते हैं।

कबाड़ की आड़ में नई गाड़ियां खपा दे रहे हैं। भारतीय क्षेत्र की अपेक्षा नेपाल में गाड़ियां अधिक महंगी होने के कारण तस्करों के लिए काली कमाई की राह आसान हो रही है। जिन गाड़ियों की सेटिंग हो गई, उसे महंगे दामों में बेच देते हैं और जिनका कोई खरीददार नहीं मिला, उसे काट कर कबाड़ में बेच दिया जा रहा है।

**बंद एवं खराब पड़ी फैक्ट्रियों की होती है खरीद :** भारत और नेपाल के तस्करों का एक बड़ा सिडिकेट नेपाल के विभिन्न स्थानों पर जर्जर फैक्ट्रियों को खरीद रहा हैं। उन फैक्ट्रियों को तोड़कर लोहे के छोटे-छोटे टुकड़े कर कैरियर के माध्यम से भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाली सीमाओं में पहले कबाड़ को डंप कराते हैं, फिर मौका मिलते ही भारतीय सीमाओं में भेज देते हैं। कबाड़ के इस तस्करी के धंधे में भारत-नेपाल सीमा से सटे सोनौली कोतवाली क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक दुकानें खुली हैं। इस कारोबार में मुंबई तक के कारोबारी लगे हैं, जो नेपाल के कबाड़ को खरीद रहे हैं।



नेपाली सीमा में बना कबाड़ का गोदाम।

### पार्ट निकालकर ऑटो पार्ट की दुकान पर बेच देते हैं चोर

नेपाल से सूत्रों के मुताबिक बिकने वाले वाहनों के स्पेयर पार्ट भारतीय बाजार से ही जाते हैं। लीगल तरीके से जाने में कई प्रकार के टैक्स लगते हैं। इसलिए चोर उनका पार्ट निकालकर ऑटो पार्ट की दुकान पर बेच देते हैं। पहले से सेटिंग वाली दुकान पर ही देते हैं। ऐसे में दुकानदार को कम कीमत पर पार्ट मिल जाता है। जिसकी वह ग्राहकों ने अच्छी कीमत पा जाता है। इसमें शॉकर, चेन स्पाकिट, हेड लाइट रिंग आदि शामिल है।

### नेपाल में डिजिटल चेकिंग व्यवस्था नहीं

भारत में पुलिस चेकिंग करने के मामले में तकनीकी सहारा अधिक ले रही है। जिससे सही वाहन स्वामी का पता चल जाता है। लेकिन नेपाल में डिजिटल चेकिंग व्यवस्था नहीं है। कागजात देखकर वह चेकिंग करते हैं। इसलिए पकड़े जाने का डर न के बराबर रहता है।

### कबाड़ी कम दिनों में कर रहे लाखों रुपये का धंधा

इस धंधे में कोई रोकटोक नहीं होने के कारण शहर से लेकर बॉर्डर तक कहीं भी कोई भी व्यक्ति आकर कबाड़ की दुकान चलाना शुरू कर दे रहा हैं। शुरू-शुरू में एक-दो एजेंट रखकर कबाड़ इकट्ठा करवा कर खरीदते हैं। बाद में इनके एजेंट बढ़ जाते हैं। फिर यह धंधा बड़े पैमाने पर शुरू हो जाता है। खास बात तो यह है कि पूरे जिले में इस तरह के कितने कबाड़ी हैं, यह भी किसी के पास रिकॉर्ड में नहीं है। ये कबाड़ी कम दिनों में लाखों रुपये का धंधा कर रहे हैं।

*समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। अगर ऐसी बात है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस हमेशा सतर्क रहती है।*

**- आतिश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक**

### दो साल पहले दुकान पर मिला था चोरी का पार्ट

कई मामले ऐसे भी आए हैं। जिनमें कबाड़ी चोरी के माल भी खरीदते हैं। इसका खुलासा 21 फरवरी 2021 को पुलिस ने पकड़े दो युवकों से पूछताछ करने के बाद किया था। इतना ही नहीं पांच अगस्त 2022 को निचलौल शहर के चमनगंज पुल के पास सड़क निर्माण के लिए लगे एक प्लांट से दो युवकों ने मशीन के पुर्जे चोरी कर घोड़हवा चौराहे के आगे कबाड़ की एक दुकान पर बेचा था। इसका निचलौल पुलिस ने खुलासा करते हुए दोनों युवकों को जेल भेज दिया था।

**सुर्खियों ने आया था सोनौली का व्यापारी :** कुछ दिन पहले एसडीएम नौतनवां के नेतृत्व में सोनौली कोतवाली क्षेत्र के रोहिन नदी पुल के पास एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापा मारा था। इस दौरान मौके से उसके गोदाम से नेपाली नंबर और भारतीय नंबर के कुल पांच ट्रैक्टर बरामद हुए थे।

ठीक उसके सामने हाल में बनाई गई एक कच्ची सड़क जो तीन किलोमीटर के बाद नेपाल में सिंगल रोड में मिल जाती है। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन रात करीब 11 बजे नेपाल से कबाड़ ट्रॉली पर भर कर लाया जाता है।

# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपी युवक को जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव कजरी में एक महिला के आत्महत्या के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने सोमवार को नौतनवां कस्बे के बनैलिया मंदिर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव कजरी में बीते 24 मई की शाम धर्मेंद्र की पत्नी वंदना 26 वर्ष का शव कमरे में छत की कुंडी से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। मामले में कैंपियरगंज थाना क्षेत्र निवासी मृतक महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति भाई पिता समेत पांच लोगों पर दहेज हत्या तथा अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना में जुटी थी। विवेचना में पुलिस को मृतका के मोबाइल कॉल डिटेल के जरिए फरेंदा थाना क्षेत्र के मथुरा नगर निवासी युवक संबंध का मामला सामने आया।

**24 मई की शाम वंदना का शव कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था**

पुलिस ने आरोपी युवक को नौतनवां कस्बा के बनैलिया मंदिर चौराहे से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया आरोपी अभय निवासी माथुरानगर थाना फरेंदा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी खैर गुटेल की लकड़ी बरामद

महराजगंज। निचलौल वन रेंज क्षेत्र अंतर्गत गंडक के बंधे पर वनकर्मियों की टीम ने गश्त के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी खैर, गुटेल की लकड़ी बरामद कर ली। जबकि मौके से ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

वन क्षेत्राधिकारी निचलौल सुनील राव ने कहा कि वन सुरक्षा को लेकर टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच गंडक के बंधे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास किया गया, तो चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने लगा।

फिर कुछ दूर बाद अपने को घिरता देख चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ फरार हो गया। ट्रॉली पर खैर और गुटेल की लकड़ी लदी है। बरामद लकड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# पत्नी को छोड़ भैया की साली से की शादी, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया की रहने वाली एक विवाहिता ने बताया कि पति का उनके बड़े भैया की साली से चक्कर चल रहा है। इसी वजह से मामूली बात को लेकर भी ससुराल के लोग उनसे विवाद करते हैं। कई बार तो मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

### पत्नी की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

पति ने अपने बड़े भैया की साली से दूसरी शादी भी कर ली। विरोध करने पर मुझे ही जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित विवाहिता ने श्यामदेउरवां पुलिस से इसकी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसपी से शिकायत के बाद थाने में दहेज उत्पीड़न समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गोरखपुर जिले के गुलहरिया थाना क्षेत्र के चिलबिलवा निवासी रामवृक्ष की पुत्री विन्द्रावती की शादी श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया निवासी राम अशीष के साथ हुई थी। शादी के तीन माह बाद से ही ससुरालियों ने विन्द्रावती को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

उससे अतिरिक्त रुपये और एक बुलेट की मांग की जाने लगी। कई बार उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जिससे वह मायके में रहने को मजबूर हो गई। बीते माह 14 जुलाई को पंचायत में पति उसे विदा कराकर घर लाया।

इसी बीच पति को चोरी छिपे किसी दूसरे महिला से बात करते हुए पत्नी ने पकड़ लिया और विरोध जताया। इससे बौखलाए पति ने 17 जुलाई को उसे बुरी तरह से मारापीटा और घर से भगा दिया। कुछ दिनों बाद पता चला कि पति राम अशीष ने बड़े भाई की साली के साथ शादी कर ली है।

थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति राम अशीष, ससुर राधेश्याम, घंश्याम, जेठानी अनीता, गुड़िया आदि के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



एएसपी आतिश कुमार सिंह ने पनियरा थाने का किया निरीक्षण। ● हिन्दुस्तान

# मेन्यू के अनुसार भोजन पर जोर

महराजगंज। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने सोमवार को पनियरा थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। बैरक, मेस व शौचालय देखने के बाद साफ-सफाई बनाए रखने और मेस में मेन्यू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन पर जोर दिया। एएसपी ने थाना परिसर व थाने में खड़े जब्त वाहनों का भी निरीक्षण किया। थाना प्रांगण में पड़े माल मुकदमाती वाहनों का भी निरीक्षण किया गया।

# चाय की दुकान में चोरी करते पकड़ा गया बिहार का युवक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के हरपुर तिवारी स्थित चाय की एक दुकान में चोरी कर भाग रहे एक व्यक्ति को दुकानदार के साथ स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। दुकानदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को हिरासत में ले लिया।

लक्ष्मीपुर जरलहिया निवासी कन्हैया यादव का चाय एवं बेकरी की दुकान है। रविवार की रात लगभग 8:30 बजे एक व्यक्ति दुकान में आया और कुछ बेकरी का सामान मांगा। दुकानदार पीछे जाकर सामान निकालने लगा कि उस व्यक्ति ने गल्ला खोलकर उसमें रखा बिक्री का रुपया लेकर भागने लगा। दुकानदार ने देखा तो उसका पीछा किया।

कुछ दूर जाने के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पकड़ लिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के पूछताछ में उसने अपना नाम बबलू शाह निवासी ग्राम अहवर मझरिया बैजनाथपुर पश्चिमी चम्पारण बिहार बताया।

## पूर्व में भी महिला के साथ की थी 20 हजार की ठगी



आरोपी पकड़ा गया।

पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि बीते माह 19 जुलाई को भी खालिद मिल्ली स्कूल के पास एक महिला को सोना दिलाने के नाम पर 20 हजार की ठगी की थी।

उक्त मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज था। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोर के पास से 4300 रुपये नकद बरामद किया गया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया गया है।

# दामाद पर दर्ज कराया केस

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ईपुरवा में रविवार को ससुराल आए एक युवक ने अपने ससुर के साथ विवाद कर लिया और ससुर का हाथ तोड़ दिया था। इस मामले में ससुर ने अपने दामाद के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

बढ़ईपुरवा निवासी दधिबल की बेटी की शादी घुघली निवासी चंद्रप्रकाश साहनी के साथ हुई है। चंद्रप्रकाश की पत्नी अपने मायके बढ़ईपुरवा आई थी। उसे विदा कराने के लिए चंद्रप्रकाश आया था। इस बीच विदाई कराने की बात को लेकर ससुर और दामाद में विवाद हो गया। इस बात पर दामाद ने ससुर का हाथ फ्रैक्चर कर दिया। इस मामले में दधिबल की तहरीर पर पुलिस ने उसके दामाद चंद्रप्रकाश के खिलाफ मारपीट और गाली देने के आरोप में सोमवार को मुकदमा दर्ज किया है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि ससुर और दामाद की बीच मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार, जेल

पुरंदरपुर। पुरंदरपुर एसओ पुरूषोत्तम राव के नेतृत्व में सोमवार को टीम ने रानीपुर चौराहे पर वाहनों की जांच के दौरान एक युवक को पकड़ा। उसके पास से 1100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम गौरव दूबे निवासी सोहरवलिया खुर्द बताया है। एसओ ने बताया कि उसके खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# न्यायालय ने मारपीट के मामले में लगाया अर्थदंड

निचलौल: मारपीट के मामले में गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। महाशय मोहल्ला निचलौल के निवासी विक्रम के विरुद्ध निचलौल पुलिस व अभियोजन अधिकारी ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायालय ने आर्म एक्ट के मामले में भोला मुसहर निवासी औरहवां टोला तिलवारी को जेल में बिताई गई अवधि के दंड से दंडित किया है।

12 लीटर कच्ची के साथ महिला गिरफ्तार : चौक बाजार: क्षेत्र के कंपार्ट 27 में एक घर से सोमवार को 12 लीटर कच्ची बरामद कर चौक पुलिस ने एक महिला किरण को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

# घायल ससुर ने दामाद के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

जासं, निचलौल: पत्नी की विदाई न करने पर ससुर को पीट कर हाथ तोड़ने के मामले में आरोपित दामाद सहित तीन के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। रविवार को चंद्रप्रकाश पत्नी को बुलाने मेघौली आराजी गांव गया था। ससुर दधिवल ने बेटी को विदा नहीं किया। जिससे दामाद नाराज हो गया था। दोनों में मारपीट हो गई, दामाद ने ससुर को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने ससुर दधिवल की तहरीर पर उसके दामाद चंद्र प्रकाश, छोटेलाल निवासी नेबुआ नौरंगिया व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

# 700 दीजिए, 3 दिन में मिल जाएगी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट

## फैला है दलालों का नेटवर्क, रकम लेने के बाद करा देते हैं काम, लेकिन नकली होती है नंबर प्लेट

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। शहर में नकली हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट दलालों के जरिए आसानी से मिल जा रहा है। दो पहिया वाहन के लिए 600 से 700 और चार पहिया वाहन के लिए 1000 देने पर काम हो जाता है। यह रकम कोई निर्धारित नहीं है। दलाल चेहरा देखकर रकम की मांग करते हैं, उनको समझ में आता है कि ग्राहक ज्यादा जरूरतमंद है तो रकम बढ़ा देते हैं। जानकारी नहीं होने पर दलालों के मकड़जाल में लोग उलझ कर ठगे जा रहे हैं। उन्हें एहसास तब होगा, जब जांच में वे पकड़े जाएंगे।

सोमवार को फरेंदा रोड पर एक वाहन मैकेनिक की दुकान मिली, जहां वर्ष 2019 की गाड़ी लेकर एक व्यक्ति बनवाने आया था। उसकी गाड़ी पर पुराना नंबर प्लेट था। उसने हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए कहा तो पास में कुर्सी पर बैठा युवक तुरंत बोला भाई परेशान होने की जरूरत नहीं है, 700 दिजिए तो तीन दिन में नंबर प्लेट मिल जाएगा। सामने वाला व्यक्ति कुछ समझ पाता कि एक वकील साहब आ गए, वह बोले, ऐसे तो फर्जी बनेगा। असली के लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा। यह बात सुनकर बनवाने का ठेका लेने वाला युवक खिसक गया। आगे बढ़ने पर महिला अस्पताल से होकर सीधे एआरटीओ कार्यालय की ओर रुख किया।

यहां झोपड़ी में ऑनलाइन आवेदन करने वाले बैठे मिले। वाहन संबंधी काम के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर रहे थे। यहां तो चौंकाने वाली स्थिति दिखी। ऑनलाइन आवेदन करने के नाम पर भी बड़ा खेल है। अगर कोई जागरूक है तो उससे वाजिब कीमत ली जाती है, लेकिन कम जानकार वाले लोगों से ज्यादा कीमत ली जाती है। लाइसेंस ऑनलाइन आवेदन कराने के लिए 600 से एक हजार वसूला जा रहा है। कुछ लोग झिकझिक भी कर रहे थे।

जो ज्यादा पूछताछ करता, उसका काम नहीं होता था। परिसर में हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट के लिए आए रामचंद्र यादव ने बताया कि 600 रुपये देकर ऑनलाइन आवेदन कराया हूं। यहां चेहरा देखकर रकम की मांग की जाती है। परिसर में दो चार दुकानों पर बैठकर कामकाज देखने के दौरान यही पता चला की शहर में नकली हाई सिक्युरिटी नंबर के लिए कोई स्थाई दुकान नहीं है।

दलाल अपने नेटवर्क का प्रयोग कर रकम लेने के बाद मोबाइल नंबर लेते हैं, नंबर प्लेट आने के बाद फोन कर बुला लेते हैं। इससे उनके पकड़े जाने का कोई खतरा भी नहीं रहता है और काम भी आसानी से हो जाता है।

**पुरानी गाड़ियों में चालान के डर से लगवा रहे नकली एचएसआरपी:** नई गाड़ियों पर एचएसआरपी कंपनी से ही लगकर आ रहे हैं। पुरानी गाड़ियों में इसे लगवाना पड़ रहा है। ऐसा नहीं करने पर चालान हो जाएगा। इसी चालान के डर का फायदा नंबर प्लेट लगाने के काम से जुड़े लोग उठा रहे हैं। हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की तरह ही हू-ब-हू दिखने वाले डुप्लीकेट नंबर प्लेट धड़ल्ले से लगाए जा रहे हैं।

### ऐसे करें आवेदन

हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट के लिए आपको अप्लाई करना है तो आप इंटरनेट ब्राउजर पर bookmyhsrp.com/index.aspx यूआरएल टाइप करें, जो आपको इस साइट पर ले जाएगा। यहां पर आपको प्राइवेट वाहन और कमर्शियल वाहन के दो ऑप्शन दिखाई देंगे। प्राइवेट गाड़ी टैब पर क्लिक करेंगे तो पेट्रोल, डीजल इलेक्ट्रिक, सीएनजी और सीएनजी-पेट्रोल का ऑप्शन चुनना होगा। पेट्रोल टाइप के टैब पर क्लिक करने पर वाहनों की कैटगरी खुलेगी, जिसके बाद आपको बाइक, कार, स्कूटर, ऑटो और भारी वाहन जैसे ऑप्शन में से एक को चुनना होगा। अगर आप कार पर क्लिक करते हैं, तो कार की कंपनी का ऑप्शन चुनना होगा। कंपनी के ऑप्शन के चुनाव करने के बाद आपको राज्य का नाम भरना होगा। इसी के साथ ही यहां आपको डीलर्स के विकल्प भी दिखाई देंगे।

### ऐसे करें असली-नकली की पहचान

आपकी गाड़ी में लगी हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट असली है या नकली, इसकी पहचान आप खुद कर सकते हैं। नंबर प्लेट पर ही एक बार कोड होता है। हर गाड़ी का बार कोड अलग-अलग होता है। फर्जी तरीके से इस नंबर प्लेट को लगाने वाले बार कोड नहीं लिखते हैं, इस बार कोड के लगे होने पर पकड़े जाने पर उन पर कानूनी कार्रवाई हो जाएगी।

### अनिवार्य हुआ एचएसआरपी

एक अप्रैल 2019 से पहले के सभी वाहनों के लिए हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) और कलर कोड वाले स्टिकर लगाना अनिवार्य हो गया है। एचएसआरपी न लगवाने पर भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### जागरूक नहीं होने का उठा रहे फायदा

हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की जरूरत और इसकी उपयोगिता को लेकर लोगों में अभी जागरूकता नहीं है। इसलिए लोगों को जहां मिल रहा है, वह इसे लगवा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन और सेंटर पर भेजकर नंबर लगवाने से लोग बच रहे हैं।

*जिले में अभी इस तरह के केस सामने नहीं आए हैं। आने वाले दिनों में अभियान चलाकर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट की जांच कराई जाएगी। लोगों को किसी के झांसे में आने की जरूरत नहीं है। ऑनलाइन कर नंबर प्लेट लिया जा सकता है।*

– प्रदीप कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी

# धर्म बदलने की धमकी देने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव में बीते रविवार को एक दुकान पर चाय पीने पहुंचे एक युवक को दो आरोपियों ने धर्म बदलने के लिए पहले बेरहमी से पिटाई की थी। फिर युवक को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी थी।

इस मामले में पुलिस पीड़ित युवक की तहरीर पर दोनों आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी थी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

निचलौल थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि निचलौल शहर के

## पुलिस ने आरोपियों का किया चालान

घोड़हवा वार्ड के रहने वाले युवक शेषमणि गौंड ने पुलिस से बताया था कि वह रोजी रोटी के लिए पेंटिंग का कार्य करता है। जहां उन्हें काम मिलता है, वहां काम कर करते हैं। इसी बीच लंच के समय वह चाय पीने के लिए मदनपुरा गांव के निचलौल सिंदुरिया मार्ग स्थित एक चाय की दुकान पर पहुंच गए। जहां चाय की दुकान संचालित करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप ईसाई बन जाओ। जितना पैसा चाहिए, उतना पैसा दिलवा देंगे।

जिसका विरोध करने पर दुकानदार अपने साला के साथ मिलकर गले में पहने रुद्राक्ष की माला को तोड़ दिया। उसके बाद दोनों उन्हें पीटने लगे। इसके बाद धमकी दी कि अगर ईसाई नहीं बनोगे तो जान से मार डालूंगा।

इस मामले में आरोपी संतोष कुमार निषाद निवासी मदनपुरा और उसका साला अंगद कुमार निषाद निवासी मिठौरा थाना सिंदुरिया के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर से मिली सूचना पर दोनों आरोपियों को शहर स्थित बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। संवाद

# ससुराल में दामाद ने की मारपीट, केस दर्ज

महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र के बढ़ैपुरवा गांव में ससुराल आए एक युवक मामूली बात को लेकर मारपीट करने लगा। जिस मामले में पुलिस ने ससुर की तहरीर के आधार पर दामाद और एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बढ़ैपुरवा गांव के पीड़ित दधिवल ने बताया कि उसने बेटी की शादी घुघली थाना क्षेत्र के तिलकवलिया गांव के रहने वाले चंद्रप्रकाश साहनी से की है। कुछ दिन पहले उसकी बेटी अपने मायके आई थी। बीते रविवार दोपहर उसके दामाद अपने दोस्त छोटेलाल निवासी क्रांति चौराहा थाना नेबुआ नौरंगिया जिला कुशीनगर के साथ नशे में धुत होकर आये। फिर बेटी को बुरी तरह मारने पीटने लगा। जिसका विरोध करने पर दामाद ने दोस्त के साथ मिलकर उन्हें भी पीटा। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर पीटा, केस

**बस्ती** । पुरानी रंजिश की बात को लेकर कुछ लोगो ने मिलकर एक युवक को उसके घर में घुसकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानान्तर्गत पिपरपाती मुस्तकम गांव में ट्रैक्टर को चलाने की पुरानी रंजिश को लेकर इन्द्रेश यादव को अभियुक्तो ने घर पर आकर पहले गालियां दी। जिसका विरोध करने पर उसे घर के अन्दर घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित इन्द्रेश यादव पुत्र झिनकान निवासी पिपरपाती मुस्तकम थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रुद्रनारायण यादव पुत्र भगवती, राहुल पुत्र रुद्रनारायण, निधी मधु पुत्रीगण रुद्रनारायण निवासीगण पिपरपाती मुस्तकम थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अघोषित बिजली कटौती से जूझ रहे उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**हर्रैया(एसएनबी)**। विद्युत उप केंद्र विक्रमजोत तथा एकडेंगवा पद्मपुर पर पहुंचकर उपभोक्ताओं ने सोमवार को अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया और बिजली विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी किया। उपभोक्ताओं ने अघोषित कटौती न किए जाने की मांग किया है। दो दिनों से लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति को लेकर विद्युत उपकेंद्र विक्रमजोत मुख्यालय पर पहुंचकर उपभोक्ताओं ने अपना आक्रोश जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों को चेतावनी दी कि यदि बिजली व्यवस्था जल्द दुरुस्त नहीं की गई तो वृहद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

विक्रमजोत प्रतिनिधि के अनुसार उपकेंद्र के अन्तर्गत आनेवाले गांवों में बिजली आपूर्ति बीते दो दिनों से पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और 18 घण्टे की जगह विभाग द्वारा महज तीन से चार घंटे आपूर्ति की जा रही है। रोस्टिंग व ओवरलोड के नाम पर घंटों बिजली सप्लाई बाधित की जा रही है। उप केंद्र के कोहराएं व केनौना फीडर मशीन पिछले 6 महीने से खराब है जो कि पी टी इक्वल् धानी किसान फीडर से जोड़कर सप्लाई दी जा रही थी। बीते महीने केनौना फीडर जल जाने से सिंचाई के लिए बनाए गए अलग से फीडर से जोड़कर दोनों ही फीडरों के करीब 200 से अधिक गांव को सप्लाई की व्यवस्था कराई गई है। मशीन को दुरुस्त कराने का काम अभी तक नहीं हो पाया है जिसके चलते ओवरलोडिंग की बात कह कर कटौती जारी है। वही बीच-बीच में रोस्टिंग के नाम पर भी सप्लाई बंद की जा रही है ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में आपूर्ति पूरी तरह से बदहाल है और बिजली से चलने वाले व्यवसायों के साथ-साथ लोगों की दैनिक क्रियाएं भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के तेज बहादुर सिंह, सुधाकर तिवारी व अनुपम सिंह के नेतृत्व में करीब तीन बजे से सैकड़ों लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया। भीड़ बढ़ती देख फीडर के कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। एक एक कर धीरे धीरे फीडर से नदारद होते गये। प्रदर्शन के दौरान विद्युत उपभोक्ता खड़ग बहादुर सिंह, तेजनारायन सिंह, अशोक कुमार उर्फ पिंटू, महावीर सिंह, रंजीत सिंह, रंजीत कुमार उपाध्याय, कपिल देव पाण्डेय, कप्तान सिंह, दुर्गेश सिंह, श्याम जायसवाल, मुन्नू सिंह, संतोष सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार बुधवार की रात आठ बजे उपकेंद्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया। शनिवार की देर शाम जैसे-तैसे बारी-बारी से फीडरों पर आपूर्ति शुरू कराई गई लेकिन अघोषित कटौती के चलते उपभोक्ताओं को बिजली ठीक से नहीं मिल पाई। सोमवार को आक्रोशित उपभोक्ता उपकेन्द्र पर पहुंच गए। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। उपभोक्ताओं का कहना है कि आए दिन लो वोल्टेज, लोकल फाल्ट एवं अघोषित कटौती से आपूर्ति ठप हो जाती है। उमस भरी गर्मी में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। चेतावनी दिया कि यदि आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं हुई तो उपकेन्द्र पर ताला लगाकर मार्ग जाम किया जाएगा। उपभोक्ताओं ने कहा कि विभाग की लापरवाही व मनमानी नहीं चलने पाएगी।



उपकेन्द्र विक्रमजोत व पद्मपुर में प्रदर्शन करते उपभोक्ता। फोटो : एसएनबी

# सफाईकर्मी की हार्टअटैक से मौत

**छावनी**। विक्रमजोत ब्लाक में तैनात सफाईकर्मी की हार्ट अटैक रुकने से मौत हो गई। सीने में दर्द के बाद अचानक तबियत खराब हो गई। परिजन इलाज के लिए अयोध्या के एक निजी चिकित्सालय लेकर गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

ब्लाक क्षेत्र के देवखर निवासी सफाईकर्मी रामगोपाल पूरे दीवान गांव में तैनात थे। सोमवार की सुबह घर से निकलते ही अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। रामगोपाल बेहद व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। सरयू नदी के ठोकर नम्बर-10 पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। घर पर पहुंचकर प्रधान रामविशाल पाठक, डब्बू जायसवाल, आदि ने शोक संवेदना प्रकट की।

# कोचिंग जा रही किशोरी से छेड़खानी व मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही एक किशोरी से बाइक सवार युवक ने पीछे से आकर हाथ पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा। जिसका विरोध तथा पिता द्वारा उलाहना लेकर घर जाने पर अभियुक्तो द्वारा मारपीट की गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी कोचिंग पढ़ने के लिए गयी हुई थी। जहां से आते समय रास्ते में आरोपी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा ने गनेशपुर चौराहे के पास रामपुर गांव स्थित बाइक से आया और लड़की को गालियां देते हुए हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा। जिसका विरोध करने पर शिवराज ने लड़की की पिटाई की। जब लड़की घर आकर आपबीती अपने पिता व भाई से बतायी तो उसके पिता व भाई आरोपी के घर उलाहना लेकर गये। जहां पर आरोपी शिवराज व उसके परिवार वालो ने दोनो की पिटाई की और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा पुत्र भगवान मिश्रा, भगवान मिश्रा पुत्र राम निरंजन मिश्रा, पुष्पराज मिश्रा पुत्र भगवान मिश्रा निवासीगण मंझरिया (गौरा गनेशपुर) थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 354(क) आईपीसी एवं 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नंगे तार की चपेट में आकर युवक की मौत, दो पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** विल्डिंग करने के दौरान दुकानदार द्वारा लगाये गये नंगे तार के चपेट में आकर एक युवक की बिजली के चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मुण्डेरवा थानान्तर्गत सिसवा पाण्डेय गांव की रहने वाली रीता देवी नेपुलिस को बताया कि उसके पति झिनकान यादव ने ज्ञान चन्द्र कसौधन से चार हजार रूपये उधार लिये थे। जिसे चुकता करने के लिए ज्ञान चन्द्र व उनका भाई अमरनाथ उर्फ प्लाऊ ने उसके पति जो बिल्डिंग का कार्य करते है उनसे अपने श्रृंगार प्रसाधन की दुकान पर काम करने के लिए कहा गया। जिसपर पति द्वारा दुकान पर शटर लगाने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान ज्ञान चन्द्र द्वारा लगाये गये बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गये और उनकी मौत हो गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी ज्ञान चन्द्र व अमरनाथ उर्फ प्लाऊपुत्रगण शिव पल्टन कसौधन निवासीगण मुण्डेरवा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 279, 304ए, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर व बाइक की आमने सामने भिड़न्त में बाइक चालक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

परसरामपुर थानान्तर्गत श्रीनगर के पास गौशाला तिराह स्थित सुरेश उर्फ गुड्डू को जो अपाची बाइक से अपने ससुराल जा रहा था को तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने ठोकर मार दिया। जिससे सुरेश गम्भीर रूप से जख्मी हो गये और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। सुरेश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सको ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतक के भाई पप्पू पुत्र सन्तराम निवासी नौडिहवा नवाबगंज गिर्द थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 427, 304ए आईपीसी व 184 एमबी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आदेश जारी हुआ तो शुरू होगा रात्रिकालीन धरना

बस्ती। चयन वेतनमान को लेकर सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीएसए अनूप कुमार से मुलाकात की। बीएसए ने बताया कि पत्रावली तैयार हो चुकी है। कुछ ब्लॉकों से नए शिक्षकों की भी सर्विस बुक की पत्रावली आ भी गई है। संघ के मंत्री बालकृष्ण ओझा ने बताया कि संघ ने बीएसए से अविलंब आदेश जारी करने की मांग की। इस पर बीएसए ने 25 अगस्त तक हर हाल में सूची जारी करने का बात कही है।

# दो पर यूपी गैंगेस्टर की कार्रवाई

**बस्ती।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने दो अभियुक्तो पर यूपी गैंगेस्टर के तहत कार्यवाही किया है। वाल्टरगंज थाने में अभियुक्त विजय चौहान पुत्र गेथु चौहान निवासी बीरपुर खरहरा थाना छावनी हाल मुकाम पता मोहल्ला उत्तम नगर यादव इक्लेव यादव 11 मुर्गी चौका गली नम्बर-8 दिल्ली तथा प्रदीप यादव पुत्र रामभवन निवासी औडवा जंगल टोला नैवला थाना सोनहा पर 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज रामदेव ने बताया कि अभियुक्तगणो द्वारा संगठित अपराधिक गैंग बनाकर अपने गैंग के सदस्यो के साथ आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु चोरी का अपराध कारित करते थे। जिससे क्षेत्र के आम लोगो में भय का माहौल बना हुआ था तथा पुलिसिंग व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी, जिससे यह कार्यवाही की गयी।

# वांछित इनामियां महिला गैंगस्टर गिरफ्तार

**बस्ती ।** विभिन्न अपराधो की आरोपी व मुण्डेरवा थाने में गैंगेस्टर के तहत वांछित चल रही एक महिला अपराधी को मुण्डेरवा पुलिस तथा स्वाट टीम के संयुक्त प्रयास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय रवाना किया गया है। जनपद में वांछित अभियुक्तो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा राम कृष्ण मिश्र ने हमराही पुलिस टीम व स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक उमाशंकर तिवारी की पुलिस टीम द्वारा वांछित व पुरस्कार घोषित थाना मुण्डेरवा में धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत वांछित आरोपी महिला रुस्तम देवी पत्नी मनोहर करवल ग्राम करवल कालोनी किठुरी थाना मुण्डेरवा को गन्ना विकास इण्टर कालेज से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा राम कृष्ण मिश्र, प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक उमाशंकर तिवारी, उप निरीक्षक जय प्रकाश चौबे थाना मुण्-डेरवा, मुख्य आरक्षी दयाराम यादव, आरक्षी निकेश यादव, आरक्षी धर्मवीर यादव थाना मुण्डेरवा, मुख्य आररी उमेश चौहान, हिन्दे आजाद, आरक्षी अभिनाश सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, किशन सिंह स्वाट टीम महिला आरक्षी सलोनी देवी थाना मुण्डेरवा शामिल रही।

# बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** मोबाइल बनवाने आये एक व्यक्ति की बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत जनता होटल स्थित दुकान पर मोबाइल बनवाने के लिए आये विजय पाल अपनी गाड़ी सड़क के बगल में खड़ी कर दुकान के अन्दर मोबाइल ठीक कराने लगे। इस दौरान अज्ञात चोर की नजर उनकी गाड़ी पर पड़ी और वह उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित विजय पाल पुत्र फूलचन्द निवासी ग्राम लबदहा थाना हर्रैया की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए सौंपा ज्ञापन

बस्ती। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को संगठन पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें पेंशन बहाली संयुक्त मंच ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर संघर्ष की रणनीति तय की। एक सूत्री पुरानी पेंशन की मांग को लेकर राष्ट्रपति, पीएम, सीए को ज्ञापन भेजा गया। शिक्षकों के स्थानीय समस्याओं के समाधान को ज्ञापन नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ल को सौंपा।

# फरार इनामी महिला गैंगस्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। मुंडेरवा पुलिस ने स्वॉट टीम की मदद से सोमवार को अवैध शराब बनाकर बेचने वाले गैंग की आरोपी महिला गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ जुलाई 2022 में गिरोह बंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। करीब 13 माह से गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रही आरोपी महिला उस पर एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थाना प्रभारी मुंडेरवा रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि फरार महिला गैंगस्टर की तलाश में टीमें लगी थीं। स्वाट टीम के प्रभारी उमाशंकर तिवारी व उनकी टीम के सहयोग से मुंडेरवा के किठुरी करवल कॉलोनी निवासी गैंगस्टर रुस्तम देवी को मुखबिर की सूचना पर सोमवार को गन्ना विकास इंटर कॉलेज से पकड़ लिया गया।

उमसभरी गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम नागरिक परेशान, जनजीवन हो रहा है प्रभावित

# कटौती से नाराज उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र घेरा

बिजली संकट

बस्ती, कलवारी/हरैंया। बिजली की अघोषित कटौती व फाल्ट के कारण आपूर्ति में आ रही बाधा से उपभोक्ताओं में नाराजगी है। नाराज उपभोक्ता उपकेंद्रों का घेराव कर रहे हैं। अगर गर्मी का यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में समस्या और गम्भीर हो सकती है। उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफॉर्मर ओवरलोडेड हैं, जिसे बचाने के लिए अघोषित कटौती की जा रही है। बताया जा रहा है कि विभागीय रिकॉर्ड में 15-16 घंटे आपूर्ति दिखाई जा रही है, जबकि आपूर्ति इससे कहीं कम हो रही है।

कलवारी संवाद सूत्र के अनुसार दुबौलिया ब्लॉक क्षेत्र के एकडंगवा उपकेंद्र पर सोमवार को नाराज उपभोक्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि तीन से चार घंटे ही बिजली मिल पा रही है। बुधवार को ट्रांसफॉर्मर खराब होने के बाद से आपूर्ति ठप थी। शनिवार को उसे ठीक कराया गया, लेकिन सभी तीनों फीडर पर आपूर्ति नहीं की जा रही है।

एक फीडर को बंद कर दूसरे को आपूर्ति की जाती है। प्रदर्शन की सूचना पर सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तालेबन यादव वहां पहुंचे। जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय एसडीओ से वार्ता की। उनका कहना है कि सुधार के लिए 24 घंटे का समय अधिकारियों को दिया गया है। एसडीओ ने सुधार का आश्वासन दिया है। देर शाम तक उपभोक्ता उपकेंद्र पर डटे रहे। कलवारी क्षेत्र में भी आपूर्ति का बुरा हाल है।

**अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ता बेबस :** हरैया। हरैया तहसील क्षेत्र में बीते दो दिनों से शुरू हुई अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशान व बेबस नजर आ रहे हैं। उमस भरी गर्मी में जहां रात काटना मुश्किल हो रहा है, वहीं रात के अंधेर का लाभ उठाते हुए चोर घरों में घुसकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उपभोक्ता रामशंकर सिंह, शुभनंदन पांडेय, गंगा प्रसाद, घनश्याम सिंह ने बताया कि लगातार हो रही बिजली कटौती आम जनमानस के लिए मुसीबत बन गई है। तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र छावनी, अमारी, महराजगंज, बेलभरिया, विक्रमजोत, मखौड़ा सहित अन्य जगहों पर बिजली कटौती से लोग आक्रोशित हो रहे हैं। यदि विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। पिछले दो दिन से बुरा हाल है।

**तार टूटने से चार घंटे बाधित रही आपूर्ति :** उपकेंद्र गिदही अंतर्गत मनहनडीह क्षेत्र में रविवार रात बिजली लगभग चार घंटे बाधित रही। एसडीओ राम इकबाल प्रसाद ने बताया कि तार टूटने के कारण बाधित हुई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार रात लगभग नौ बजे क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। बताया गया कि तार टूटा हुआ है।



सोमवार को विद्युत उपकेंद्र एकडंगवा पर प्रदर्शन करते उपभोक्ता।

### बिजली गुल रहने से बच्चे हो रहे परेशान

कई दिनों से हो रही बिजली की कटौती से विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान हैं। रोस्टिंग के नाम पर आपूर्ति बाधित कर दी जा रही है। विद्युत उपकेन्द्र हरदी दुबौला क्षेत्र के गांवो में बिजली कब आएगी व कब जाएगी, इसका कोई ठिकाना नहीं रह गया है। चौबीस घंटे में महज दो से चार घंटे ही सप्लाई मिल सकी है। रविवार की पूरी रात बिजली गुल रही। गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को हो रही है। उपकेंद्र पर तैनात जिम्मेदारों का कहना है कि कटौती ऊपर से की जा रहा है।

### दो दिन से ध्वस्त है विक्रमजोत क्षेत्र की आपूर्ति

विद्युत उपकेंद्र विक्रमजोत अंतर्गत गांवो की बिजली आपूर्ति पिछले दो दिन से ध्वस्त हो चुकी है। 18 घंटे की जगह महज तीन से चार घंटे ही बिजली उपभोक्ताओं को मिल पा रही है। सोमवार को उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया और काफी संख्या में उपकेंद्र पहुंचे उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन किया। उपकेंद्र के कोहराए व केनौना फीडर की मशीन पिछले छह माह से खराब है। किसान फीडर से जोड़कर सप्लाई दी जा रही है। दोनों ही फीडरों के करीब 200 से अधिक गांव को इससे सप्लाई की जा रही है। इससे ओवरलोडिंग की समस्या है। क्षेत्र के तेजबहादुर सिंह, सुधाकर तिवारी व अनुपम सिंह के नेतृत्व में करीब तीन बजे से क्षेत्रीय लोगों का जमावड़ा उपकेंद्र पर शुरू हो गया था। भीड़ बढ़ती देखकर उपकेंद्र के कर्मी वहां से निकल गए।

# चुनाव में धांधली पर सफाईकर्मी पर गोण्डा में केस

- संगठन चुनाव में अधिकारी बन गोंडा पहुंचे थे मनसाराम चौधरी
- 250 मतपत्रों की हेराफेरी का आरोप, हाथापाई की आई नौबत

बस्ती, निज संवाददाता। संगठनात्मक चुनाव में धांधली करने के आरोपी सफाईकर्मी मनसाराम चौधरी के खिलाफ गोंडा में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। वह उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण कर्मचारी संघ प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गोण्डा में चुनाव अधिकारी बनकर गए थे। यह मुकदमा उनके साथी चुनाव अधिकारी ने दर्ज कराया। मतगणना के समय धांधली पकड़ने जाने पर हंगामा हो गया था। हाथापाई की नौबत आती देख चुनाव अधिकारी मनसाराम चौधरी भागने लगे तो मौजूद सफाई कर्मियों ने दौड़ा लिया। किसी तरह गोण्डा कोतवाली पुलिस उन्हें बचाकर अपने वाहन से थाने ले गई। मतगणना स्थल से भागते और पुलिस अभिरक्षा में गाड़ी में बैठाकर ले जाने का वीडियो वायरल हो गया। हालांकि 'हिन्दुस्तान' वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

गोण्डा कोतवाली को दी तहरीर में चुनाव अधिकारी बहराइच के गोपाल शरण सिंह ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने मनसाराम चौधरी मेरे साथ चुनाव कराने गोण्डा गए थे। वह प्रदेश नेतृत्व से सभी प्रपत्र और मतपत्र लेकर गोण्डा आए। 12 अगस्त को अध्यक्ष, मंत्री समेत अन्य पद के प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। उसके सापेक्ष मतपत्र मनसाराम के पास था। 20 अगस्त को मतदान पूर्व वह बैलेट पेपर लेकर आए तो उसमें से 250 मतपत्र गायब थे। पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि प्रदेश मुख्यालय से ही नहीं मिला है। जब सीरियल नंबर पूछा तो नहीं बताया। मतगणना के समय भी प्रत्याशियों ने गायब मतपत्रों का सीरियल नंबर पूछा तो नहीं बताया। जब मतगणना शुरू हुई और दो बॉक्स खोले गए तो उसमें 250 मतों की गड्डी मिली, जो अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी राघवेंद्र तिवारी के नाम पर मुहर लगी थी। पड़े मतपत्रों के सापेक्ष अधिक मतपत्र मिले। मतगणना स्थल पर हंगामा होने लगा। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी देवमणि शुक्ला, महामंत्री के सुधीर गौतम, आमोद मिश्र, राकेश तिवारी, रामविलास तिवारी आदि के समर्थक उग्र हो गए। उग्र हालात देखकर मनसाराम भागने लगे तो लोगों ने दौड़ा लिया। बाद में पुलिस अपने घेरे में लेकर उन्हें अपनी गाड़ी बैठाई और कोतवाली गोण्डा ले गई। कोतवाली गोण्डा पुलिस ने दूसरे निर्वाचन अधिकारी गोपाल शरण सिंह की तहरीर पर चुनाव अधिकारी मनसाराम चौधरी और अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राघवेंद्र तिवारी के खिलाफ धारा 167 व 420 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया।

# फर्जी वीजा दे डेढ़ लाख ठगने में होगा केस

बस्ती। फर्जी बीजा और पासपोर्ट देकर डेढ़ लाख रुपये की ठगी करने के मामले में सीजेएम आशीष कुमार राय की अदालत ने कोतवाली पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। संतकबीरनगर जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव निवासी मो. अफसर ने न्यायालय में अर्जी दाखिल कर बताया कि 10 फरवरी 2023 को बस्ती शहर के तिरंगा चौक पर विदेश भेजने के लिए कैंप लगाया गया था। वहां पहुंचने पर कैंप के संचालक कलवारी थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी जावेद अहमद से उनकी मुलाकात हुई।

आरोपी जावेद से उनका इकरार हुआ कि डेढ़ लाख खर्च में उन्हें रोजगार के लिए कुवैत भेजेंगे। डेढ़ लाख लेने के बाद उन्हें फर्जी बीजा व टिकट दे दिया।

# किशोरी संग रास्ते में छेड़खानी व मारपीट

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने कोचिंग पढ़ने गई किशोरी के साथ छेड़खानी व मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 20 अगस्त को कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी। आरोप है कि बाइक सवार गांव निवासी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा ने रास्ते में छेड़खानी करते हुए जबरन हाथ पकड़कर खींचा। पुलिस ने छेड़खानी, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# चोरी के दो आरोपितों पर लगा गैंगस्टर

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने चोरी के दो आरोपितों पर गैंगस्टर के तहत मुकदमा कायम किया है। थानेदार रामदेव ने तहरीर देकर बताया है कि आरोपी विजय चौहान निवासी बीरपुर खरहरा थाना छावनी जनपद बस्ती हाल मुकाम पता मोहल्ला उत्तम नगर यादव इक्लेव यादव 11 मुर्गी चौका गली नंबर-8 दिल्ली और प्रदीप यादव निवासी औडवा जंगल टोला नैवला थाना सोनहा गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में तीन पर केस

बस्ती। लालगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के पिपरपाती मुस्तहकम निवासी इन्द्रेश यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर को चलाने की पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रुद्रनारायण यादव, राहुल, निधि और मधु ने घर में घुस कर मारपीट की। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# बहराइच व बलरामपुर के खिलाड़ी रहे अव्वल

बस्ती। बस्ती पुलिस लाइन में चल रही गोरखपुर जोन की 48वीं अंतरजनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स, राइफल/रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस महिला व पुरुष प्रतियोगिता के दूसरे दिन बलरामपुर, बहराइच और देवरिया के प्रतिभागियों का दबदबा रहा। 300 मी. थ्रीपी पुरुष वर्ग में जनपद बलरामपुर के एसआई अनिल दीक्षित को पहला स्थान मिला। बहराइच के कांस्टेबल आशुतोष द्वितीय और बस्ती के रोनित यादव को तीसरा स्थान हासिल हुआ है। 300 मीटर महिला वर्ग प्रोन प्रतियोगिता में बहराइच की अंजनी शुक्ला को प्रथम, बहराइच की शची पटेल को द्वितीय, देवरिया की बबिता यादव को तृतीय और जनपद देवरिया की ही नीतू मिश्रा को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।

# मुंबई पुलिस ने पकड़ा था, कोर्ट से नहीं मिली ट्रांजिट रिमांड

बस्ती, निज संवाददाता। गबन के केस में वांछित आरोपी रविवार को शहर के जयपुरवा से गिरफ्तार हो गया। सोमवार को सीजेएम कोर्ट में मुंबई पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड की अर्जी दी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके चलते मुंबई पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। केस में अधिकतम सात साल तक की सजा होने के कारण कोर्ट ने गिरफ्तारी को विधि विरुद्ध माना और आरोपी को निजी मुचलके पर जमानत दे दी।

मुंबई पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के ओशीवारा थाना में बस्ती के कोतवाली क्षेत्र के जयपुरवा मोहल्ला निवासी सूर्यांश उर्फ श्याम सुंदर तिवारी के विरुद्ध गबन का केस दर्ज है। मामले की विवेचना कर रहे एएसआई संदीप पाटिल कर रहे हैं।

मुंबई पुलिस आरोपी की तलाश में रविवार को बस्ती पहुंचे। यहां लोकल पुलिस की मदद से आरोपी सूर्यांश को उसी दिन धर दबोचा। सोमवार को मुंबई पुलिस ने आरोपी को तीन दिनों के ट्रांजिट रिमांड के लिए सीजेएम कोर्ट में पेश किया। अभियोजन पक्ष से दलील दी गई कि ओशीवारा थाना क्षेत्र के एक गैस स्टेशन पर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत श्याम सुंदर ने पांच लाख रुपये गबन कर लिया था।

# गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर पर करें कार्रवाई

बस्ती। पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में सोमवार की शाम एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने क्राइम मीटिंग की। इस दौरान एसपी ने 2023 में प्रस्तावित एनएसए, गैंगस्टर, गैंग पंजीकरण व जब्तीकरण की कार्रवाई के लिए चिह्नित प्रकरणों की समीक्षा की। 82/83 सीआरपीसी की कार्रवाई के बाद फरार चल रहे आरोपितों पर कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसपी ने बीते छह माह से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के खिलाफ गुण्डा, गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीट की कार्रवाई करने को कहा। व्यापारिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में व्यापारियों के साथ गोष्ठी कर सभी प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सभी सर्किल के सीओ, थाना प्रभारी व अन्य मौजूद रहे।

# करंट से मौत मामले में भाइयों पर केस

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने वेल्डिग करते वक्त करंट लगने से कारीगर की मौत के मामले में पुलिस ने दो दुकानदार भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक कारीगर झिनकान (36) की पत्नी का आरोप है कि शटर के ऊपर नंगा तार फैला था। बावजूद इसके आरोपितों ने पति को धमकी देकर काम कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि ज्ञानचंद्र व अमरनाथ पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# विदेश भेजने का नाम पर ठगी का केस दर्ज करें कोतवाल

**जासं, बस्ती:** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार राय ने बेरोजगार को खाड़ी देश में भेजने के नाम पर ठगी के मामले में कोतवाल को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

संतकबीरनगर जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव के रहने वाले मोहम्मद अफसर ने अधिवक्ता एसएन दुबे के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया और कहा कि 10 फरवरी 2023 को बस्ती शहर के तिरंगा चौक पर विदेश भेजने के लिए कैंप लगाया गया था। वहां पहुंचने पर कैंप के संचालक कलवारी थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी जावेद अहमद से इकरार हुआ कि डेढ़ लाख खर्च में उन्हें रोजगार के लिए कुवैत भेजेंगे। इस पर याचिकाकर्ता से अग्रिम धनराशि के तौर पर 10 हजार रुपये लिया गया और उसका पासपोर्ट जावेद के पास जमा करा लिया गया।

# बैरंग लौटी मुंबई पुलिस, नहीं मिली ट्रांजिट रिमांड

जासं, बस्तीः गबन के मुकदमे में वांछित आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद मुंबई पुलिस को उसे छोड़ कर जाना पड़ा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार राय ने मुकदमे में सात साल से अधिक सजा का प्राविधान न होने के कारण उसे रिमांड पर देने से इंकार कर दिया

मुंबई पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के ओशीवारा थाना में बस्ती के कोतवाली क्षेत्र के जयपुरवा मोहल्ला निवासी सूर्यांश उर्फ श्याम सुंदर तिवारी के विरुद्ध गबन का केस दर्ज है। मामले की विवेचना कर रहे एएसआइ संदीप पाटिल मुंबई पुलिस टीम के साथ आरोपित की तलाश में रविवार को बस्ती पहुंचे। यहां की स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपित सूर्यांश को गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को मुंबई पुलिस ने आरोपित की तीन दिनों के ट्रांजिट रिमांड के लिए सीजेएम कोर्ट में पेश किया। अभियोजन पक्ष से दलील दी गई कि तीन साल पहले आरोपित मुंबई के ओशीवारा थाना क्षेत्र के एक सीएनजी गैस स्टेशन पर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। वह संबंधित कंपनी का पांच लाख रुपये गबन कर भाग निकला। इस मामले में मुंबई की ओशीवारा पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोपित के पक्ष से एसएन दुबे एडवोकेट ने तर्क दिया कि गबन में अधिकतम सात वर्ष तक की सजा है। जिसमें सामान्य परिस्थितियों में गिरफ्तारी नहीं की जाती है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद सीजेएम ने मुंबई पुलिस की 21 से 23 अगस्त तक ट्रांजिट रिमांड की याचिका खारिज कर दी। सीजेएम ने माना कि रिमांड के लिए मजबूत आधार होना चाहिए। उन्होंने मुंबई पुलिस को हिदायत दी कि भविष्य में ऐसे मामलों में बिना मजबूत आधार के ट्रांजिट रिमांड की याचिका न दायर की जाए।

# स्थान बदल कर वाहनों की चेकिंग करने के दिए निर्देश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** पुलिस लाइंस सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी की गई, जिसमें एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने, त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की। एसपी ने स्थान बदल-बदल कर वाहनों की चेकिंग का निर्देश दिया।

ऑपरेशन दृष्टि, ऑपरेशन ब्रम्हास्त्र, कन्विक्शन, शिकंजा के अंतर्गत की गयी कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में टॉप 5 में आने वाले थाना प्रभारी की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया। बॉटम

## एसपी ने की जिले की अपराध व कानून व्यवस्था की समीक्षा

-5 में आने वाले थाना प्रभारी को अपने रैंक में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी में वर्ष 2023 में प्रस्तावित एनएसए, गैंगस्टर, गैंग पंजीकरण व जब्तीकरण के लिए चिन्हित प्रकरणों की समीक्षा की गयी। साथ ही धारा 82/83 सीआरपीसी के बाद फरार चल रहे अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पुरस्कार घोषित अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी न होने के कारण की जानकारी कर यथाशीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया। छह माह के लंबित विवेचनाओं से संबंधित समीक्षा, निरोधात्मक कार्रवाई करने व जनपद में घटित घटनाओं का यथा शीघ्र खुलासा करने के लिए निर्देशित किया गया। आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के खिलाफ गुंडा, गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई की जाए। एसपी ने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के संबंध में व्यापारियों के साथ गोष्ठी कर सभी प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर भी सीसीटीवी लगवाए जाएं। एन्टी रोमियो टीम विद्यालय, कोचिंग संस्थान आदि में नियमित रूप से प्रभावी चेकिंग करें।

# चाचा-भतीजे में मारपीट कई वाहनों के शीशे टूटे




मथौली गांव में गाड़ियों के टूटे शीशे • जागरण

**जासं, महादेवा, बस्ती**: लालगंज थानाक्षेत्र के मथौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को चाचा-भतीजे में विवाद हो गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसी बीच भतीजे के बुलाने पर दिन में लगभग एक बजे बस्ती और संतकबीरनगर से आए आधा दर्जन लक्जरी वाहनों में आए लोगों ने वहां मारपीट शुरू की, घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। ग्रामीणों का रुख देख बाहर से आए लोग भाग निकले। दो गाड़ियों को लालगंज पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

लालगंज थानाक्षेत्र के मथौली गांव निवासी मंटू पाल व उनके भतीजे शनि पाल के बीच सोमवार की दोपहर मामूली कहासुनी के बीच हाथापाई हो गई। स्थानीय लोगों ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया।

**लालगंज थाने के मथौली गांव की घटना, पहुंची पुलिस दो गाड़ियों को लालगंज पुलिस ने कब्जे में लिया**

मंटू पाल का आरोप है कि शनि पाल ने फोन कर कुछ मनबढ़ों को बुलाया। आधा दर्जन लग्जरी वाहनों में सवार लोग हूटर बजाते हुए गांव में पहुंचे। गांव के लोगों ने बाहरी लोगों को गांव में घुसते देखा तो वे एकजुट हो गए और उन्होंने उनको दौड़ा लिया। उनकी गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। ग्रामीणों को रुख देख मनबढ़ भाग निकले।

थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जरूरी कार्यवाही की जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित महिला गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बस्तीः गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित मुंडेरवा थाने के करवल कालोनी की रहने वाली निवासी एक महिला को पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपित महिला कच्ची शराब के व्यवसाय में शामिल रहती है। वह काफी दिन से फरार चल रही थी।

प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि उन्हें सोमवार को दिन में सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट में लंबे समय से वांछित चल रही रुस्तम देवी गन्ना विकास इंटर कालेज मुंडेरवा के पास मौजूद है। ऐसे में मुंडेरवा पुलिस और स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर तिवारी की संयुक्त टीम ने दिन में 3.10 बजे मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की ओर से आरोपित महिला की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# पूर्व सभासद व विधायक के करीबी में हुई मारपीट

जासं, बभनान, बस्तीः नगर पंचायत बभनान के एक पूर्व सभासद व गोंडा जनपद के एक विधायक के करीबी के बीच जमकर मारपीट हो गई। बभनान कस्बे के स्टेशन चौराहे पर उस समय अफरातफरी मच गई जब आपसी कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। पुलिस चौकी से महज 300 मीटर दूर आधा दर्जन युवकों में हुई मारपीट से पुलिस ने अनभिज्ञता जताई।

पड़ोसी जनपद गोंडा के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनान स्टेशन चौराहे के समीप रविवार की रात करीब 9.30 बजे नगर पंचायत बभनान के पूर्व सभासद व विधायक के एक करीबी के बीच शुरू हुआ विवाद जब मारपीट में बदल गया तो अनहोनी की आशंका में दुकानदारों ने शटर बंद करना शुरू कर दिया। बाद में मौके पर पहुंचे कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। बताया जा रहा है कि दोनों गुटों के कुछ लोग नशे में धुत थे। ऐसे में उनके बीच विवाद बढ़ता गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। चौकी इंचार्ज बभनान रजनीश द्विवेदी ने बताया ऐसी किसी घटना की सूचना पुलिस को नहीं मिली।

# राष्ट्रीय लोक अदालत नौ सितंबर को

**बस्ती**: राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ सितंबर को जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट न्यायालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखित अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामले, बैंक वसूली से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जल कर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद सहित अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण समझौते के आधार पर हो सकता है,उनका निस्तारण किया जाएगा। (विज्ञप्ति)

# शिक्षक संघ ने बनाई संघर्ष की रणनीति

**जासं, बस्ती**: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को प्रेस क्लब सभागार में बैठक हुई। पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर संघर्ष की रणनीति तय की गई। एक सूत्री पुरानी पेंशन की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री, महानिदेशक स्कूल शिक्षा और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ल को सौंपा।



बैठक को संबोधित करते प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर • जागरण

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर चरणबद्ध ढंग से संघर्ष जारी है। ब्लाक से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षकों, कर्मचारियों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराने के बाद आंदोलन की घोषणा की जायेगी। 21 सितंबर और 21 अक्टूबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सभा करने के बाद ज्ञापन भेजा जायेगा।

जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश मिश्र, संरक्षक शिव कुमार तिवारी, रक्षाराम वर्मा, जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री विजय प्रकाश चौधरी, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, देवेन्द्र वर्मा, शैल शुक्ल, रामभरत वर्मा, बब्बन पांडेय, अभिषेक उपाध्याय, रजनीश मिश्र, रामपाल चौधरी, चन्द्रभान चौरसिया, रीता शुक्ला, आशुतोष पांडेय, नरेन्द्र द्विवेदी, अश्विनी पांडेय, तरूण कुमार, विनोद यादव, राजकुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# वेल्डिंग कारीगर की मौत में दुकानदार बंधुओं पर केस

## उधार चुकाने के लिए दबाव में धमकी देकर काम कराने का पत्नी ने लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती**। मुंडेरवा कस्बे में दुकान का शटर वेल्डिंग करते समय करंट लगने से कारीगर की मौत होने के मामले में दुकानदार बंधुओं पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। मृतक झिनकान की पत्नी का आरोप है कि शटर के ऊपर नंगा तार फैला होने का एतराज करने के बावजूद उसके पति से धमकी देकर काम कराया जा रहा था। कारण यह कि उसके पति ने दुकानदार से चार हजार रुपये उधर ले रखे थे। एसएचओ राम कृष्ण मिश्र ने बताया कि किस दर्ज कर मामले की तफ्तीश की जा रही है।

अमर उजाला फॉलोअप

**शटर वेल्डिंग करते समय करंट लगने से हुई थी कारीगर की मौत**

बता दें कि शनिवार को सिसवा पांडेय निवासी झिनकान मुंडेरवा कस्बे में स्थित गोविंद फैमिली मार्ट में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित सुहाग श्रृंगारिका स्पेशल दुकान में शटर वेल्डिंग कर रहा था। उसी दौरान शटर में उतरे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडेरवा ले गए। मौजूद चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पत्नी रीता ने तहरीर दी कि उसके पति ने करीब दो महीने पहले दुकानदार ज्ञानचंद्र से चार हजार रुपये उधार ले रखे थे। जिसे चुकता करने के लिए ज्ञानचंद और उसके भाई अमरनाथ उर्फ प्लाऊ अपनी दुकान पर वेल्डिंग करने को कह रहे थे, जहां पर बिजली का नंगा तार फैला हुआ था। रीता के अनुसार 18 अगस्त को वह काम करके लौटे तो घर पर कहने लगे कि वहां काम करने लायक नहीं है। नंगा तार फैला हुआ है और खतरा हो सकता है।

ज्ञानचंद से तार ठीक कराने को कहा तो वह बकाया होने का हवाला देते हुए दबाव बनाने लगे। अगले दिन फिर जब काम करने गए तो उन्हें करंट लग गया। आरोप यह भी है कि चार बजे करंट लगने के बाद दो घंटे तक उसके पति वहीं पर पड़े रहे।

# 300 मीटर थ्रीपी पुरुष वर्ग में बस्ती के रोनित को तीसरा स्थान

## जोन स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन बलरामपुर, बहराइच व देवरिया का रहा दबदबा

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। गोरखपुर जोन की 48वीं अंतर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस महिला-पुरुष प्रतियोगिता वर्ष-2023 के क्रम में सोमवार को तीन प्रतिस्पर्धाएं हुईं, जिसमें बलरामपुर, बहराइच और देवरिया के प्रतिभागियों ने पहला स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को प्रतियोगिता का समापन होगा।



पुलिस की गोरखपुर जोन स्तरीय प्रतियोगिता में शपथ लेते प्रतिभागी। संवाद

300 मीटर थ्रीपी पुरुष वर्ग में बलरामपुर के एसआई अनिल कुमार दीक्षित को प्रथम स्थान, बहराइच के कांस्टेबल आशुतोष कुमार को द्वितीय स्थान तथा बस्ती के रोनित यादव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 300 मीटर महिला वर्ग प्रोन प्रतियोगिता में बहराइच की अंजनी शुक्ला को प्रथम, शची पटेल को द्वितीय, देवरिया की बबिता यादव को तृतीय तथा नीतू मिश्रा को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

इसी तरह 300 महिला वर्ग थ्रीपी प्रतियोगिता में देवरिया की अंजनी पांडेय को प्रथम स्थान, बहराइच की प्रीती गुप्ता को द्वितीय, अंजनी शुक्ला को तृतीय तथा बस्ती की पूजा को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

# चाचा-भतीजे के झगड़े में पहुंचे बाहरी दबंगों को ग्रामीणों ने दौड़ाया

संवाद न्यूज एजेंसी

### तोड़े कई गाड़ियों के शीशे, पुलिस वाहनों को लिया कब्जे में

बनकटी। लालगंज थानाक्षेत्र के मथौली गांव में चाचा-भतीजे के बीच पुरानी रंजिश को लेकर जमकर बवाल हुआ। भतीजे के बुलाने पर पांच-छह गाड़ियों से बाहर से आए दबंगों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। ग्रामीणों ने कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए।

बताया जाता है कि गांव के लोगों की एकजुटता की वजह से अनहोनी होने से टल गई। काफी देर बाद पहुंची लालगंज पुलिस ने दो क्षतिग्रस्त कारों को कब्जे में ले लिया।

मथौली गांव निवासी मंटू पाल व उनके भतीजे शनि पाल के बीच सोमवार को किसी बात पर हाथापाई हो गई, जिसमें मंटू पाल के हाथ के अंगूठे में काफी चोट आई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। चाचा मंटू पाल का आरोप है कि उनके भतीजे शनि पाल ने संतकबीरनगर व अन्य जगह फोन करके दबंगों को बुला लिया। आधा दर्जन से अधिक लग्जरी गाड़ियों में सवार लोग हूटर बजाते हुए गांव में घुस गए। मारपीट शुरू होते ही ग्रामीणों ने बाहरी हमलावरों को देख एकजुटता दिखाते हुए दबंगों को दौड़ा लिया। गाड़ियों के शीशे तोड़ने लगे तो बाहरी लोग गाड़ियों को लेकर फरार हो गए, जिसमें मौके पर दो गाड़ियां के टूटे शीशे को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

लालगंज थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक चोरी में मुकदमा

बस्ती : हर्रैया थाने के लब्दहा गांव के रहने वाले विजय पाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 जुलाई को उनकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के महरीखांवा स्थित जनता होटल के पास से चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। (जासं)

## वदो पर लगा गैंगस्टर एक्ट

बस्ती : वाल्टरगंज पुलिस ने दो लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इनमें विजय चौहान निवासी बीरपुर खरहरा थाना छावनी जनपद बस्ती व प्रदीप यादव निवासी औड़जंगल टोला नैवला थाना सोनहा जनपद बस्ती शामिल हैं। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि दोनो संगठित आपराधिक गैंग बनाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए चोरी का अपराध करते थे। (जासं)

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में तीन पर केस

बस्ती। लालगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के पिपरपाती मुस्तहकम निवासी इन्द्रेश यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर को चलाने की पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रुद्रनारायण यादव, राहुल, निधि और मधु ने घर में घुस कर मारपीट की। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# फर्जी वीजा और पासपोर्ट मामले में केस दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। फर्जी वीजा और पासपोर्ट देकर डेढ़ लाख रुपये की ठगी किए जाने के मामले में सीजेएम कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रकरण कोतवाली क्षेत्र के कचहरी चौराहा पर कैंप लगाकर डेढ़ लाख रुपये में कुवैत भेजने के इकरार होने का बताया गया है।

संतकबीरनगर जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव निवासी मोहम्मद अफसर ने अधिवक्ता एसएन दुबे के जरिये न्यायालय में अर्जी दाखिल की। कहा कि 10 फरवरी 2023 को बस्ती शहर के तिरंगा चौक पर विदेश भेजने के लिए शिविर लगाया गया। वहां पहुंचने पर शिविर के संचालक कलवारी थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी जावेद अहमद से उनकी मुलाकात हुई। आरोपी जावेद से उनका इकरार हुआ कि डेढ़ लाख खर्च में उन्हें रोजगार के लिए कुवैत भेजेंगे।

## कैंप के दौरान डेढ़ लाख रुपये में कुवैत भेजने का हुआ था इकरार

इस पर याचिकाकर्ता से एडवांस के तौर पर 10 हजार रुपये और उनका पासपोर्ट जमा कराया गया। इसके एक महीने के भीतर ही आरोपी ने याचिकाकर्ता के मोबाइल पर 20 मई 2023 की तिथि में जहाज का टिकट (लखनऊ से कुवैत) और वीजा भेज दिया। उनसे बकाया धनराशि 1 लाख 40 हजार रुपये भी वसूल लिए। निर्धारित तिथि पर जब वह लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि जहाज का टिकट और वीजा दोनों फर्जी हैं।

# कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़खानी व मारपीट

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने कोचिंग गई किशोरी के साथ छेड़खानी व मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 20 अगस्त को कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी। आरोप है कि बाइक सवार गांव निवासी शिवराज उर्फ राजा मिश्रा ने रास्ते में बेटी को अपशब्द कहा। छेड़खानी करते हुए जबरन हाथ पकड़कर खींचा। बेटी ने विरोध किया तो मारापीटा। इसकी शिकायत लेकर जब वे विपक्षी के घर पहुंचे तो आरोपी शिवराज के पिता व भाई ने अपशब्द कहे। संवाद

# चोरी के दो आरोपितों पर लगा गैंगस्टर

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने चोरी के दो आरोपितों पर गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया है। थानेदार रामदेव ने तहरीर देकर बताया है कि आरोपी विजय चौहान निवासी बीरपुर खरहरा थाना छावनी जनपद बस्ती हाल मुकाम पता मोहल्ला उत्तम नगर यादव इक्लेव यादव 11 मुर्गी चौका गली नंबर 8 दिल्ली और प्रदीप यादव निवासी औडवा जंगल टोला नैवला थाना सोनहा गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। दोनों के खिलाफ 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। संवाद

# नहीं मिली ट्रांजिट रिमांड, खाली लौटी मुंबई पुलिस

## पांच लाख रुपये के गबन के आरोपी को मुंबई पुलिस ने पकड़कर सीजेएम कोर्ट में किया पेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गबन के मुकदमे में वांछित आरोपी को रविवार को शहर से गिरफ्तार किए जाने के बाद अगले दिन सोमवार को सीजेएम कोर्ट ने मुंबई पुलिस की ट्रांजिट रिमांड की अर्जी खारिज कर दी, जिससे मुंबई पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। मुकदमे में अधिकतम सात साल तक की सजा होने के कारण न्यायालय ने गिरफ्तारी को विधि विरुद्ध करार दिया। बाद में आरोपी को निजी मुचलके पर जमानत भी दे दी गई।

मुंबई पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र के ओशीवारा थाने में

### सात साल तक की सजा होने के नाते मुचलके पर आरोपी को कोर्ट से मिली जमानत

बस्ती के कोतवाली क्षेत्र के जयपुरवा मुहल्ला निवासी सूर्यांश उर्फ श्याम सुंदर तिवारी के विरुद्ध गबन का केस दर्ज है।

मामले की विवेचना कर रहे एएसआई संदीप पाटिल मुंबई पुलिस टीम के साथ आरोपी की तलाश में रविवार को बस्ती पहुंचे। यहां स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी सूर्यांश को उसी दिन धर दबोचा। अगले दिन मुंबई पुलिस ने आरोपी को तीन दिनों के ट्रांजिट रिमांड के लिए सीजेएम कोर्ट में पेश किया।

अभियोजन पक्ष से दलील दी गई कि तीन साल पहले आरोपी मुंबई के ओशीवारा थाना क्षेत्र के एक सीएनसी गैस स्टेशन पर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। वह संबंधित कंपनी का पांच लाख रुपये गबन कर भाग निकला। इस मामले में मुंबई की ओशीवारा पुलिस ने केस दर्ज किया था।

आरोपी के पक्ष से अधिवक्ता एसएन दुबे ने तर्क दिया कि गबन में अधिकतम सात वर्ष तक की सजा है, जिसमें सामान्य परिस्थिति में गिरफ्तारी विधि विरुद्ध है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद सीजेएम आशीष कुमार राय ने मुंबई पुलिस की 21 से 23 अगस्त तक ट्रांजिट रिमांड की याचिका खारिज कर दी।

बाद में आरोपी सूर्यांश को निजी मुचलके पर जमानत दे दी गई। मुंबई पुलिस की केस डायरी में गिरफ्तारी का स्पष्ट कारण अंकित न होने पर न्यायालय ने एतराज किया। मजिस्ट्रेट ने कहा कि रिमांड के लिए मजबूत आधार होना चाहिए।

उन्होंने मुंबई पुलिस को हिदायत दी कि भविष्य में ऐसे मामलों में बिना मजबूत आधार के ट्रांजिट रिमांड की याचिका न दायर की जाए, जिससे मुंबई पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा।

# 13 महीने से फरार इनामी महिला गैंगस्टर गिरफ्तार

**बस्ती।** 13 महीने से फरार अवैध रूप से शराब बनाकर बेचने वाले गिरोह में शामिल गैंगस्टर महिला को मुंडेरवा पुलिस ने स्वाट टीम के सहयोग से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ जुलाई 2022 में गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। उस पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था।

एसएचओ मुंडेरवा राम कृष्ण मिश्र ने बताया कि स्वाट टीम के प्रभारी उमाशंकर तिवारी व उनकी टीम के सहयोग से मुंडेरवा के किठुरी करवल कॉलोनी निवासी रुस्तम देवी पत्नी मनोहर करवल को मुखबिर की सूचना पर गन्ना विकास इंटर कॉलेज से पकड़ लिया गया। संवाद

# दो दिनों में मिली पांच घंटे बिजली, उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## कटौती और लो वोल्टेज को लेकर परेशान हैं उपभोक्ता

संवाद न्यूज एजेंसी



विक्रमजोत में विद्युत उप केंद्र पर प्रदर्शन करते उपभोक्ता। संवाद

**विक्रमजोत।** 33 केवी विद्युत उपकेंद्र पहुंचे उपभोक्ताओं ने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। उपभोक्ता अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर खासे परेशान हैं। दो दिनों में उपभोक्ताओं को बमुश्किल पांच घंटे भी आपूर्ति न मिलने से उनका सब्र जवाब दे गया। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने आपूर्ति ठीक न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

उल्लेखनीय है कि दो दिनों से उपकेंद्र से रोस्टिंग व ओवरलोडिंग के नाम पर हर घंटे कटौती हो रही है। इससे परेशान उपभोक्ता जब उपकेंद्र कर्मियों से कारण जानने का प्रयास करते हैं तो उनके साथ अभद्रता की जाती है। उल्लेखनीय है कि उपकेंद्र का कोहराएं फीडर करीब छह महीने से खराब है। इसको केनौना फीडर से जोड़कर आपूर्ति दी जा रही है। ओवरलोडिंग के चलते केनौना फीडर खराब हो गया है। अब उपभोक्ताओं को किसान फीडर से जोड़कर आपूर्ति दी जा रही है। एक फीडर पर 200 से अधिक गांवों का भार होने के कारण उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज और कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को क्षेत्र के तेज बहादुर सिंह, सुधाकर तिवारी व अनुपम सिंह, खड़ग बहादुर सिंह, तेजनरायन सिंह, अशोक कुमार उर्फ लिट्टे, महाबीर सिंह, रंजीत सिंह सहित सैकड़ों उपभोक्ताओं ने आपूर्ति सामान्य किए जाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### ओवरलोडिंग व लोकल फाल्ट के नाम पर चल रहा कटौती का खेल

बारिश न होने से बिजली की खपत बढ़ गई है। ट्रांसफॉर्मर की क्षमता कम होने के कारण कटौती करनी पड़ रही है। ट्रांसफॉर्मर को अपग्रेड करने की प्रक्रिया प्रॉसेस में है। जल्द ही खामियां ठीक कर ली जाएंगी।

-राम बहादुर यादव, उपखंड अधिकारी

## उपकेंद्र पर किया पांच घंटे प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी



दुबौलिया के विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते उपभोक्ता। संवाद

**दुबौलिया।** क्षेत्र के एकडेंगवा पदमापुर स्थित 33 केवी उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हो रही है। आपूर्ति व्यवस्था से खफा उपभोक्ता सोमवार को उपकेंद्र पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करने लगे। उपभोक्ता कटौती और लोवोल्टेज को दुरुस्त करने की मांग करते रहे। शाम पांच बजे पहुंचे उपखंड अधिकारी के समझाने के बाद वह मानें।

उल्लेखनीय है कि पदमापुर उपकेंद्र का पांच एमवीए ट्रांसफॉर्मर 16 अगस्त की रात आठ बजे खराब हो गया, जिसे ठीक करने में विभाग को चार दिन लग गए। 19 अगस्त को शाम के समय आपूर्ति सामान्य हुई, लेकिन लोड ज्यादा होने के कारण तीनों फीडरों को चालू नहीं किया जा सका। ट्रांसफार्मर पर लोड संतुलित करने के लिए शनिवार से एक-एक घंटे का रोस्टर बनाकर रखिया, चिलमा व बैरागल फीडर का संचालन किया जा रहा है, जिससे 250 गांवों की करीब 32 हजार आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

समस्या को लेकर सोमवार दोपहर 12 बजे दो दर्जन से अधिक उपभोक्ता उपकेंद्र पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करने लगे। उपभोक्ता शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति की मांग करते रहे। अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं को बताया कि ट्रांसफॉर्मर ओवर लोड है, इसी कारण आपूर्ति रोक कर दी जा रही है, लेकिन उपभोक्ता मानने को तैयार नहीं हुए।

इस मौके पर पहुंचे उपखंड अधिकारी राम बहादुर ने घंटेभर उपभोक्ताओं को समझाया तब जाकर वह माने।

### पावर ट्रांसफार्मर ओवर लोड, रोक-रोक पर दे रहे आपूर्ति

# उसका गांव के करीब रेल ट्रैक पर मिला युवक का शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाल्टरगंज।** वाल्टरगंज थानांतर्गत बस्ती व गोविंद नगर रेलवे स्टेशन के बीच उसका गांव के करीब रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला।

पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्टया ट्रेन से गिरकर मौत का मामला लग रहा है। मृतक की जेब से एक डायरी मिली है, जिसमें अंग्रेजी में नीरज कुमार नाम लिखा है, जबकि डायरी में हिंदी में विलास समरन पोस्ट परगना जिला सीतापुर लिखा हुआ है। उसने लाल रंग का शर्ट, ग्रे कलर का पैंट पहना था। गले में काला धागा और तुलसी का माला है। दाहिने हाथ में पीले लाल रंग का कलावा पहना हुए है। एसओ रामदेव ने बताया कि शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आसपास के गांव के लोगों को बुलाया है, ताकि उसकी पहचान हो सके।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-22-08-2023

# व्यापरियों के साथ पुलिस व एसएसबी की बैठक

कपिलवस्तु(एसएनबी)। अलीगढ़वा बाजार में रविवार की शाम को व्यापारियों और





पुलिस तथा एसएसबी के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसएसबी के निरीक्षक केपीएम वांजिनाथन ने कहा कि व्यापारियों को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। व्यापारियों के सहयोग से बेहतर माहौल बनाकर बर्डर की सुरक्षा की जाती है। थाना कोतवाली कपिलवस्तु प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार राय ने कहा कि सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव नागरिकों के लिए ततपर है। सुरक्षा के ष्टिकोण से व्यापारियों एव नागरिकों को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए, जिससे किसी भी प्रकार का क्राइम न हो सके। यदि कही किसी प्रकार की घटना की संभावना होती है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। बैठक में व्यापरियों की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान का आश्वासन भी दिया गया। बैठक व्यापार मंडल अध्यछ शहबाज आलम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान अब्दुल्लाह मुंशी, मोहम्मद अयूब, मोहम्मद मोकीम, कल्लू मास्टर, सतीश कसौधन, हबीब खान, अबरार आलम, शाह आलम सहित भारी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# महीनों से खराब तीसरी आंख जिम्मेदार मौन

शाहपुर (एसएनबी)। वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ने में पुलिस सिर्फ अंधेरे में ही तीर चलाती है। लेकिन डुमरियागंज थाना क्षेत्र के खीरा मंडी में. लगे सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह खराब पड़े हैं। थाना क्षेत्र में अपराधियों पर नजर रखने के लिए प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाया गया था। शायद ही कहीं पर सही हो। अक्सर कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती हैं लेकिन सीसीटीवी कैमरा ठीक न होने से सही जांच कर पाने में मुशिकलों का सामना पुलिस वालों को करना पड़ता है। अपराधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे की भूमिका अहम होती है। अक्सर ऐसा होता है कि अपराधी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर भाग निकलते हैं। डुमरियागंज के खीरा मंडी में लगे सीसी टीवी कैमरा काफी दिनों से खराब पड़े हैं। हालत यह है कि चारो कैमरे तार सहित टूटकर झूल रहे हैं जिसकी शिकायत पुलिस के अलाधिकारियों तक से की गयी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अनजाने बने बैठे हैं।



# विधायक के विरुद्ध गलत अफवाह फैलाने पर कार्रवाई

इटवा(एसएनबी)। सोशल मीडिया पर क्षेत्रीय विधायक माता प्रसाद पांडेय के विरुद्ध गलत सूचना पोस्ट डालने के आरोप में एक युवक के विरुद्ध पुलिस ने आईटी ऐक्ट के तहत कार्यवाही किया है।समाजवादी पार्टी के इटवा कार्यालय प्रभारी अब्दुल लतीफ ने उपरोक्त आशय की लिखित शिकायत इटवा पुलिस से किया है।शिकायतकर्ता ने बताया कि ग्राम परैला निवासी सुंदरम पांडेय पुत्र गुलाम पांडेय ने व्हाट्सएप पर विधायक माता प्रसाद पांडेय के के बारे में गलत सूचना पोस्ट कर दिया।जिससे अफरा तफरी फैल गई।इस सूचना पर इटवा पुलिस ने उक्त युवक के विरुद्ध आईटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज करके कार्यवाही किया है।प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्यवाही की गई है।

# अभियान के बाद भी बाल श्रम पर रोक नहीं

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जिले में बाल श्रमिकों व भिखारियों को मुक्त कराने का अभियान तेजी नहीं पकड़ रहा है। पिछले दो साल की तुलना में जरूर अधिक मुक्त कराए गए लेकिन बाल श्रम कराने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अभियान खत्म होते ही फिर से बाल श्रम कराने वालों की संख्या बढ़ जाती है।

शासन का निर्देश है कि बाल श्रम रोका जाए लेकिन वह जोर नहीं पकड़ रहा है। जिम्मेदारों का काम सिर्फ अभियान तक सीमित होने से बाल श्रम पर रोक नहीं लग पा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल श्रमिक व भीख मांगने वाले दिख जाएंगे। विभाग जब अभियान चलाता है तभी वह बाल श्रमिकों को मुक्त कराता है। बाकी समय बाल श्रम कराने वाले निर्भीक होकर उनसे काम लेते रहते हैं।

जिले में एएचटीयू थाना भी है बावजूद इसके अभियान जोर पकड़ नहीं पा रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में जरूर अधिक बाल श्रमिक मुक्त कराए गए लेकिन बाल श्रम जारी है। विभाग औचक छापेमारी कर ही बाल श्रम पर रोक लगा सकता है।

- पिछले साल सिर्फ 18 बाल श्रमिक व चार भीख मांगने वाले कराए गए थे मुक्त
- 2021 तुलना में आधा रहा मुक्त कराने का अभियान, स्थापित है एएचटीयू थाना

**मुक्त कराए गए श्रमिक**

| | |
|---|---|
| 2021 | 29 |
| 2022 | 18 |
| 2023 | (जुलाई तक) 66 |

**02** साल की तुलना में अधिक मुक्त कराए गए पर अंकुश नहीं

"बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए विभाग छापेमारी करता रहता है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छापामारी में मिलने वाले बालश्रमिकों को मुक्त कराया जाता है। बाल श्रम कराने वालों को हिदायत दी जाती है।

**-राम कृपाल शुक्ल,** प्रभारी एएचटीयू थाना

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ पुलिस ने क्षेत्र के पिपरा गांव में हुई मारपीट की घटना में शामिल आरोपितों पिपरा गांव निवासी राजेंद्र पुत्र चीनी व गौतम पुत्र राजेंद्र को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इन पर केस दर्ज था। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पांडेय, एसआई अमित कुमार शाही, हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर यादव व दुर्गेश यादव शामिल रहे।

# पुलिस ने देखी बैंकों जनसेवा केंद्रों की सुरक्षा

बिस्कोहर। बिस्कोहर कस्बे में सोमवार को बैंकों, एटीएम, जनसेवा केंद्रों व पेट्रोल पंपों की सुरक्षा व्यवस्था एसओ त्रिलोकपुर सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांची। टीम ने एसबीआई, बड़ौदा यूपी बैंक की शाखाओं, एटीएम, जनसेवा केंद्रों व पेट्रोल पंप पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरों व आपातकालीन अलार्म की जांच के साथ जमा व निकासी काउंटर पर पहुंच ग्राहकों से पूछताछ भी की।

# फोन पर बोला-लॉटरी लगी है और ठग लिए पांच लाख

## साइबर ठग ने के जाल में फंसकर कई लोगों से कर्ज लेकर बताए गए खाते में भेजता रहा रकम, पांच लाख गंवाने के बाद पता चला कि हो गए ठगी के शिकार

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लॉटरी का झांसा देकर साइबर ठग लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। उनके जाल में अनपढ़ से लेकर पढ़े-लिखे व्यक्ति भी फंस जा रहे हैं।

इटवा थाना क्षेत्र के व्यक्ति को ठग ने फोन कर 15 लाख रुपये की लॉटरी लगने की बात कही। उसके झांसे में आकर उसने कर्ज लेकर कई बार में पांच लाख रुपये गंवा दिए। उस कर्ज को चुकाने के लिए उसे जमीन तक बेचनी पड़ी। वह बदनामी के डर से पुलिस में शिकायत नहीं कर पा रहा था। अब शिकायत करने के लिए आगे आ रहा है।

क्षेत्र के मगुआ गांव निवासी सुग्रीव विश्वकर्मा के मोबाइल पर फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि साहब आप सुग्रीव विश्वकर्मा बोल रहे हैं। आपको को 15 लाख रुपये की लॉटरी लगी है।

लकी ड्रा में आपका नाम चयनित हुआ है। कॉल करने वाले ने कहा कि पहले इंट्री फीस के रूप में आपको पांच हजार रुपये जमा करने होंगे। उसके बाद आप के खाते में इनाम की रकम भेज दी जाएगी। फोन करने वाले के बताए खाता नंबर पर सुग्रीव विश्वकर्मा ने पांच हजार रुपये भेज दिए।

खाता किसी बबली नामक महिला के नाम पर था। दूसरे दिन फिर कॉल आई। बताया गया कि इंट्री फीस पांच नहीं बल्कि, 50 हजार रुपये कही गई थी। आप 45 हजार रुपये और भेज दीजिए। उसने शुभचिंतकों से कर्ज लेकर 45 हजार रुपये और भेज दिए। सुग्रीव विश्वकर्मा ने बताया कि उसके झांसे में आकर उसने कई बार में लगभग पांच लाख रुपये भेज दिए।

लेकिन, उनके खाते में लॉटरी की कोई धनराशि नहीं आई। जब कॉल करते तो उधर से यह जानकारी दी जाती रही कि कल आपका इनाम आपके खाते में भेज दिया जाएगा।

इधर, इनाम की धनराशि न आने से लोगों से लिए उधार को चुकाने की चिंता सताने लगी। कुछ दिन बाद लोग रकम लौटाने की बात करने लगे। कर्ज से छुटकारा पाने के लिए जमीन बेचने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं था।

उन्होंने डेढ़ बीघे की कुल जमीन में से सात विस्वा भूमि बेचकर कर्ज की भरपाई की। दो पुत्रों व चार पुत्रियों के पिता सुग्रीव विश्वकर्मा कहते हैं कि एक बार कह देने से जिन लोगों ने मुझे कर्ज दिया था, उनके विश्वास को बनाए रखने के लिए समय से कर्ज चुकाना आवश्यक हो गया था।

पीड़ित ने बताया कि उसे पता नहीं था कि कहां शिकायत की जाती है। इसलिए शिकायती पत्र नहीं दे पाया। अब जानकारी हो गई है। शिकायती पत्र तैयार करा लिया हूं।

इस संबंध में साइबर सेल प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने कहा कि अभी तक शिकायती पत्र नहीं आया है। अगर व्यक्ति ठगी का शिकार हुआ है तो उसे शिकायत करनी चाहिए। मामले की जांच की जाएगी। अधिकांश मामलों में रुपये वापस कराए जा रहे हैं।

### महिला से ठगे 50 हजार

पिछले वर्ष बांसी कोतवाली क्षेत्र स्थानीय कस्बे की एक महिला के पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने बाकायदा महिला को उसके नाम और मोहल्ले के बारे में जानकारी दी। इससे उसे विश्वास हो गया। बात बढ़ी और कहा कि एक इनाम आया है, अगर कहो तो आपका नाम लगा दें। कुछ देर बाद फिर कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि दो लाख रुपये की लॉटरी की सूची में आपका नाम आ गया है। लेकिन इसके लिए फीस देनी होगी। पहले पांच हजार, फिर नौ हजार... ऐसा करके 50 हजार रुपये ठग लिए। जब महिला को पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गई तो उसने तत्काल पुलिस को शिकायती पत्र दिया। साइबर सेल जांच में जुटी और 40 हजार रुपये उसके खाते में वापस कराए गए।

### *अगर लॉटरी की बात कहे तो समझिए ठग का है फोन*

*कोई लॉटरी का खेल नहीं चल रहा है। इसलिए अगर कोई कॉल आए कि आपकी लाटरी लगी है तो सावधान हो जाएं। क्योंकि कॉल करने वाले साइबर ठग हैं। मोटी रकम देने की बात करके फंसाते हैं। रुपये की मांग करते हैं। धीरे-धीरे करके लंबी राशि हड़प जाते हैं। इस प्रकार के मामले लगातार आ रहे हैं, इसलिए सावधान हो जाएं। अगर ठगी का शिकार हो जाते हैं और पता चल जाए तो तत्काल साइबर सेल में शिकायत करें। जितनी जल्द शिकायत करेंगे। धनराशि वापस होने की उम्मीद उतनी अधिक होगी।*

*-**अतुल कुमार चौबे**, साइबर एक्सपर्ट, साइबर सेल, सिद्धार्थनगर*

## एक नजर

# हत्या के प्रयास में पिता-पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शोहरतगढ़ :** शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास में आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। आरोपित पिता का नाम पिपरा निवासी राजेंद्र व पुत्र का नाम गौतम है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार की रात 10 बजे पिपरा गांव निवासी बब्बू पुत्र बुधई अपनी पत्नी से नशे की हालत में गाली गलौज कर रहा थे। गांव के राजेंद्र को शक हुआ कि दोनों उन्हें गाली दे रहे हैं। इसी बात को लेकर बब्बू व राजेंद्र में कहासुनी होने लगी। तभी आरोपित पिता पुत्र ने मिलकर बब्बू और उसकी पत्नी को लाठी डंडे से मार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस दोनों को अस्पताल भेजकर उनका उपचार करवाया। इसके बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। (जासं,)

# दो संदिग्ध युवक को पुलिस ने पकड़ा

**जोगिया :** संदिग्धावस्था में घूम रहे बाइक सवार दो युवक को जोगिया थाना पुलिस ने पकड़ा है। दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी अख्तर ने बताया कि दोनों युवक बिना नंबर की बाइक से क्षेत्र में घूम रहे थे।

# कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

जासं, बढ़या: मिश्रौलिया पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल यादव ने बताया कि पुलिस टीम ने राजेंद्र पुत्र जुगनू निवासी ग्राम बसंतपुर टोला घाघरा हवा थाना बांसी को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 20 लीटर कच्ची बरामद की गई। आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपित को न्यायालय के लिए भेजा गया।

# भ्रामक सूचना वायरल करने वाले पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## इटवा विधायक से जुड़ी झूठी सूचना वायरल करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। विधायक माता प्रसाद पांडेय के निधन की गलत सूचना सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में इटवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई विधायक के एक कार्यकर्ता की शिकायत पर दर्ज हुआ है।

क्षेत्र के पिरैला गांव निवासी सुंदरम पांडेय ने रविवार को सोशल मीडिया के ह्वाट्सएप गुरप पर विधायक माता प्रसाद पांडेय की मौत होने की झूठी सूचना दी थी। जो देखते ही देखते कई ग्रुप में वायरल होने लगा। जिसको लेकर विधानसभा इटवा व आसपास के लोगों में बेचैनी पैदा हो गई थी।

लोग एक-दूसरे से खबर की पुष्टि के लिए फोन करने लगे। लेकिन खबर झूठी मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। लोग झूठी व भ्रामक खबर देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।

बताते चलें कि झूठी सूचना देने वाला विधायक माता प्रसाद पाण्डेय के ग्राम पिरैला का ही निवासी है। इस मामले में पार्टी के कार्यकर्ता अब्दुल लतीफ की तहरीर पर पुलिस ने गलत सूचना सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में केस दर्ज किया है।

इस संबंध में एसओ इटवा संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि मिले तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दंपती को पीटने के आरोपी पिता पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में हुआ था विवाद

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के पिपरा गांव घर में घुसकर दंपती को लाठी डंडे से पीटने के आरोपी पिता-पुत्र को शोहरतगढ़ की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि बुधवार को रात लगभग 10 बजे पिपरा गांव निवासी बब्बू नशे की हालत में अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर रहा था। गांव के राजेंद्र को शक हुआ कि दोनों उन्हें गाली दे रहे हैं। इसी बात को लेकर बब्बू व राजेंद्र में तकरार बढ़ गई।

आरोप है कि तकरार देखकर राजेंद्र का पुत्र गौतम लाठी डंडे लेकर आया। उसके बाद पिता-पुत्र मिलकर बब्बू और उसकी पत्नी को पीटकर मार लहूलुहान कर दिया। दंपती को अधमरा छोड़ कर फरार हो गए।

घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों को अस्पताल भेजवाया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज करके राजेंद्र और उसके पुत्र गौतम की तलाश कर रही थी। सोमवार को उनके घर से गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# महिला लापता गुमशुदगी का केस दर्ज

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली क्षेत्र के पीकापार गांव के टोला परसा निवासी दिलीप की पत्नी इंदु 17 अगस्त को सिकरी बाजार करने गई थी। वहीं से लापता हो गई। पति ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीकापार निवासी दिलीप ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि चार वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। उसके पास दो वर्ष का लड़का शनिप्रकाश भी है। पत्नी इंदू बेटे को लेकर सिकरी बाजार करने गयी थी। शाम तक घर वापस नहीं आयी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। एसओ लोटन चंदन कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर खोजबीन की जा रही। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-22-08-2023

# जबरिया 11 हरे वृक्ष काट ले गये दबंग

**शिकायत करने पर दबंगों ने दी जानमाल की धमकी**

**महुली थाना क्षेत्र के गालिमपुर गांव का है मामला**



धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के गालिमपुर गांव में दबंगों के एक सक्रिय गिरोह ने जेसीबी की मदद से एक व्यक्ति के दरवाजे पर स्थित 11 फलदार प्रतिबंधित वृक्ष जबरिया काट कर दिनदहाड़े उठा ले गए। इतना ही नहीं पेड़ को काटकर ले जाने के दौरान दबंगों ने वृक्षस्वामी को पुलिस से शिकायत करने पर जानमाल की धमकी भी दी है। वैसे वृक्षस्वामी ने महुली थाने से लगायत वन विभाग के स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी को इस सम्बन्ध में लिखित शिकायत देकर वृक्ष काटने वाले दबुंगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

लिखित सूचना देने के बावंजूद समाचार लिखे तक मौके पर पुलिस या वन विभाग का कोई कर्मी नहीं पहुंचा था। पुलिस एव वन विभाग को दी गई लिखित सूचना में महुली थाना क्षेत्र के गालिमपुर गांव निवासी मकबूल अहमद पुत्र लियाकत अली ने बताया कि वह अपने घर के सामने जामुन, नीम, बरगद आदि का 11 पेड़ वर्षो पूर्व लगाया था। सभी पेड़ काफी मोटे भी हो गए थे जिसपर गांव के कुछ दबंगों की पहले से बुरी नजर गड़ी हुई थी। रविवार की देर शाम को विपक्षी आधा दर्जन की संख्या में जेसीबी मशीन समेत अन्य हथियार लेकर मौके पर पहुंच गए और आनन फानन में सभी 11 पेड़ काटकर सारी लकड़ी उठा ले गए। जाते समय दबंग विपक्षियों ने पेड़ काटे जाने की सूचना पुलिस को देने पर उसे जानमाल की धमकी भी दी है। एक साथ 11 पेड़ों को जबरिया काटकर उठा ले जाने की इस घटना को लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है। घटना की लिखित सूचना देने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक इस सम्बन्ध में पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया था। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित पेड़ काटने का मामला वन विभाग से जुड़ा है लेकिन शिकायत मिली है इसलिए जांच के लिए मौके पर पुलिस टीम भेजी जा रही है।

# बेतरतीब खड़े वाहनों से लग रहा जाम

धनघटा (एसएनबी)। तहसील क्षेत्र धनघटा व नाथनगर के प्रमुख कस्बों-बाजारों में आने-जाने वाले राहगीरों को अकसर जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। सर्वाधिक जाम की समस्या धनघटा तथा नाथनगर चौक पर होती है। धनघटा क्षेत्र के प्रमुख कस्बों से सैकड़ों की संख्या में सवारी ढ़ोने वाले टैक्सी वाहन रोज जिला मुख्यालय व मण्डल मुख्यालय के अलावा गोरखपुर सहित अन्य गन्तव्य स्थानों के लिए फर्राटे भरते है। कस्बों में इन टैक्सियों को खड़ा करने के लिए कहीं कोई नियत स्थान नहीं है। टैक्सी चालक मनमानी तौर पर अपनी टैक्सी को खड़ी कर देते हैं। प्रशासन का भी इन्हें कोई खौफ नहीं रहता। कस्बों की इन सड़कों पर जब भी आमने-सामने से वाहन एक साथ पहुंच जाते है तो उन्हें निकलने में कठिनाई होने लगती है। मौके पर पिकेट ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मी भी जाम होने पर उसे हटवाने के लिए कभी कोई प्रयास नहीं करते।

# पुरानी रंजिश में प्राणघातक हमला

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के बेदूखोर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की शाम कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के उपर लाठी डण्डे से प्राणघातक हमला कर दिया और उसे मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर पहुंचाया गया जहां गंभीर हालत देख डाक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के वेदूखोर गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र सुभागे ने बताया कि रविवार की शाम को पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी विपक्षी विक्की पुत्र रामरूप, रूदल पुत्र रामरूप, रामरूप पुत्र खरभान तथा छट्ठू पुत्र खरभान लाठः डण्डा लेकर उसके दरवाजे पर चढ गए और उसे भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके उपर लाठी डण्डे से प्राणघातक हमला कर दिया। शोर सुनकर जबतक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक उसे सिर और दाहिने पैर में गंभीर चोटे लग गयी थी और अत्यधिक रक्तश्राव होने से वह बेहोश हो गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर विक्की, रूदल, रामरूप, छट्ठू के खिलाफ आईपीसी की धारा 308,323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# दो के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का केस

नाथनगर (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के खैराटी गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर सोमवार को महुली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मार्ग दुर्घटना की मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महुली पुलिस को दी गई तहरीर में धनघटा थाना क्षेत्र के खैराटी गांव निवासी रामजी पुत्र हंसू ने बताया कि बीते 16 अगस्त को उनका भतीजा पियूष, विशाल और उसकी मां आशा देवी एक बाइक पर सवार होकर नाथनगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक पर जा रहे थे। सभी लोग महुली थानान्तर्गत मुखलिसपुर के जब्तिया निवासी राहुल का घर पार कर रहे थे कि उसी दौरान राहुल और चन्दन पता अज्ञात पिकप वाहन नम्बर यूपी 58 टी 6581 से भतीजे की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे विशाल पुत्र रविन्द्र कुमार को गंभीर चोटे आई है। उसकी नाक और वाए पैर में फै र हो गया है जिसका इलाज गोरखपुर स्थित अग्रवाल अस्पातल में चल रहा है। तहरीर के आधार पर महुली पुलिस ने उक्त राहुल और चन्दन पता अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 279,337,338 के तहत मुक़दमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल पिकप वाहन समेत नामजद आरोपियों की पहचान कर उन्हे गिरफत में ले लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पीड़ित महिला ने की कार्रवाई की मांग

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी एक महिला ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर दरवाजे पर चढ़कर रात में मारपीट करने वाले मनबढ़ व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थनापत्र में महुली थाना क्षेत्र के नटवा गांव निवासी संजू पत्नी सत्यनरायन ने बताया है कि बीते 13 अगस्त की रात करीब आठ बजे गांव निवासी मनबढ़ अवधेश पुत्र नागेन्द्र उसके दरवाजे पर चढ़कर मारपीट शुरू कर दिया। बीचबचाव के दौरान उक्त अवधेश गले का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गया। उसने भयवस अपने घर का दरवाजा भीतर से बन्द कर लिया और 112 नम्बर पर बार बार फोन करके घटना की सूचना पुलिस को देने का प्रयास किया लेकिन फोन न लगने के कारण पुलिस को घटना की सूचना नहीं दे सकी तो उसने प्रभारी निरीक्षक महुली के सरकारी नम्बर पर भी फोन मिलाया लेकिन फोन नहीं मिला तो उसने अपर पुलिस अधीक्षक को फोन कर घटना की सूचना दी जिसपर कुछ ही देर में पुलिस उसके दरवाजे पर पहुंच गयी लेकिन तब तक उक्त अवधेश मौके से फरार हो गया था। अगले दिन सुबह महुली थाने पहुंचकर उसने घटना की लिखित सूचना देकर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। बाद में वह पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थनापत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई लेकिन उसके बाद भी महुली पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया।

# रंगरेलियां मनाते प्रेमी युगल को पुलिस को सौंपा

मगहर (एसएनबी)। थाना खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत एक गांव में किराए के मकान के बंद कमरे में सोमवार को रंगरेलियां मनाते प्रेमी-प्रेमिका को ग्रमीणों ने देखा। उसके बाद इसकी सूचना मकान मालिक को दी। जिन्होंने मौके पर पहुंच कर मगहर पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी व प्रेमिका को हिरासत में लेकर चौकी ले आई। जहां दोनों से गहन पूछताछ के बाद उनके परिजनों को सुलह-समझौता कराने के बाद सौंप दिया। मगहर चौकी अंतर्गत एक गांव के चौराहे के निकट दिहाड़ी मजदूरी करने वाला किराये पर कमरा लेकर रहता है। उक्त युवक के रिश्तेदारी का एक युवक बाइक से युवती के साथ आया। उसके बाद युवक व युवती को कमरे के अंदर भेज कर बाहर से ताला लगा कर चला गया। ग्रामीणों ने अनजान युवक-युवती को कमरे के अन्दर जाते देख लिया। जिससे उन्हें संदेह हुआ। युवक व युवती करीब दो घंटे तक कमरे में रहे। उसके बाद आसपास के लोगों का शक और मजबूत हो गया। ग्रामीणों ने इस मामले की जानकारी मकान मालिक को दी। सूचना मिलने पर मकान मालिक ने पहुंच कर ताला खोला तो दोनों अपत्तिजनक हालत में मिले। प्रेमी व प्रेमिका को पुलिस को सौंप दिया और पुलिस चौकी ले आये। जहां कई घंटे पूछताछ के बाद सुलह-समझौते के बाद दोनों के परिजनों को सौंप दिया। युवकी अपने माता व भाई के साथ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहती है। युवती आर्केस्ट्रा में कार्य करती है। जबकि इनके भाई व पिता गैर जनपद में रहते हैं।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को बहलाफुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थाना महुली पुलिस ने साजिश करके अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त अर्जुन वर्मा पुत्र दीनदयाल निवासी महुली खास थाना महुली को कुशहवा बाजार के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित अभियुक्त ने दिनांक 29 जुलाई को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# जमीन के नाम पर रुपये हड़प लेने का आरोप, मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने जमीन के नाम पर रूपए हड़पने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित विजय प्रकाश चौधरी निवासी ग्राम रामपुर थाना महुली ने शिकायत की है। जिसके आधार पर आरोपित सुधाकर प्रताप सिंह व संतोष कुमार निवासी बढ़या बाबू थाना बखिरा, मोती उर्फ मोतीलाल निवासी पठखौली के विरुद्ध तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

# पिकअप चालक समेत दो पर केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के जबतिया तिराहे पर पांच दिन पूर्व पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका उपचार गोरखपुर एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में घायल के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक समेत दो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। तहरीर में धनघटा क्षेत्र के खैराटी निवासी राम जी पुत्र स्व. हंसू ने बताया है।

# 69 वाहनों से वसूला गया शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 69 वाहन चालकों पर कार्रवाई करके उनसे शमन शुल्क वसूल किया।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल किया। 69 वाहनों के चालकों से 82 हजार रूपए जुर्माना भरवाया।

# घायल महिलाओं को अस्पताल भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर विवाद के वजह से हुए मारपीट की घटना में घायल महिलाओं को अस्पताल उपचार के लिए भेजवाया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के भिउरा गांव से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट एवं विवाद की घटना होने से दो महिलाओं के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर वहां चल रहे दोनों पक्षों के विवाद को शांत कराकर मारपीट में घायल महिलाओं को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजवाकर घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को सूचना दी।

# दस आरोपितों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में दस आरोपितों को पकड़कर उनके विरूद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दिया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, धनघटा चार और थाना महुली पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करते हुए शांति भंग की आशंका में चालानकर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुतकर दिया।

# पुलिस ने महिलाओं को किया जागरुक

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र स्थित महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। इसके साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय पर बार-बार नही आना पड़ेगा।

पुलिस (शक्ति दीदी) नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर उनको जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण करने का काम करेंगी।

# कोर्ट के आदेश पर जालसाजी का दर्ज हुआ मुकदमा

नाथनगर। सीजेएम कोर्ट खलीलाबाद के निर्देश पर महुली पुलिस सोमवार को सुबखरी निवासी व्यक्ति की तहरीर पर गांव के एक युवक के खिलाफ कूटरचित अभिलेख तैयार करना, जालसाजी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। उक्त प्रकरण दो अलग-अलग शिक्षा बोर्ड की मार्कशीट में भिन्न-भिन्न जन्म तिथि अंकित कराने का आरोप है।

क्षेत्र के सुबख़री निवासी रत्नेश पाण्डेय पुत्र परशुराम पाण्डेय कोर्ट को दिए गए प्रर्थना पत्र में बताया है कि गांव के प्रगति पाण्डेय पुत्र ईश्वर चन्द्र पाण्डेय ने वर्ष 2014 में यूपी बोर्ड से हाईस्कूल में हरिहरपुर स्थित विद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण किया। जिसकी जन्म तिथि 15 जुलाई 2000 दर्शाई गई थी। लेकिन इसी वर्ष यूपी संस्कृत बोर्ड से प्रगति ने हाईस्कूल परीक्षा पास किया।

# जानलेवा हमले के आरोप में मुकदमा दर्ज

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के शनिचरा बाजार में रविवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में बलवा, मारपीट, गाली-गलौज, जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। दीवाल में कांटी ठोकने का कारण पूछने पर हुई मारपीट की घटना में रामनिवास के परिवार के पांच लोगों को गंभीर चोट आई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामफल, मंटू, मुकेश, पूनम, मुस्कान के विरुद्ध धारा 147, 308, 323, 504, 452, 506 का मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक की पिटाई, चार पर केस

जासं, महुली, संतकबीर नगर: महुली कस्बे में सोमवार को भूमि विवाद को लेकर एक युवक की कुछ लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए पीएचसी नाथनगर भेजने के बाद चार पर केस दर्ज किया है। महुली निवासी फेंकू का रंगीलाल आदि से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर सोमवार की सुबह कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, जिसमें फेंकू को गंभीर चोटें लगी।

# सौहार्द के साथ मनाएं पर्व : पुलिस अधीक्षक

- खलीलाबाद शहर में पैदल गश्त के दौरान लोगों से की बातचीत
- व्यवस्था में खलल डालने पर सख्त कार्रवाई करने की दी चेतावनी

जासं, संतकबीर नगर : एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को खलीलाबाद शहर में पैदल गश्त करके लोगों को आपसी सौहार्द के साथ नागपंचमी, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार मनाने की अपील की। इसके साथ ही पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने, असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का संदेश दिए हैं।

एसपी ने खलीलाबाद शहर में मधुकुंज तिराहे से बरदहिया बाजार तक पैदल गश्त किए। इस दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत की। आपसी सौहार्द के बीच पर्व मनाने के लिए कहे। उन्होंने यह भी कहा कि अराजकता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि उनके समक्ष कोई मामला आए तो तुरंत निकट के थाने को अवगत कराएं। जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय, प्रभारी यातायात परमहंस के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



पुलिस टीम के साथ शहर में पैदल गश्त करते एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

**एसपी ने निर्माणाधीन बैरक की जांच :** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को कोतवाली खलीलाबाद थाने में निर्माणाधीन बैरक की जांच की। इसमें प्रयोग की जा रही ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया आदि देखे। गुणवत्ता की जांच के बाद निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय, प्रभारी यातायात परमहंस के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तारकर विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी किया।



शांति व्यवस्था को लेकर शहर में पैदल मार्च करते एसपी। संवाद

# कानून और शांति व्यवस्था बनाने के लिए जायजा लिया

**संतकबीरनगर।** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने आगामी त्योहारों को लेकर सोमवार को जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मधुकुंज तिराहे से बरदहिया बाजार तक पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

आने वाले दिनों में रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार है। इसके मद्देनजर एसपी ने आम लोगों से संवाद स्थापित किया और त्योहार को आपसी प्रेम, सौहार्द से मनाने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

यदि किसी के संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं, जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। संवाद

# पिकअप चालक समेत दो के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के जपतिया तिराहे पर पांच दिन पूर्व पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका उपचार गोरखपुर एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में घायल के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक समेत दो के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज किया है।

धनघटा क्षेत्र के खैराटी गांव निवासी राम जी ने बताया है कि 16 अगस्त को उनका भतीजा पीयूष, विशाल और उसकी मां आशा देवी को बाइक पर बैठाकर एसबीआई शाखा नाथनगर आ रहा था। जपतिया तिराहे पर सड़क क्रॉस के दौरान पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर बाइक में टक्कर मार दी। पीयूष और विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर राहुल और चंदन निवासी अज्ञात के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज

धनघटा। क्षेत्र के शनिचरा बाजार में रविवार को दीवार क्षतिग्रस्त किए जाने के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने सोमवार को एक पक्ष के पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया। पीड़ित रामनिवास अग्रहरि का आरोप है कि उनके दीवार को पट्टीदार ने रविवार की शाम लोहे से छतिग्रस्त कर दिए।

दीवार क्षतिग्रस्त करने का कारण पूछने पर वह है और उनके परिवार के लोग आग बबूला होकर घर पर चढ़ आए। परिवार के पांच लोगों को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। मारपीट से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि इस मामले में एक पक्ष के रामफल, मंटू, पूनम देवी, मुस्कान और मुकेश के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया गया। संवाद

**दीवार क्षतिग्रस्त किए जाने के विवाद को लेकर मारपीट**

# जमीन का एग्रीमेंट कराने के नाम पर हड़प ली रकम

## पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराने के नाम पर रकम हड़प लेने का मामला सामने आया है। महुली क्षेत्र के रामपुर निवासी विजय प्रकाश चौधरी पुत्र शिव प्रसाद चौधरी का कहना है कि नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के पटखौली निवासी मोती उर्फ मोतीलाल पुत्र प्रसाद उर्फ राम प्रसाद से जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराने की बात तय हुई।

आरोप है कि बखिरा क्षेत्र के बढ़या निवासी सुधाकर प्रताप सिंह ने जमीन दिलवाने के नाम पर विभिन्न तिथियों में अपने खाते में 6.28 लाख रुपये और चार लाख रुपये अपने भाई दिवाकर प्रताप सिंह के खाते में मंगा लिया। उसके पार्टनर अजय कुमार निवासी सरैया खलीलाबाद हैं।

पार्टनर अजय कुमार के नाम 10 मई 2022 को पांच लाख रुपये अग्रिम भुगतान देकर 14 माह के लिए अनुबंध करा दिया। बाकी रुपये सुधाकर ने अपने खाते में मंगवाया है।

उसके बाद से वह सुधाकर प्रताप सिंह के पास बैनामा कराने के लिए दौड़ता रहा। आरोप है कि सुधाकर उसे धोखा देते रहे। जब एग्रीमेंट का समय करीब आ गया और उसे लगा कि उसके साथ धोखा हो रहा है तो पार्टनर अजय कुमार के जरिये मोती उर्फ मोतीलाल को 19 जून 2023 को रजिस्टर्ड नोटिस दिया, लेकिन वे बैनामा करने नहीं आए। दूसरा नोटिस चार जुलाई को दिया तो कहे कि सात जुलाई को बैनामा कर देंगे, लेकिन बैनामा नहीं किए।

आरोप है कि सुधाकर सिंह ने अपने गांव के संतोष कुमार के नाम रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करा दिया। आरोप है कि उसके पार्टनर ने जब पूछताछ की तो उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए धमकी दी। कोतलाल ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज किया गया।

# जमीन संबंधी विवाद में दंपती समेत चार को पीटा

बखिरा। क्षेत्र के लेडुआ-महुआ में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने दंपती समेत चार की पिटाई कर दी। पीड़ित जाहिद अली का आरोप है कि पुरानी रंजिश की वजह से 20 अगस्त को आलम अन्य तीन लोगों के साथ मिलकर उसे और उसके बेटे यासीम, बेटी राबिया व पत्नी खुरैशा को लाठी-डंडे से पिटाई कर दी व जान से मारने की धमकी भी दी। पिटाई से सभी को काफी चोटें आई। एसओ श्याममोहन ने बताया कि लेडुआ महुआ निवासी आलम, रेहाना, अजमेरून व परवेज के खिलाफ कार्रवाई की गई है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ भगवान सिंह ने बताया कि आरोपी 29 जुलाई को किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इस मामले में केस दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। संवाद

# किशोरी को भगाने के आरोप में तीन पर केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र की किशोरी को भगाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 14 वर्ष की बेटी 19 अगस्त को घर से कहीं चली गई। बेटी शाम तक घर नहीं लौटी तो खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में पता चला कि उसकी बेटी को महुली क्षेत्र का युवक अपने दो अन्य सहयोगियों की मदद से भगा ले गया है। पीड़ित पिता ने आशंका जताई कि उसकी बेटी के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। कोतवाल ने बताया कि तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# हत्या के प्रयास के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने हत्या के प्रयास मामले के आरोपी की जमानत अर्जी ख़ारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि दुधारा क्षेत्र के पचपोखरी निवासी पीड़ित जावेद खान ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा कि उसकी विपक्षी ग्राम प्रधान अब्दुल कयूम से जमीन का विवाद है। 27 जुलाई को लेखपाल जमीन की पैमाइश कर रहे थे। आरोप है कि विपक्षियों के जरिये पैमाइश को माना नहीं गया।

लेखपाल दोबारा पैमाइश करने गए तो ग्राम प्रधान अब्दुल कयूम के उकसाने पर इरशाद ने चाकू से उसके 14 वर्ष के बेटे इरफान पर हमला करके घायल कर दिया। वह घायल बेटे को संयुक्त जिला चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसके पुत्र की हालत को गंभीर देखते हुए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि हल्का लेखपाल बगैर पुलिस बल को साथ लिए ही पैमाइश करने गए।

पीड़ित के विपक्षी हत्या की नियत से उसके बेटे पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिए। उसका

## जमीन की पैमाइश के दौरान किशोर पर चाकू से हुआ था हमला

बेटा गंभीर चोटों के कारण जिंदगी मौत से जूझ रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी इरशाद व एक अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किया। आरोपी ने न्यायालय में अपना जमानत अर्जी दाखिल किया और कहा कि वह निर्दोष है। उसे हैरान व परेशान करने की नियत से फर्जी कहानी बनाकर आरोपी बनाया गया है।

उसने कहा कि कथित घटना के दिन हल्का लेखपाल के जरिये कोई पैमाइश नहीं हो रही थी और न ही वह घटनास्थल पर मौजूद ही था। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने जमानत का विरोध किया और तर्क दिया कि अभियुक्त के साथ मिलकर जान से मारने की नियत से पीड़ित के पुत्र पर प्रहार कर दिया गया। च

ाकू उसके सीने पर लगा। उसके कब्जे से चाकू बरामद होने का आरोप है। और गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टर द्वारा गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। किशोर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

# दिव्यांग दुष्कर्म पीड़िता की तय नहीं हो पाई उम्र, विवेचना में फंसा पेच

## रेडियोलॉजिस्ट न होने का मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ने दिया हवाला, केजीएमयू ने गठित किया पैनल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र की दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी को जेल तो भेज दिया, लेकिन पीड़िता की उम्र का निर्धारण नहीं हो पाने से पुलिस की विवेचना में पेच फंस गया है। रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने का हवाला देकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए तो पुलिस किशोरी को लेकर केजीएमयू लखनऊ गई थी। वहां के डॉक्टरों ने अलग तरह का प्रकरण बताया और पैनल गठित कर अगली तिथि पर बुलाया है। पॉक्सो एक्ट के लिए उम्र का निर्धारण जरूरी बताया जाता है।

जानकारी के मुताबिक, 29 जून को शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग किशोरी से युवक ने हैवानियत की थी। पीड़ित परिजनों ने किशोरी की उम्र 13 वर्ष बताई। जबकि आधार कार्ड में किशोरी की उम्र 16 वर्ष है, लेकिन देखने से किशोरी की उम्र छह से सात वर्ष प्रतीत हो रही है। उसका न तो शारीरिक विकास हुआ है न ही मानसिक विकास। इससे उम्र निर्धारण में समस्या आ रही है। पुलिस की रिपोर्ट पर सीएमओ ने डॉक्टरों का पैनल गठित कर किशोरी के उम्र निर्धारण का प्रयास किया, लेकिन डॉक्टरों ने यहां जांच की सुविधा नहीं होने का हवाला देकर उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। पीड़ित किशोरी को लेकर पुलिस मेडिकल कॉलेज गोरखपुर गई। वहां से रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने का हवाला देकर लौटा दिया गया। इससे पुलिस की विवेचना आगे नहीं बढ़ पा रही है। जब तक किशोरी की उम्र निर्धारित नहीं होगी, पुलिस आरोप पत्र प्रेषित नहीं कर पाएगी।

### बिना उम्र का निर्धारण किए पॉक्सो में आरोप पत्र नहीं दाखिल हो सकता : कोतवाल

**अमर उजाला फॉलोअप**

### केजीएमू के डॉक्टर करेंगे शोध

केजीएमयू के हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक वर्मा ने दुष्कर्म पीड़िता के प्रकरण को भिन्न तरीके का पाया है। उनके अनुसार, किशोरी के उम्र निर्धारण के लिए हार्मोनल स्टडी होगी। इसमें ग्रोथ का औसत पता किया जाएगा। इसमें चार-पांच डॉक्टरों का पैनल गठित होगा। उसके बाद किशोरी की उम्र तय होगी। मेडिकल छात्रों के लिए यह शोध का विषय है।

*दुष्कर्म पीड़ित किशोरी का शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हुआ है। महिला संबंधी अपराध में हड्डियों के एक्स रे से उम्र का निर्धारण होता है। यह अलग तरह का प्रकरण सामने आया है। किशोरी के उम्र निर्धारण के लिए केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया है। जहां के डॉक्टर जांच के बाद किशोरी की उम्र तय करेंगे।* **- डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह, सीएमओ**

पीड़िता की उम्र का निर्धारण नहीं हो पाया है। उसके पिता ने रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार के लिए जो कागजात दिए हैं, उसमें पिता का नाम आधार कार्ड में कुछ और है और एफआईआर में कुछ और। पिता के नाम में अंतर होने से पोर्टल पर अब तक आवेदन नहीं हो पाया है। इसके लिए पुलिस को पिता का नाम संशोधित करके रिपोर्ट देने को कहा गया है, ताकि पीड़िता का आवेदन पोर्टल पर कराया जा सके और योजना का लाभ दिलाया जा सके। **-डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी,** जिला प्रोबेशन अधिकारी

यह सच है कि 52 दिन गुजर गए और अब तक दुष्कर्म पीड़िता के उम्र का निर्धारण नहीं हो पाया है। सीएमओ के स्तर से पहल हुई है। किशोरी को केजीएमयू लखनऊ भेजा गया था। वहां के डॉक्टरों ने अलग तरह का प्रकरण बताया है और अगली तारीख तय करके बुलाने की बात कही है। केजीएमयू के डॉक्टरों ने इस प्रकरण पर शोध करने की भी बात बताई है। जैसे ही किशोरी की उम्र तय हो जाएगी, कोर्ट में आरोप पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। **-सर्वेश राय,** कोतवाल

# तीन स्थानों पर लगवाए 13 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से सात सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर दो सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थानों पर छह सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# बभनान में मार्ग दुर्घटना में दो घायल

बभनान। सोमवार की शाम छपिया थानाक्षेत्र के ग्राम  संगवा निवासी विष्णु यादव पुत्र दुर्गा प्रसाद अपने दोस्त अर्जुन यादव पुत्र चंद्र यादव के साथ बभनान बाजार से लौट रहे थे। फूलपुर तिराहे के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पान की गुमटी से टकरा गई।

# जालसाजी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

झंझरी। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने विनोद पुत्र रामनरायण निवासी इमरती विशेन व रामसिंगार पुत्र रामपदारथ निवासी इमरती विशेन को मुखबिर की सूचना पर बहराइच रोड रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है।

# बिजली कर्मी की बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

परसपुर। ग्राम आंटा में कड़रू रोड स्थित किराए के मकान के बाहर खड़ी बिजली कर्मी की बाइक चोरी चले जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना मनकापुर ग्राम नरेशवा निवासी हरिकेश वर्मा ने थाने में तहरीर देकर कहा है वह बिजली विभाग में केबल बदलने का कार्य करता है।

# बाजार गई बालिका लापता, केस दर्ज

मनकापुर। घर से बाजार के लिए निकली नाबालिग लड़की के वापस घर नहीं पहुंची। लड़की की मां के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र कस्बा निवासी महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार को दिन में लगभग 11.20 बजे उसकी 16 वर्षीय लड़की घर में बाजार जाने के लिए निकली थी। देर शाम तक वह नहीं लौटी।

# उधार पैसे न लौटाने पर मुकदमा दर्ज

गोण्डा। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शहर के भरत मिलाप चौराहे निवासी कपड़ो का व्यापार करने वाले महिला और उसके लड़के के खिलाफ उधार लिए गए पैसे को वापस न करने का मुकदमा दर्ज करवाया है। नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

पीड़ित ओमप्रकाश शुक्ला निवासी पंडरी कृपाल ने बताया कि उन्होंने ने कुछ दिन पूर्व नगर कोतवाली क्षेत्र में शहर के भरत मिलाप चौराहे पर एक महिला व्यापारी और इसके पुत्र को व्यवसाय करने के लिए 21 लाख रुपए दिए था। बकाया रुपए मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे।

# नाबालिग को युवक भगा ले गया

धानेपुर। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। एक व्यक्ति ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि गांव का ही युवक उसके घर पर काम करने आता जाता रहता था। बीस अगस्त को उनकी नाबालिग लड़की को आरोपी भगा ले गया है।

# मारपीट के बाद एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज

बभनान। छपिया थानाक्षेत्र के ग्राम सिसहनी में एक छात्र को अपशब्द कहने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। गांव की शीला देवी पत्नी भगवत प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 12 अगस्त को मेरा लड़का अजय स्कूल गया था। उसे गांव के ही सुरेंद्र सिंह ने अपशब्द कहे। इसी बात का उलाहना देने शीला देवी, बहू मीना देवी और पुत्र अजय कुमार व रामकुमार गए। विवाद बढ़ने पर संदीप सिंह, झिनकू सिंह ,वीरेंद्र सिंह और सुरेंद्र सिंह ने पिटाई कर दी।

# बच्चा न होने पर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया केस
- खरगूपुर थानाक्षेत्र के कहला तेंदुआ का मामला

खरगूपुर, संवाददाता। विवाहिता के बच्चा न होने और दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने तीन तलाक देकर घर से भगाया। न्यायालय के आदेश पर पति, सास, ससुर, देवर व ननद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मामला कहला तेंदुआ के राजापुरवा विशुनापुर की है जहाँ की निवासी रुखसार सिद्दीकी पुत्री अख्तर हुसैन का निकाह 28 फरवरी 2016 को ग्राम निवासी नौमान पुत्र सरवर के साथ हुई थी। आरोप है कि पीड़िता के पिता ने मंगनी में एक लाख रुपये नगद व शादी में पाँच लाख रुपये नगद, 20तोला सोना सहित काफी मात्रा में पूरी गृहस्थी का सामान दहेज में दिया था। इसके बाद ससुराल वाले 10 लाख नगद व मोटरसाइकिल के लिए उसे प्रताड़ित करते रहते थे। पीड़िता ने मायके वालों को बताया तो उसे अपने घर लेकर चले गए जहाँ वह लगभग तीन साल रही मगर उसे लेने कोई नहीं आया। मजबूर होकर वह बीते 8 जून को अपने आप ससुराल आ गई। जहां पति नौमान, ससुर सरवर, सास सरवरी, देवर सलमान व इमरान तथा ननद रुबीना व सीमा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और बच्चा न होने के ताने देने लगे।

आरोप है कि 25जुलाई को शौहर नौमान ने तीन तलाक बोलकर घर से भगा दिया। मायके वालों के साथ दुबारा 15 अगस्त को समझौते के लिए ससुराल आई तो उन लोगों ने कहा कि 10 लाख लेकर आना तब कोई बात होगी। आरोप लगाया है कि उस दिन उसे मारा पीटा, उसके पर्स में रखा दस हजार रुपये व जेवर भी पति ने छीन लिया और फिर से तीन तलाक बोलकर घर से भगा दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# ससुरालीजनों पर गैंगरेप का मामला

बभनजोत। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों पर गैंगरेप का मामला दर्ज कर जांच मे जुटी हुई है। खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने कोर्ट के आदेश पर खोड़ारे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों से पारिवारिक विवाद का मुकदमा चल रहा था। ससुराल के लोगों के कहने पर मामले मे सुलह समझौता के बाद ससुराल वापस गई। आरोप है कि ससुराल में जेठ व देवर ने कमरे में जबरन घुस कर दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर लात मूका थप्पड़ से मारपीटा भी गया।

# सोनी गुमटी पर रूट डायवर्ट किया गया

अलावल देवरिया। गोंडा-बरुआचक स्टेशन के बीच रेलवे लाइन पर काम चल रहा है। इसकी वजह से सोनी गुमटी पर रविवार शाम चार पहिया और भारी वाहनों का रूट का डायवर्ट किया गया है। सालपुर पुलिस चौकी प्रभारी लालबहादुर सिंह ने बताया किधानेपुर की ओर से आने वाले बड़े वाहन सालपुर से थोड़ा आगे नहर पटरी से सुभागपुर होकर गोंडा जाने दिया गया।

# भूमि विवाद में गर्भवती को पीटा, गर्भपात

संसू, खरगूपुर : जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। गर्भवती महिला पर हमला कर दिया गया। उसके पेट में चोट लगने से गर्भपात हो गया। तीन महिला सहित चार आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया है। मौलागंज चौहट्टा गांव की रंजना देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि वह घर पर अकेली रहती है। उसके परिवार के लोग बाहर रह कर मजदूरी करते हैं। जमीन विवाद को लेकर गत 15 अगस्त को गांव के हेमराज गौतम, उनकी पत्नी ननका उर्फ़ रामा, बहन समुंद्रा व जुगरा ने उससे अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मना करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडे से उस पर हमला दिया। उसके पीठ व पेट पर भी पैर से हमला कर दिया। इससे वह गिर गई। गांव की आशा कार्यकर्ता उसे सीएचसी ले गई। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# आठ दिनों बाद चार लोगों पर मारपीट की एफआईआर

संवाद न्यूज एजेंसी

बभनान (गोंडा)। छपिया थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव में बेटे से अभद्रता की शिकायत लेकर पहुंचे मां-बेटे समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। तीनों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने आठ दिनों बाद रविवार की देर शाम चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

गांव की शीला देवी ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 12 अगस्त को उनका बेटा अजय स्कूल से वापस लौट रहा था तभी गांव के संजय सिंह की दुकान

## बेटे से अभद्रता की शिकायत पर मां-बेटे समेत तीन को पीटा

के बगल गांव के सुरेंद्र सिंह ने उसे रोक लिया और अभद्रता की। बेटे ने घर पहुंचकर पूरी बात बताई।

वह अपनी बहू मीना देवी, बेटे अजय व देवर राम कुमार के साथ सुरेंद्र सिंह के घर शिकायत लेकर पहुंची तो सुरेंद्र सिंह, संदीप सिंह, झिन्कू सिंह व वीरेंद्र सिंह ने बहू, बेटे, व देवर को मारपीटकर लहूलुहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक छपिया सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया गया।

# एएसपी ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

गोंडा। स्थानीय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एएसपी ने विजेता व उपविजेता ट्रॉफी का भी अनावरण किया। उप क्रीड़ाधिकारी अशोक सोनकर ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में कई टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। एएसपी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर नवीन लोहिया, डॉ. आरिफ, अरुण, रामउदित सिंह व अभय तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद

# दुष्कर्म के मामले में दोषमुक्त, मारपीट में छह माह की परिवीक्षा पर छोड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। दुष्कर्म और मारपीट के चार साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने एक आरोपी को दुष्कर्म के आरोप में दोषमुकत करते हुए मारपीट के अपराध में छह माह की परिवीक्षा अवधि पर छोड़ने का फैसला सुनाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार इटियाथोक थाना क्षेत्र की एक युवती ने 15 फरवरी 2019 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि कि 11 फरवरी की रात 11 बजे वह घर पर अकेली थी। चंदन तिवारी उर्फ सूरज आया और शारीरिक संबंध न बनाने पर मारापीटा। वह एक साल से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर ब्लैकमेल कर रहा था।

पुलिस ने विवेचना के दौरान दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान अपराध साबित न होने पर न्यायालय ने अभियुक्त चंदन तिवारी को दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के अपराध में दोषमुक्त किया और मारपीट का संदेह से परे साक्ष्य मिलने पर दोष सिद्ध किया। सोमवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने अभियुक्त को प्रथम अपराध होने के कारण छह माह की परिवीक्षा अवधि पर छोड़ने का निर्णय सुनाया है। परिवीक्षा अवधि के लिए अभियुक्त को 20 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र व इतनी ही राशि के दो विश्वसनीय जमानतदार मय अंडरटेकिंग कोर्ट में प्रस्तुत करना होगा।

## गैंगेस्टरों के तीन आरोपियों की जमानत खारिज

गोंडा। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने हत्या, गौहत्या, मांस बिक्री व गैंगेस्टर एक्ट के तहत आरोपी तीन अभियुक्तों का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है।

विशेष लोक अभियोजक (गैंगस्टर एक्ट) उदय प्रताप वर्मा व दान बहादुर सिंह ने बताया कि नवाबगंज पुलिस ने हत्या में आरोपी टेढ़ीपुल कटरा भोगचंद निवासी मुलायम व खरगूपुर थाने की पुलिस ने मारपीट, हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी और गोहत्या कर मांस बिक्री के कारोबार में लिप्त थाना क्षेत्र के ग्राम लोनावा दरगाह निवासी अशफाक, नियाज हुसैन पर संगठित गिरोह बनाकर अपराध का अभ्यस्त अपराधी होने का आरोप लगाते हुए गैंगेस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने तीनों के जमानत प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया। संवाद

# एसीएमओ की तहरीर पर नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

## पुलिस पर लगाया सहयोग न करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अवैध पैथालॉजी पर सरकारी सील लगा ताला तोड़कर चिकित्सा उपकरण उठा ले जाने के मामले में एसीएमओ की तहरीर पर 24 घंटे बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। पुलिस जांच करने की बात कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास कर रही है।

वहीं, एसीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सहयोग न करने का आरोप लगाया है।

बभनजोत विकासखंड के अल्लीपुर बाजार में संचालित इंडियन डाग्नोस्टिक सेंटर के नाम से संचालित अवैध पैथालॉजी से सरकारी सील लगा ताला तोड़कर फर्नीचर व चिकित्सा उपकरण निकाल लिया गया। रविवार को स्थानीय लोगों की सूचना पर स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे एसीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा को नया ताला लगा मिला। तहसीलदार परशुराम व अन्य अधिकारियों की अगुवाई में ताला तोड़कर अंदर देखा गया तो सील की गई पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, बफर सेट, मैनुअल माइक्रोस्कोप, लैब इक्यूबेटर सहित कई चिकित्सीय उपकरण व फर्नीचर गायब मिले।

एसीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर देने पर पुलिस की ओर से पूरे दिन आम फरियादी की भांति छकाया गया। बमुश्किल देर शाम तहरीर ली गई। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे हैं। खोड़ारे थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराई जा रही है। उसके बाद मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

### दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक में पति समेत सात पर मुकदमा

खरगूपुर (गोंडा)। शादी के सात साल बाद भी विवाहिता के मां न बनने और दहेज में दस लाख रुपये नकद व मोटरसाइकिल की मांग न पूरी होने पर पति ने पत्नी को तीन बार तलाक कहकर ससुराल से भगा दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति, सास, ससुर सहित सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मामला खरगूपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत विशुनापुर राजा पुरवा का है। गांव के अख्तर हुसैन ने अपनी पुत्री रुखसार सिद्दीकी की शादी करीब सात साल पूर्व इसी गांव में सरवर अली के पुत्र नोमान के साथ की थी। पांच लाख रुपये नकद के अलावा कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं दहेज के रूप में दी थीं।

इसके बावजूद ससुरालीजन 10 लाख रुपये व बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की। साथ ही अब तक बच्चा न पैदा होने को लेकर ताना देते रहे। रुखसार ने बताया कि 27 जुलाई को पति ने तीन बार तलाक कहकर उसकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी देते हुए ससुराल से भगा दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पति नोमान, ससुर सरवर, सास सरवरी, देवर सलमान, इमरान, ननद रुबीना तथा सीमा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# जालसाजी के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** कोतवाली नगर के सिविल लाइंस चौकी प्रभारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के इमरती विसेन गांव के रहने वाले विनोद व रामसिंगार ने अपने गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति की भूमि का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वैनामा करा लिया था। दोनों के खिलाफ कोतवाली नगर में जालसाजी का केस दर्ज कराया गया था। सोमवार को दोनों आरोपियों को बहराइच रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि पूर्व में विनोद के खिलाफ कोतवाली नगर में जालसाजी के चार व रामसिंगार के खिलाफ एक केस दर्ज हैं। संवाद

# बाइक सवार दो युवक घायल

**बभनान (गोंडा)।** सोमवार की शाम छपिया थाना क्षेत्र के संगवा निवासी विष्णु यादव अपने करीबी अर्जुन यादव निवासी ग्राम पूरा थाना खोड़ारे के साथ वभनान से वाजार कर वापस लौट रहे थे। फूलपुर तिराहे के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पान की गुमटी से जा टकराई। दोनों जमीन पर गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी इंचार्ज वभनान रजनीश द्विवेदी और हेड कांस्टेबल महेंद्र पासवान ने एंबुलेंस वुलाकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी छपिया भिजवाया। संवाद

# महिला समेत चार लोगों पर मारपीट का केस

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रुदगढ़नौसी के रहने वाले वच्चन मौया पत्नी स्वर्गीय सीताराम मौर्या ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके गांव के ही रहने वाले तुलाराम से भूमि विवाद चल रहा था। इसी को लेकर बीते 13 अगस्त की रात में तुलाराम अपने परिवार के लोगों के संग मिलकर उससे अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। वचाने दौड़ी बेटी रोशनी को भी मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने वताया कि वच्चन मौर्या की तहरीर पर तुलाराम, मन्ना मौर्य, प्रीति मौर्या व आदर्श मौर्या के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# पांच के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट

**मुजेहना (गोंडा)।** अदालत के आदेश पर एक महिला ने थाना धानेपुर में पांच लोगों के खिलाफ घर में घुसकर छेड़खानी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें पीड़िता ने वताया कि वह 05 सितंवर 2022 की रात करीव नौ वजे खाना खाने के वाद अपने घर में लेटी थी। तभी पांच लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ छेड़खानी कर जमीन का बैनामा करने का दवाव बनाने के लिए धमकाने लगे। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने वताया कि अदालत के आदेश पर वछईपुर निवासी नानवावू, जगदीश, लक्ष्मणपुर निकट सब्जी मंडी कोतवाली देहात निवासी अरुणेश मिश्र, दिनारा मोतीगंज निवासी शिवरतन पांडेय व दुर्जनुपर माफी मोतीगंज निवासी वावूराम के खिलाफ छेड़खानी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# भूमि विवाद में महिला पर हमला, गर्भपात

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार पर दर्ज किया मुकदमा

खरगूपुर (गोंडा)। भूमि विवाद को लेकर गर्भवती महिला पर हमला कर दिया गया। पेट में गंभीर चोट लगने से उनका। वो सात माह की गर्भवती थी। पीड़िता ने तीन महिला सहित चार आरोपियों के विरुद्ध हमला, जान से मारने की धमकी व अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के मौलागंज चौहट्टा गांव निवासिनी रंजना देवी पत्नी अमर सिंह ने सोमवार को थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया है कि वह घर पर अकेली रहती है और उनका परिवार बाहर प्रदेश में रहकर मजदूरी कर रहा है। आरोप है कि जमीन विवाद को लेकर 15 अगस्त को गांव के ही हेमराज गौतम, उसकी पत्नी ननका उर्फ रामा, बहन समुंद्रा व जुगरा ने एकसाथ उन्हें गाली व जान से मारने की धमकी दी थी। मना करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। पीछे से लात मार दिया, जिससे वो गिर गईं और उनके पेट में काफी चोटें आईं। उन्हें सीएचसी से जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने पीड़िता की जान तो बचा ली, लेकिन सात माह के बच्चे को नहीं बचा सके।

थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पति, पत्नी व उसकी दो बहनों के विरुद्ध हमला, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 5.72 एकड़ में बनेगी बैफल फायरिंग रेंज

संजय तिवारी

## फायरिंग रेंज न होने से सिपाही नहीं ले पा रहे प्रशिक्षण

### शासन के फरमान के बाद जमीन की तलाश में जुटा प्रशासन

गोंडा। संगीन लगी रायफलों पर अब सिपाहियों के हाथ सधेंगे और अचूक निशाने में माहिर होंगे। सालों से फायरिंग का अभ्यास न होने से उनके हाथ सही ढंग से असलहों पर नहीं बैठ पाते थे। थानों के मुआयने में यह बात कई बार सामने आ चुकी है कि अत्याधुनिक हथियार साधने के सलीके में कमी है। फायरिंग का अभ्यास नियमित रूप से न होना ऐसी स्थिति का अहम कारण बताया गया है। इसके लिए अब मंडल मुख्यालय पर बैफल फायरिंग रेंज की स्थापना होगी।



गोंडा का पुलिस लाइन मैदान। - संवाद

शासन के फरमान के बाद अब फायरिंग रेंज के लिए जमीन की तलाश शुरू हो गई है। 5.72 एकड़ भूमि की मांग है, जिसमें फायरिंग रेंज विकसित किया जाना है। वैसे तो तीन एकड़ में भी फायरिंग रेंज स्थापित किया जा सकता है, लेकिन पर्याप्त भूमि का प्रबंध होने से सिपाहियों को अन्य अभ्यास कराने में भी आसानी होगी।

फायरिंग रेंज पर करीब तीन करोड़ का बजट खर्च होना है। जमीन मिलने के बाद बजट तय होगा। मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह व अधिशाषी अभियंता नगर पालिका परिषद संजय मिश्र को संयुक्त रूप से शहर से आसपास क्षेत्रों में भूमि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। ताकि शासन को प्रस्ताव भेजा जा सके। (संवाद)

## दो दशक पहले छावनी सरकार का फायरिंग रेंज बंद

आजादी के पूर्व अंग्रेजों ने जिला कारागार के पीछे छावनी सरकार में फायरिंग रेंज तय कर रखा था। आजादी के बाद जिले की पुलिस भी 90 दशक तक उसका उपयोग करती रही। चांदमारी के नाम से मशहूर यह क्षेत्र अब आबादी से घिर गया है। यहां पर बिजली पावर हाउस की स्थापना भी हो गई है और फायरिंग रेंज से 33 हजार की लाइनें गुजरने लगीं है। इसके बाद यहां फायरिंग रेंज 20 साल पहले बंद कर दिया गया। इसके बाद से फायरिंग का अभ्यास भी बंद हो गया।

## पुलिस लाइन में टियर गन का ही हो पाता है अभ्यास

जिले में पहले की अपेक्षा सिपाहियों की संख्या में इजाफा हुआ है, अत्याधुनिक हथियारों से भी वे लैस किए गए हैं। सिपाहियों की वैसे तो हर शुक्रवार की सुबह परेड होती है और कई अवसरों पर अभ्यास भी कराया जाता है। जिसमें दंगा नियंत्रण अभ्यास पुलिस लाइन में होता है। अभ्यास के दौरान टियर गन, आंसू गैस व अन्य गतिविधियों तक ही सीमित रखा जाता है। अब फायरिंग रेंज होने से सहूलियत मिलेगी और पुलिस बल भी सशक्त बनेगा।

# सुलह कराने गए किसान को पीटकर मार डाला

## नवाबगंज के लोलपुर में बिहार के श्रमिकों में हो रहा था विवाद

**शांत कराने गए किसान को घेरकर मारा, अयोध्या के राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ा**

**पुलिस ने बेटे की तहरीर पर दर्ज किया हत्या का मुकदमा, जांच शुरू**

संवाद न्यूज एजेंसी

नवाबगंज (गोंडा)। झगड़े में बीच-बचाव करने गए अधेड़ किसान को मजदूरों ने सरिये से पीटकर मरणासन्न कर दिया। गंभीरावस्था में किसान को अयोध्या के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी दो फरार हैं।



सरदार सिंह। (फाइल फोटो)

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव में सड़क के किनारे बने एक घर में बिहार से आए मजदूर रहकर मजदूरी करते हैं। रविवार को देर रात वे मजदूर आपस में झगड़ा करने लगे। तेज आवाज सुनकर बगल के घर में रह रहे सरदार सिंह (55) मौके पर पहुंचकर झगड़ा छुड़ाने लगे।

वे सभी को समझा ही रहे थे कि इसी दौरान मारपीट पर उतारू तीनों मजदूरों ने सरदार पर हमला कर दिया और लोहे की सरिया से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने लहूलुहान अवस्था में मरणासन्न पड़े सरदार सिंह को अयोध्या के श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दर्शननगर स्थित राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। किसान के परिवार के साथ गांव में भी हाहाकार मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वारदात की सूचना मिलते ही देर रात तरबगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय तलवार और नवाबगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के बेटे के तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



नवाबगंज के लोलपुर गांव में सरदार सिंह की हत्या के बाद रोते-बिलखते परिजन। - संवाद



कुर्सी के पास पड़ा खून। - संवाद

### हत्याकांड का मुख्य आरोपी संतोष गिरफ्तार

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर के रहने वाले सरदार सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी संतोष कुमार निवासी चैनपुर थाना मीनापुर मुजफ्फरपुर बिहार को सोमवार की सुबह पुराने सरयू पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मजदूरों के बीच विवाद के दौरान हुई झगड़े का निपटारा करने गए सरदार सिंह को आरोपी संतोष कुमार ने साथियों संग मिलकर मरणासन्न कर दिया था। जिससे उनकी मौत हो गई थी। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही, जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी पकड़ से दूर हैं। उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर नवाबगंज पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# सड़क पटरियों पर अतिक्रमण प्रशासन का नहीं जा रहा ध्यान

- सड़क सुरक्षा रैली को विधायक ने दिखाई झंडी
- जीजीआईसी की उमरा को मिला तीसरा स्थान

तुलसीपुर, संवाददाता। स्थानीय मिल चुंगी नाका चौराहे पर सब्जी विक्रेता सड़क पर चारों तरफ ठेला खड़ा कर अतिक्रमण कर रखे हैं। जिससे पैदल राहगीरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई न करते हुए जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

सड़क पटरियों पर अतिक्रमण के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कोई ऐसा दिन नहीं जाता जिस दिन किसी बाइक सवार से ठेला व रेहड़ी वालों से कहासुनी न हो। कुछ भी बोलने पर उल्टे ठेला व रेहड़ी वाले झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। वहीं चौराहे के निकट 112 नम्बर की गाड़ी हमेंशा खड़ी रहती है।

बावजूद अतिक्रमणकारियों कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसी चौराहा बघेलखंड, जरवा, तुलसीपुर नगर व लाल चौराहा मार्ग को जोड़ता है। अब्दुल हाई, जगदीश प्रसाद, जयेश कुमार, रमन कुमार, चंद्र प्रकाश आदि स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारी से सड़क पटरियों से अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है।

रामधुन एवं राज्याभिषेक किया गया। भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार किया

**बलरामपुर**। थाना पचपेड़वा पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक हरीश शुक्ल ने बताया कि सुरेश, बजरंगी, शंभू व चिनके न्यायालय से वांछित अभियुक्त थे जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# साइकिल चोरी के आरोपी को पकड़ा

ललिया। थाना ललिया पुलिस ने एक अदद चोरी की साइकिल के साथ वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना ललिया प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि छोटकन पासवान ने गत दिनों साइकिल चोरी होने का अभियोग पंजीकृत कराया था।

# गला दबाकर हुई थी शहनाज की हत्या

## इमलिया बक्सरिया गांव में हुई हत्या मामले में हुआ खुलासा, आक्रोशित परिजनों ने नहीं दफनाया शव

**आक्रोश**

उतरौला, संवाददाता। उतरौला कोतवाली क्षेत्र के इमलिया बक्सरिया गांव में बीते शनिवार को हुई विवाहिता की मौत प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार नहीं किया है।

परिजनों का कहना है कि जब तक दहेज हत्या करने वाले ससुरालियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक शव को सुपुर्द-ए-खाक नहीं किया जाएगा। सोमवार देर शाम तक स्थानीय थाने की पुलिस परिजनों का मान मनौव्वल करती रही फिर भी लोग नहीं माने। वहीं दूसरी शहनाज के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसका गला दबाकर मारने की पुष्टि हुई है। मामला बीते शनिवार का है। कोतवाली उतरौला क्षेत्र के इमलिया बक्सरिया गांव निवासिनी शहनाज बानो (24) पत्नी अशरफ की मौत हो गई थी। घटना दिन में तीन बजे की थी। आरोप है कि ससुरालीजनों ने शहनाज को दहेज के लिए बुरी तरह से मारा पीटा था। मारपीट के दौरान ही शहनाज बेहोश हो गई थी। बेहोशी के हालत में उसके ससुर असलम उसे उतरौला के निजी चिकित्सालय में लेकर गए। जहां पर उसकी हालत देखकर निजी चिकित्सक ने उसे सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महिला के ससुर असलम उसे उतरौला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। शहनाज को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जिसके कारण सीएचसी उतरौला से उसे जिला चिकित्सालय बलरामपुर भेजा गया। बलरामपुर से उसे गंभीर बताते हुए बहराइच रेफर कर दिया गया। बहराइच जिला अस्पताल में रात नौ बजे शहनाज की मौत हो गई। वहीं पर उसका पोस्टमार्टम भी हुआ।



मृतका शहनाज के मायके के बाहर जुटी लोगों की भीड़

> "शहनाज के ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शहनाज के गले पर गहरे निशान पाए गए हैं। जिससे प्रतीत होता है कि उसकी हत्या गला दबाकर की गई होगी।
>
> केशव कुमार, एसपी

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आक्रोशित हुए परिजन

बहराइच में मृतका शहनाज का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतका के चाचा मो. सलीम के मुताबिक रिपोर्ट में उसके गले व शरीर पर कई चोटों के निशान मिले हैं। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि शहनाज के साथ उसके ससुरालीजनों ने बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया था। सलीम का कहना है कि रविवार रात दस बजे के बाद उन्हें शहनाज का शव मिला। वह लोग उसे लेकर उतरौला पहुंचे। इमलिया बक्सरिया गांव में ही शहनाज बानो का मायका व ससुराल दोनों है। घर पर शहनाज का शव पहुंचते ही परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। शहनाज के मायके के लोगों का कहना था कि जब कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो जाती है तब तक उसका अंतिम संस्कार नही किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक मृतका का अंतिम संस्कार नहीं हो सका था।

### मामले में पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज हुआ है मुकदमा

शहनाज बानो के मौत प्रकरण में उसके पति अशरफ अली, ससुर असलम, सास, ननद व देवर कुल पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। सूत्रों के हवाले से यह पता चला है कि सभी आरोपी पुलिस के हिरासत में हैं। पुलिस मंगलवार को घटना का खुलासा कर सकती है। उतरौला के इंस्पेक्टर क्राइम आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वह देर शाम तक घटना स्थल पर मौजूद थे।

### कई लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ

सूत्र बताते हैं कि शहनाज की मौत गला दबाने से हुई है। ऐसा उसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है। पुलिस के आला अधिकारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी उनके पास आई है। जिसमें गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। सम्पूर्ण प्रकरण की जांच की जा रही है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अपने अंतिम परिणाम पर पहुंच गई है। मंगलवार को घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

बजे तक एसएसबी लाइन को कटोता रिकार्ड से गायब है।

# 18 घंटे में चोरी की राजफाश

संवादसूत्र, ललिया : चोर को दबोच कर ललिया थाना की पुलिस ने 18 घंटे में चोरी का राजफाश करने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि धमाचौरी निवासी छोटकन पासवान ने 20 अगस्त को साइकिल चोरी होने की तहरीर दी थी। सोमवार को सतरहिया निवासी नाथू राजभर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मनचलों से डरें नहीं, डटकर करें मुकाबला

रेहरा बाजार। छात्राएं व महिलाएं मनचलों से डरने के बजाए उनका डटकर मुकाबला करें। पुलिस उनके सहयोग व सेवा के लिए सदैव तत्पर रहती है। यह बात सोमवार को रेहरा बाजार में एंटी रोमियो टीम की तरफ से आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अफसरों ने कही।

उन्होंने महिलाओं को आत्मरक्षा के टिप्स देते हुए यौन उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं को यूपी डायल 112, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन व साइबर अपराध से बचने के बारे में भी जानकारी दी गई। (संवाद)

# त्रिनेत्र मित्र को किया सम्मानित

रेहराबाजार। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवाने वाले 2 त्रिनेत्र मित्र को पुलिस प्रशासन ने सम्मानित किया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम सभा बूधीपुर के रजाजामा मस्जिद के प्रबंध समिति के सहयोग से 9 कैमरा तथा अचलपुररूप में यादव भटठा पर दो सीसीटीवी कैमरा लगवाए गए हैं। इसकी निगरानी से क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी तरह से रोक लग सकेगी। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में सात का चालान

बलरामपुर। अलग अलग थानाक्षेत्रों में शांतिभंग की आशंका में सात आरोपियों का चालान किया है। उतरौला कोतवाली की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में दो लोगों का, रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने चार लोगों व तुलसीपुर थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। जबकि गैड़ास बुजुर्ग थाने की पुलिस ने विभिन्न मामलों में वारंटी दो आरोपियों को को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रफीउल्लाह व अतहर निवासी कंचनपुर थाना गैड़ास बुजुर्ग के रूप में हुई है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-22-08-2023

हिन्दुस्तान

# सरहद पर 81 लाख की ब्राउन शुगर बरामद

**तस्करी**

रुपईडीहा, संवाददाता। रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने भारत नेपाल सरहद पर सोमवार की भोर में एक अंतर्राष्ट्रीय नेपाली तस्कर को धर दबोचा। उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद की गई है। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 81 लाख रुपये आंकी गई है।

एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि रुपईडीहा एसएचओ शमशेर बहादुर सिंह को भनक लगी कि सरहद पर तस्करों की गतिविधियों को देखा गया है। एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी व सीओ नानपारा राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में एसआई अश्विनी कुमार पांडेय, मुख्य सिपाही अभिषेकधर द्विवेदी, सिपाही निरुपम दुबे, एसएसबी रुपईडीहा बीओपी के एएसआई विप्लव कुमार घोष, मुख्य सिपाही चंद्र प्रताप सिंह, सय्यद गुमला मुर्तजा सोमवार की भोर में गश्त पर थे। रुपईडीहा के पूरब नो मैन्स लैंड पर नेपाली इलाके में बनी मजार के पास नेपाल की ओर जा रहे इस युवक को पकड़ कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसकी पैंट की जेब से 85 ग्राम ब्राउन बरामद हुई। युवक की पहचान अशोक तिरूवा पुत्र रंगे तिरूवा निवासी ग्राम सिन्ना थाना नाराकत जिला जुम्ला राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। पूछताछ में युवक ने बताया कि ब्राउन शुगर रुपईडीहा से ही खरीद कर अपने जिले में ले जा रहा था। युवक के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्तान

# आवारा मवेशियों से निजात को नहीं उठे कदम

**ज्ञापन**

पयागपुर, संवाददाता। बेसहारा मवेशियों से परेशान किसानों ने सोमवार को तहसील परिसर में धरना शुरू कर दिया है। 20 दिन पहले घूम रहे गोवंशों को संरक्षित करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। किसानों का कहना है कि जब तक गोशाला मवेशी नहीं भेजे जाएंगे, वे लोग धरना जारी रखेंगे।

पयागपुर क्षेत्र में छुट्टा मवेशियों को



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान।

लेकर 20 दिन पूर्व किसान राम सजन गोस्वामी धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने छुट्टा मवेशियों को पकड़ने के लिए आमरण अनशन शुरू कर दिया था। एसडीएम के आश्वासन पर आमरण अनशन खत्म कर दिया था। इसके बाद भी छुट्टा मवेशी पकड़े नहीं गए। जिस पर सोमवार को भारतीय किसान विकास पार्टी के बैनर तले सजन गोस्वामी अन्य किसानों के साथ धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में बने गोशाला में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

मवेशी पकड़कर बांधे नहीं जा रहे हैं। क्षेत्र में छुट्टा मवेशी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। धरने पर बैठे किसानों को मनाने के लिए तहसीलदार मौके पर पहुंचे। किसानों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।

हिन्दु

# देशी शराब बरामद तस्कर गिरफ्तार

बहराइच। रुपईडीहा थाने की पुलिस ने भारत- नेपाल सरहद पर एक तस्कर को पकड़ा है। रुपईडीहा /बाबागंज संवाद के अनुसार नेपाल से भारी मात्रा में कच्ची व सीसी बंद शराब ला रहे एक युवक को जंगल के पास छिपे बैठे सिपाहियों ने गिरफ्तार कर लिया। रुपईडीहा थाना इलाके के दरोगा कृष्ण कुमार सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर निकले थे। भगवानपुर करिंगा वन चौकी के पास से गुजर रहे एक युवक को रोका। सामान की तलाशी ली। बोरे के अंदर 40 लीटर कच्ची शराब व नेपाली 30 पौव्वा नेपाली कर्णाली सौफी ब्रांड शराब बरामद हुई। युवक की पहचान जिगरिया रामपुर मुन्ना पाठक गांव निवासी रामकुमार उर्फ लिलऊ सोनकर के रूप में हुई।

# बीडीओ के खिलाफ खोला मोर्चा, प्रदर्शन

**खैरीघाट (बहराइच)।** ब्लॉक शिवपुर में तैनात बीडीओ अमन कुमार की कार्यप्रणाली से नाराज प्रधानों व विधायक ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर बीडीओ को हटाने की मांग की है।

शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय पर सोमवार को जलजीवन मिशन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नानापारा के विधायक राम निवास वर्मा (अपना दल-एस) थे। कार्यक्रम में विधायक के बुलाने पर बीडीओ अमन कुमार सभागार में नहीं आए। इससे नाराज ग्राम प्रधानों ने समर्थकों के साथ हंगामा किया। चेतावनी दी कि अगर बीडीओ नहीं हटाए गए तो प्रधान आत्मदाह कर लेंगे। वहीं विधायक ने डीएम को फोन करके बीडीओ पर कार्रवाई करने को कहा है। -संवाद

# स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

संसू, रुपईडीहा( बहराइच) : पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त गश्त करते हुए भारत-नेपाल सीमा पर तस्कर को गिरफ्तार कर 85 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामद स्मैक को सीज कर तस्कर को न्यायालय भेजा गया। एसपी प्रशांत वर्मा के निर्देशन में सोमवार को उप निरीक्षक अश्विनी कुमार पांडेय और एसएसबी के एएसआइ विप्लव कुमार घोष की टीम रुपईडीहा में मजार के पास जाने वाले मोड़ पर पहुंची। यहां से अशोक तिरुवा निवासी सिन्ना थाना नाराकत जिला जुमला नेपाल को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 85 ग्राम स्मैक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पंचायत भवन से हजारों का सामान चोरी

संवाद सूत्र, नानपारा (वहराइच) : चोरों ने पंचायत भवन में धावा बोलकर हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। ग्राम पंचायत बलहा के प्रधान मोहम्मद कलीम ने कोतवाली में तहरीर दी।

बताया कि रात में चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़ दिया। उसमें रखा इन्वर्टर, बैट्री, एलसीडी, कैमरा, सेट टाप बाक्स, वाईफाई, कुर्सियों समेत अन्य सामान चोर उठा ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चचेरी बहन की चाकू से गोदकर हत्या, आरोपित की तलाश

## देर शाम स्वजन के विवाद में बीच-बचाव करने आई थी, मुकदमा

संवाद सूत्र, मोतीपुर (बहराइच) : विश्राम गांव में विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आई बहन की चचेरे भाई ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घटना से स्वजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम आरोपित की तलाश में छापेमारी कर रही है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के विश्राम चमारनपुरवा निवासी ननकू और उनके भाई कुन्नी प्रसाद के बीच रविवार देर शाम विवाद हो गया था। मामला तूल पकड़ने पर बीच-बचाव कराने ननकू की बेटी अनीता आ गई। इससे नाराज चचेरे भाई श्रीराम ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से वह जख्मी हो गई। उसे जब तक अस्पताल ले जाने की तैयारी की जाती, तब तक उसकी मौत हो गई।



मोतीपुर इलाके के विश्राम गांव में घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी प्रशांत वर्मा • जागरण

ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी थानाध्यक्ष अफजल पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे।

प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पारिवारिक विवाद में चचेरे भाई ने बहन की चाकू से गोदकर हत्या की है। आरोपित मौके से फरार हो गया है। मृतका के पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। एसपी प्रशांत वर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। उनके साथ एएसपी डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी व सीओ मिहींपुरवा राहुल पांडेय भी थे। उनके निर्देश पर देर रात फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य का संकलन किया। एसपी ने स्वजन से घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए।

# प्रधानों का बीडीओ के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

संसू, शिवपुर (बहराइच) : ब्लाक सभागार में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ के न पहुंचने से ग्राम प्रधान भड़क गए। प्रधानों ने बीडीओ के विरुद्ध नारेबाजी कर धरना-प्रदर्शन किया। इस मामले को लेकर विधायक रामनिवास वर्मा ने जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को लेकर जिलाधिकारी से आपत्ति दर्ज कराई।

जल जीवन मिशन का दो दिवसीय प्रशिक्षण ब्लाक सभागार में आयोजित था। विधायक रामनिवास वर्मा भी आमंत्रित थे। सूचना के बाद भी खंड विकास अधिकारी अमन कुमार सभाकक्ष में नहीं पहुंचे। यह बात प्रधानों को नागवार गुजरी। इसके बाद प्रधानों ने आंदोलन शुरू कर दिया। विधायक का अपमान नहीं सहेंगे जैसे नारे लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रधान बेहड़ा रविप्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू सिंह तथा प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसेनी की अगुवाई में ब्लाक



विकास खंड मुख्यालय शिवपुर के सामने धरने पर बैठे प्रधानों से बात करते खंड विकास अधिकारी अमन कुमार ● जागरण

मुख्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। देखते ही देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई।

विधायक मौके पर आए और उन्होंने खंड विकास अधिकारी का स्थानांतरण करवाने का आश्वासन दिया, तब प्रधानों का धरना समाप्त हुआ। बीडीओ के स्थानांतरण कराने के आश्वासन के बाद प्रधानों का गुस्सा शांत हुआ, हालांकि खंड विकास अधिकारी अमन कुमार ने बताया कि उनकी आनलाइन मीटिंग चल रही थी, इसलिए वे सभागार में नही पहुंच सके थे।

**शराब बरामद** – रुपईडीहा : पुलिस ने भगवानपुर करिंगा वन विभाग चौकी के पास से सोमवार को रामकुमार उर्फ लिलऊ सोनकर निवासी जिगरिया रामपुर मुन्नापाठक के कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब व 30 शीशी नेपाली कर्णाली सौफी बरामद की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय भेज दिया गया ।(संसू)

# 81 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रुपईडीहा। नेपाल सीमा पर रविवार रात स्मैक ला रहे एक तस्कर को पुलिस व एसएसबी ने दबोच लिया। अभियुक्त के पास से 85 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 81 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ रविवार को पुलिस व एसएसबी को बड़ी सफलता हाथ लगी। रुपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार रात टीम भारत-नेपाल सीमा पर गश्त कर रही थी। जमुनहा गांव के पास मजार जाने वाले बार्डर मोड़ से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तस्कर की पहचान नेपाल के जुमला निवासी अशोक तिरुवा के रूप में हुई है। -संवाद

# सफाई कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार



बहराइच में सीएमओ आवास के बाहर प्रदर्शन करते मेडिकल कॉलेज के सफाईकर्मी।

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**बहराइच।** मेडिकल कॉलेज के सफाई कर्मचारियों ने बिना कारण बताए हटाने का आरोप लगाया है। नाराज कर्मचारियों ने सोमवार को चार घंटे कार्य बहिष्कार कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर न्याय दिलाने की मांग की है।

सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने लिखा है कि वह लोग प्राइम क्लीनिंग कंपनी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज में कार्य कर रहे हैं।

## बिना कारण बताए कंपनी पर हटाने का आरोप, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कंपनी के सुपरवाइजर ने सोमवार को बिना कोई कारण बताए कार्य करने से मना कर दिया। यदि उन्हें हटा दिया गया तो उनकी जीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा। इस अवसर पर भूरेलाल, अमरनाथ, अशोक सरोज, अमित, प्रदेश, नीरज सिंह, अमित कुमार, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2023

# व्यापारी प्रतिष्ठानों पर लगवाएं कैमरे

श्रावस्ती। व्यापारियों की समस्या जानने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने व्यापारियों की समस्या सुनी और समाधान का भरोसा दिया। साथ ही प्रतिष्ठानों में सीसीटीबी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव सबसे पहले व्यापारियों से उनकी समस्या सुनी। इस पर व्यापारियों की ओर से कस्बा तथा बैंकों के आस-पास लगने वाले जाम, अतिक्रमण व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया। एएसपी ने व्यपारियों को पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।

# चरस के साथ दो आरोपी पकड़े गए

श्रावस्ती। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चरस बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वांछित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया। सोनवा थाने के प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह को सोमवार को मुखबिर ने सूचित किया कि दो व्यक्ति संदिग्ध वस्तु के साथ नासिरगंज स्थित सेठ प्रभु दयाल मेमोरियल इण्टर कालेज के पास मौजूद हैं। तलाश में दोनों के कब्जे से एक किलो 35 ग्राम चरस बरामद हुआ। बरामद चरस को जब्त कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### रविवार रात और सोमवार सुबह अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाएं

# सड़क हादसों में डेढ़ दर्जन घायल

- श्रावस्ती के कटरा में ट्रक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, नौ लोग घायल
- सिरसिया थाने के महासेमरा के पास बाइकों में टक्कर पांच लोग घायल

**रफ्तार की मार**

श्रावस्ती-इकौना, संवाददाता। रविवार देर रात व सोमवार सुबह चार अलग अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए जिसमें से सात गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नवीन माडर्न थाने के कटरा में हुई सड़क दुर्घटना में नौ लोग घायल हो गए।

थाना इकौना मोहल्ला कबीर नगर निवासी मनोज पांडेय पुत्र काशीनाथ 30 वर्ष, मोहल्ला तिलक नगर निवासी आलोक पुत्र समय प्रसाद, अन्नू पुत्र राम जी 21वर्ष, लल्लू पुत्र राम जी 18 वर्ष, मोहल्ला लाजपत नगर निवासी राजकुमार सोनी पुत्र नंदकिशोर उम्र 27 वर्ष, इकौना देहात निवासी सोनू तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश 28 वर्ष, ग्राम इटवारिया निवासी प्रदीप पुत्र राम अभिलेख 35 वर्ष व ई रिक्शा चालक कोतवाली नगर बलरामपुर निवासी संतराम पुत्र रघुनाथ उम्र लगभग 47 वर्ष ई- रिक्शा में बैठकर बलरामपुर से देर रात करीब तीन बजे इकौना आ रहे थे। विपस्यना सेंटर श्रावस्ती के सामने पीछे से आ रे ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। इससे ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। ई रिक्शा सवार सभी नौ लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी इकौना पहुंचाया गया। जहां से ई रिक्शा चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



महासेमरा के पास हुई दुर्घटना में सड़क पर गिरे घायल।

इसी तरह से जनपद बलरामपुर कोतवाली नगर मोहल्ला गोविंद बाग निवासी सिराज उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र इस्माइल किसी काम से वीरपुर गया था। घर वापस जाते समय परशुरामपुर बाजार में सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। इससे सिराज व दूसरी बाइक सवार भटपुरवा कलां.निवासी जीतेंद्र वर्मा उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र अटल बिहारी घायल हो गए। दोनो घायलों को एंम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी तरह से बलरामपुर थाना कोतवाली देहात ग्राम ढोंढरी निवासी राजेश पुत्र सुंदर उम्र लगभग 28 वर्ष भाई की लड़की रीना पत्नी राजेश उम्र लगभग 20 वर्ष व उसकी दो वर्षीय बच्ची को लेकर घर जा रहा था।

मोहनीपुर तिराहे के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे तीनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कोतवाली भिनगा के गोड़पुरवा निवासी विजय कुमार पुत्र जोखू, संदीप कुमार पुत्र इंद्रजीत व मुलायम पुत्र सूबेदार सोमवार सुबह बाइक से सिरसिया इलाके के विभूतिनाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने गए थे। जल चढ़ाने के बाद तीनों घर लौट रहे।

इस दौरान कोतवाली भिनगा के ही दत्तनगर निवासी आशीष कुमार व एक और युवक के साथ विभूतिनाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने जा रहे थे। महासेमरा गांव के पास पहुंचते ही दोनों की बाईकों में टक्कर हो गई। हादसे में सभी घायल हो गए। एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया। दो घायलों की हालत नाजुक थी। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया है।

# गांव जाकर सर्वे टीम ने सत्यापन किया

श्रावस्ती। सीमा सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से भारत नेपाल सीमा के 72 गांवों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिसके लिए सुरक्षा सर्वे टीम का गठन किया गया। सोमवार को सर्वे टीम में शामिल प्रभारी एएचटीयू निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय, आरक्षी देवेन्द्र कुमार मौर्य, आरक्षी संचित शुक्ला, महिला आरक्षी सीमा देवी के साथ ही सिरसिया थानाध्यक्ष विशुन देव पांडेय ने सीमावर्ती गांव नंदनगर भेला में पहुंच कर भौगोलिक सत्यापन किया।

# गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने 900 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सोमवार को इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विश्वेश्वर गंज रोड स्थित मध्यनगर मनोहरपुर के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 900 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी की पहचान शिवराम निवासी मध्यनगर मनोहरपुर थाना इकौना के रूप में हुई।

# एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय भिनगा में जनता दर्शन के तहत एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को समस्या सुना। इस दौरान उनके सामने छह भूमि विवाद, पांच पारिवारिक व दस अन्य विवाद से संबंधित मामले आए। जिसके निस्तारण के लिए एसपी ने संबंधितों को निर्देशित किया। संवाद

# जमानत याचिका खारिज

**श्रावस्ती।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने बहराइच के थाना नवाबगंज क्षेत्र के छेदा गांव निवासी इम्तियाज खान को हसनपुर गांव से गिरफ्तार किया था। उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम चरस बरामद हुई थी। इम्तियाज ने विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुदामा प्रसाद के न्यायालय पर जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिसका विशेष अभियोजक द्विजेंद्र कुमार मिश्रा व अरुण कुमार सिंह ने विरोध किया था। इसके बाद सोमवार को न्यायाधीश ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी। (संवाद)

# एसपी ने सुनीं शिकायतें

श्रावस्ती : एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से छह भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व 10 शिकायतें अन्य विवाद से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

# 1035 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संसू, श्रावस्ती : सोनवा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रभू दयाल मेमोरियल इंटर कालेज-नासिरगंज मार्ग पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके कब्जे से चरस बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में सोनवा थाने के प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान प्रभू दयाल मेमोरियल इंटर कालेज-नासिरगंज मार्ग से महादेवा नासिरगंज निवासी विनोद को 415 ग्राम चरस व रामसूरत को गिरफ्तार कर 620 ग्राम चरस बरामद की। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह तोमर, फारुक अहमद व परविंद कुमार शामिल रहे।

# भिनगा में बनेगा साइबर थाना

**श्रावस्ती।** भिनगा में जल्द ही साइबर थाने का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जिला पुस्तकालय के सामने से जाने वाले मार्ग के अंतिम छोर पर भूमि का चयन किया गया है। जिले में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस कार्यालय में साइबर सेल गठित किया जा चुका है। जिसके प्रभारी रामपाल यादव हैं। संवाद

सोमवार को न्यायाधीश ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी। (संवाद)

# एसपी ने की व्यापारियों संग बैठक

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय भिनगा में सोमवार को एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने व्यापारियों के साथ मासिक बैठक की। एएसपी ने व्यापारियों को अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व गार्ड तथा चौकीदार का पुलिस वेरिफिकेशन कराने का निर्देश दिया। वहीं सीओ नगर अतुल कुमार चौबे ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

# गोंडारी में तैयार हो रहा अग्निशमन केंद्र

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** जिले में अग्निकांड की घटनाओं में विराम लगाने के लिए जल्द ही भिनगा पर निर्भरता घटेगी। इसके लिए जहां गोंडारी में अग्निशमन केंद्र बनवाया जा रहा है। वहीं इकौना व जमुनहा में भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जबकि सिरसिया में चयनित भूमि पर अग्निशमन केंद्र निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने की तैयारी की जा रही है।

तीन तहसील, नौ थाना व पांच विकासखंड वाले इस जिले की कुल आबादी साढ़े तेरह लाख है। जिले की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि जिले को राप्ती नदी व जंगल दो भागों में बांटते है। इनमें से जमुनहा व इकौना तहसील क्षेत्र के एक तिहाई से अधिक गांव राप्ती नदी पार पड़ते हैं। वहीं भिनगा तहसील व सिरसिया विकास क्षेत्र जंगल पार पड़ता है। अब तक मात्र भिनगा में ही अग्निशमन केंद्र संचालित है। जबकि अस्थायी रूप से इकौना में अग्निशमन वाहन व कर्मियों को तैनात किया गया है। लेकिन अब जल्द ही इस समस्या से निजात मिलने वाली है। इसके लिए जहां बौद्ध परिपथ के किनारे गिलौला के गोंडारी गांव में अग्निशमन केंद्र निर्माण का कार्य जारी है। वहीं जमुनहा व इकौना में अग्निशमन केंद्र निर्माण के लिए स्वीकृति मिलने के साथ ही भूमि चयन प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।



गिलौला के गोडारी में हो रहा अग्निशमन केंद्र का निर्माण। -संवाद

सिरसिया के निरालानगर में चयनित भूमि पर अग्निशमन केंद्र निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति मांगी गई है। एक तरफ जहां जून 2024 तक गोंडारी में अग्निशमन केंद्र का संचालन प्रारंभ हो सकता है। वहीं संभव है बरसात बाद इकौना व जमुनहा में अग्निशमन केंद्र निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाए।

ऐसा हुआ तो अग्निकांड की घटनाओं को रोकने में भिनगा पर निर्भरता कम होगी। कम समय में अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंच जन व धनहानि रोकने में सफल होंगे।